ARBIT


जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot




**If only... Lessons From Life** This is not dissimilar to the feeling he has after an alcoholic binge with lot of salty snacks thrown in. But the last such party was three days ago, he reasons with himself.

**Twist Me Pretty**

**WORK-LIFE: Religious Discrimination**

# हिज़ाब पर फैसला देने वाले जजों को ''वाई'' कैटेगिरी की सुरक्षा

## सोशल मीडिया के मार्फत कर्नाटक हाई कोर्ट के तीनों न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकियां मिलीं

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा कि, सरकार जजों को हर मुमकिन सुरक्षा मुहैया करायेगी।
- उल्लेखनीय है कि, तमिलनाडु तौहीद जमात के नेता कोवई रहमतुल्लाह ने गत गुरुवार को मदुरई में एक सभा को संबोधित करते हुए न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी दी थी।

बेंगलुरु, 20 मार्च (वार्ता)। कर्नाटक में हिज़ाब मामले में फैसला देने वाले कर्नाटक हाई कोर्ट के जजों को जान से मारने की धमकियां मिलने लगी हैं। जजों की सुरक्षा के मामले में तत्काल एक्शन लेते हुये कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि, राज्य सरकार हिज़ाब मामले में याचिकाएं खारिज करने वाले मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी सहित तीन न्यायाधीशों को वाई. श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री बोम्मई ने बैंगलुरु में संवाददाताओं से कहा, ''सरकार ने हिज़ाब पर फैसला सुनाने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के तीनों न्यायाधीशों को वाई. श्रेणी सुरक्षा देने का फैसला किया है।''

रहमतुल्लाह का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें तौहीद जमात के नेता को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि जैसे झारखंड के एक न्यायाधीश की हत्या हुई थी, वैसे ही कर्नाटक के न्यायाधीशों को हिज़ाब के फैसले पर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस महानिदेशक को फौरन मामले की जांच कर आरोपी को हिरासत में लेने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, ''हम राष्ट्र-विरोधी लोगों के ऐसे राष्ट्र-विरोधी कामों को सहन नहीं कर सकते। हमें इस कृत्य को रोकना होगा।''

बोम्मई ने कहा कि एक विशेष समुदाय की आक्रामकता का समर्थन करना धर्म-निरपेक्षता नहीं बल्कि साम्प्रदायिकता है। उन्होंने कहा, ''कृपया चुप्पी तोड़ें और इस कृत्य की निंदा करें। हमें एक साथ खड़े होकर इसका विरोध करना है। न्यायपालिका की बदौलत ही कानून व्यवस्था काम कर रही है। अगर हम इसकी निंदा नहीं करते तो इससे देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर प्रभाव पड़ेंगे।''

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कक्षा में हिज़ाब प्रतिबंध के विरोध में दायर की गई कई याचिकाओं को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया था कि हिज़ाब अनिवार्य धार्मिक परंपरा नहीं है।तमिलनाडु पुलिस ने शनिवार को रहमतुल्लाह को तिरुनेलवेली और जमाल मोहम्मद उस्मानी को थंजावुर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने टी.एन.टी.जे. के मदुरई जिलाध्यक्ष हबीबुल्लाह और उपाध्यक्ष असन बतशाह के खिलाफ सभा आयोजित करने के लिए मामला दर्ज किया है।

इसी बीच, बेंगलुरु पुलिस ने कल रहमतुल्लाह के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की। सुधा कटवा नामक एक वकील ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि उनके सहकर्मी एस ऊमापति ने उन्हें व्हाट्सऐप पर तमिल भाषा में एक वीडियो भेजा जिसमें हिज़ाब मामले में फैसले को लेकर कर्नाटक के मुख्य न्यायाधीश और दो अन्य न्यायाधीशों को मौत की धमकी दी जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह वीडियो तमिलनाडु की एक जनसभा का है जहां रहमतुल्लाह झारखंड में एक न्यायाधीश की हत्या का हवाला दे रहा है। वह कर्नाटक के मुख्य न्यायाधीश को धमकी देते हुए कह रहा है कि लोगों को पता है कि वह सुबह सैर करने कहां जाते हैं। दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट के वकील उमापति को सोशल मीडिया पर एक वीडिया मिला है। जिसमें एक व्यक्ति कहता सुनाई दे रहा है कि हम जानते हैं कि चीफ जस्टिस मॉर्निंग वॉक के लिए कहां जाते हैं। इसके तुरंत बाद ही वकील ने रजिस्ट्रार को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वकील उमापति ने रजिस्ट्रार को लिखी चिट्ठी में बताया कि, उन्हें सुबह करीब पौने दस बजे ''वॉट्सऐप'' पर एक वीडियो मिला।

यह वीडियो तमिल भाषा में है। वीडियो में हिज़ाब विवाद पर फैसला सुनाने वाले जजों और कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की हत्या करने की बात कही गई है। वीडियो में आरोपी ये कहकर धमकी दे रहा है कि लोगों को पता है कि चीफ जस्टिस मॉर्निंग वॉक के लिए किस समय और कहां जाते हैं। इसके अलावा हिज़ाब विवाद पर फैसला सुनाने वाले बाकी दो जजों को भी लगातार धमकियां मिल रही हैं।

## जजों को धमकी देने वाले दो गिरफ्तार

चेन्नई, 20 मार्च (वार्ता)। तमिलनाडु पुलिस ने हिज़ाब पर फैसला सुनाने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि कोवई रहमतुल्लाह

- कर्नाटक पुलिस ने तमिलनाडु तौहीद जमात के नेता कोवई रहमतुल्लाह को गिरफ्तार किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एन. बीरेन दोबारा मणिपुर के मु.मंत्री होंगे

इम्फाल, 20 मार्च (वार्ता)। नोंगथोम्बम बीरेन सिंह को रविवार को सर्वसम्मति से मणिपुर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद इस पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

- केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में मणिपुर के भाजपा नेताओं ने एन. बीरेन को विधायक दल का नेता चुना।

# श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भण्डार पूरी तरह से खाली हुआ

## आर्थिक तंगी के कारण पेपर आयात नहीं कर पाने की स्थिति में पहुँचा श्रीलंका, सभी कक्षाओं की परीक्षाएं रद्द हुईं

- बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि, देश में जरूरी वस्तुओं को खरीदने के लिए धन की भारी कमी है। इसके कारण देश में भोजन, तेल और दवाओं की काफी कमी हो गयी है।
- श्रीलंका में पैट्रोल-डीजल की भी भारी किल्लत शुरु हो चुकी है। रविवार को श्रीलंका में पैट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारों में अपनी बारी की बाट जोहते हुए 70 साल के दो बुजुर्गों की मौत हो गयी।

कोलंबो, 20 मार्च (वार्ता)। श्रीलंका में विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण पेपर का आयात बाधित होने से स्कूलों की परीक्षाएं रद्द कर दी गयी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार पूरी तरह से खाली हो चुका है, इस कारण श्रीलंका जरूरी वस्तुओं की भारी किल्लत का सामना कर रहा है।

बैंकॉक पोस्ट ने शिक्षा अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी गयी रिपोर्ट में बताया गया कि श्रीलंका में आजादी के बाद से लेकर अब तक का देश में पैदा हुआ यह सबसे बड़ा वित्तीय संकट है जिसके कारण पेपर की जबरदस्त किल्लत हो गयी है और इसी कारण से 28 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गयीं हैं।

देश के पश्चिमी हिस्से के शिक्षा विभाग ने जारी बयान में कहा परीक्षाओं के लिए जरूरी कागज और इंक के आयात लायक सुरक्षित विदेशी मुद्रा भुंडार भी नहीं होने के कारण स्कूलों के प्रधानाचार्य परीक्षाएं आयोजित नहीं कर सकते हैं।

बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट में बताया गया कि, देश में यह आर्थिक संकट जरूरी आयात लायक आवश्यक विदेशी मुद्रा भंडार की कमी होने से पैदा हुआ है और इसके कारण देश में भोजन, तेल और दवाओं की काफी कमी हो गयी है।

श्रीलंका में पैट्रोल-डीजल की भी भारी किल्लत शुरु हो चुकी है। रविवार को श्रीलंका में पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारों में अपनी बारी की बाट जोहते हुए 70 साल के दो बुजुर्गों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

श्रीलंका इन दिनों ईंधन की भारी किल्लत से जूझ रहा है और उसके सामने विदेशी मुद्रा भंडार का ऐतिहासिक संकट खड़ा हो गया है। कोलंबो पुलिस ने कहा कि मध्य कांडी जिले एवं कोलंबो के उपनगरीय क्षेत्र में शनिवार को करीब 70 साल उम्र के दो वृद्धों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार दोनों करीब छह घंटों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

माना जाता है कि भयंकर गर्मी उनकी मौत की प्राथमिक वजह है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार राहत के लिए भारतीय ईंधन पर भरोसा कर रही है। सरकारी सीलोन पेट्रोलियम कोरपोरेशन के अध्यक्ष सुमित विजेसिंघे ने कहा, ''भारतीय क्रेडिट लाइन से हमें पेट्रोल, डीजल एवं जेट ईंधन जैसे उत्पाद मिलते हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमें (इस महीने की) 13वीं एवं 14वीं तारीख को जेट ईंधन मिला है। हमारे पास एक अन्य डीजल जहाज आया है जिससे कल माल उतारा जाएगा।''

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि, लोग ईंधन की कमी के चलते उसे जमा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट से पहले डीजल की दैनिक मांग 5500 मीट्रिक टन और पेट्रोल की मांग 3300 मीट्रिक टन थी लेकिन अत्यधिक खरीद की वजह से यह क्रमशः 7000-8000 मीट्रिक टन एवं 4200 मीट्रिक टन तक पहुंच गयी है।






## विचार बिन्दु

**जनता की आवाज़ ईश्वर की आवाज़ है। –कहावत**

# क्या ये हालात कभी नहीं बदलेंगे?

एक नागरिक के रूप में हम अपनी सरकारों द्वारा निर्धारित किए गए करों का समयबद्ध भुगतान करते हैं और उसी धन से हमारी सरकारें हमारे लिए आवश्यक सुख-सुविधाओं की व्यवस्था करती है। हमारे करों से ही इन सब सुविधाओं की व्यवस्था करने वाली सरकारें भी चलती हैं। समझ लेना बहुत ज़रूरी है कि सरकारें केवल हमारे वोटों से ही नहीं चलतीं, उन्हें चलाए रखने के लिए हमारे नोट (अर्थात हमारे द्वारा चुकाए गए कर) भी उतने ही ज़रूरी होते हैं। हम कितना कर चुकाएं, कम और ज़्यादा आय वालों के द्वारा चुकाए जाने वाले करों में कितना अंतर हो और उस धन राशि से सरकार क्या-क्या व्यवस्था करें और वह व्यवस्था किन किन को निःशुल्क और किन किन को सशुल्क मिले – यह सब एक लम्बी और जटिल प्रक्रिया से तै होता है। इस प्रक्रिया की बहुत सारी चीज़ों से बहुतों को तरह-तरह की असहमतियां होती हैं, और यह अस्वाभाविक भी नहीं है। इन्हीं असहमतियों और आलोचनाओं को ध्यान में रखकर प्रक्रियाओं में निरंतर बदलाव भी किया जाता रहता है, और यह सदा ज़ारी रहने वाली प्रक्रिया है। सरकार जनता से प्राप्त धन से कौन-कौन सी व्यवस्था करे यह बात प्रायः उस सत्तारूढ़ राजनीतिक दल की रीति नीति के आधार पर तै होती है। अगर दल के सोच में खुलापन और उदारता हो तो वह दूसरे दलों की बात भी सुनता है और अगर दल का सोच संकीर्ण और आत्म केंद्रित होता है तो वह औरों की सारी बातों को अनसुना करते हुए अपनी ही चलाता है।

जनता से करों के रूप में प्राप्त धन राशि से सरकार को जनता के लिए कौन-कौन सी सुविधाओं की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर करनी चाहिए, जब हम इस बात पर विचार करना प्रारम्भ करते हैं तो जो बातें सबसे पहले ध्यान में आती हैं वे हैं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, शिक्षा, पेय जल, बिजली, सड़क और कानून व्यवस्था। इस सूची में और काफी कुछ जुड़ सकता है, लेकिन मेरे विचार में ये चीज़ें तो सबसे पहले ज़रूरी हैं। इन सब चीज़ों पर अधिक विस्तार से विचार हो सकता है कि किस स्तर की चिकित्सा सुविधा ज़रूरी है, किस स्तर की व्यवस्था सरकार सबसे पहले करे आदि। उस विस्तार में न जाते हुए हम एकदम प्रारम्भिक स्तर की व्यवस्थाओं की अपेक्षा अगर अपनी सरकारों से करें, तो उसे अनुचित अपेक्षा नहीं माना जाना चाहिए।

यह कहना हमारी अहसान फरामोशी का परिचायक होगा कि इन क्षेत्रों में हमारी सरकारों ने कुछ नहीं किया है। राजनीतिक स्वार्थों के कारण भले ही चाहे जो कह दिया जाए, यह सच है कि आज़ादी के बाद के इन बरसों में सारे ही क्षेत्रों में हमारी विभिन्न सरकारों ने काफी काम किया है। बात चाहे चिकित्सा की हो, शिक्षा की हो, बिजली पानी की हो, सड़कों की हो – 1947 में हम जहां थे वहां से बहुत आगे पहुंचे हैं। लेकिन संतुष्ट होकर बैठ जाना इंसान की फ़ितरत नहीं है। वह हमेशा चाहता है कि जो उसे मिल चुका है उससे ज़्यादा मिले। यही बात प्रगति और प्रयासों के लिए प्रेरित भी करती है। यहीं यह बात ध्यान देने योग्य है कि वर्तमान राजस्थान सरकार ने अपने नागरिकों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का खूब विस्तार किया है। ऐसा ही विस्तार शिक्षा सेवाओं का भी हुआ है। सरकार का प्रयास है कि हर नागरिक को निःशुल्क ज़रूरी चिकित्सा सुविधा मिल जाए। इस संकल्प की जितनी तारीफ़ की जाए कम है।

लेकिन इधर जो समाचार विभिन्न माध्यमों में आए हैं वे यह बताने को पर्याप्त हैं कि सरकार के इन नेक इरादों को उसी का तंत्र पलीता लगाने में भी लगा हुआ है। हाल में यह समाचार बहुत प्रमुखता से आया है कि बहुत सारी सरकारी डिस्पेंसरियां डॉक्टर विहीन हैं जबकि बड़े शहरों में ज़रूरत से ज़्यादा डॉक्टर पदस्थापित हैं। अगर तबादले सम्भव नहीं हुए तो प्रतिनियुक्ति के माध्यम से डॉक्टरों ने बड़े शहरों में रहने का जुगाड़ बिठा लिया। राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने यह घोषणा की कि वे प्रतिनियुक्ति का खेल ख़त्म करके रहेंगे और अगले ही दिन यह बात पढ़ने को मिली कि खुद उन्होंने बहुत सारी प्रतिनियुक्तियां कर रखी हैं जिनमें उनके निकट सम्बंधी और अन्य सजातीय निकटस्थ लोग शामिल हैं। प्रतिनियुक्तियों का यह खेल केवल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में ही हो ऐसा नहीं है। शायद ही कोई सरकारी विभाग इस बीमारी से अछूता हो। मैं जब कॉलेज शिक्षा विभाग में कार्यरत था तो अपने पद की वजह से मैं यह जान पाया कि बहुत सारे लोगों ने तो अपनी पूरी की पूरी तीस-पैंतीस साल की नौकरी बिना एक भी दिन किसी कॉलेज में जाकर पढ़ाये पूरी कर दी। वे एक के बाद दूसरी प्रतिनियुक्ति पाते रहे और अपने मनचाहे शहर में जमे रहे। यह खेल अब भी ज़ारी है। हर सरकार आते ही गर्व पूर्वक घोषणा करती है कि वह यह तमाशा बंद कर देगी, और फिर खुद इसी तमाशे की सूत्रधार बन जाती है। हाल में एक राजनेता ने कहा भी है कि प्रतिनियुक्तियां ज़ारी रखना उनकी राजनीतिक मज़बूरी है। सोचने की बात यह है कि उनकी राजनीतिक मज़बूरी का खामियाज़ा बेचारी जनता को उठाना पड़ता है। आपने डिस्पेंसरी खोल दी, वहां डॉक्टर व अन्य स्टाफ भी नियुक्त कर दिया लेकिन वे सब या उनमें से अधिकांश प्रतिनियुक्ति करवा कर वहां जाने से बच गए। जनता रोती है तो रोती रहे।

**जन कल्याणकारी होने का दावा करने वाली सरकार कम से कम इतना तो तुरंत कर सकती है कि हर अस्पताल के शीर्ष अधिकारी पर यह ज़िम्मेदारी आयद करे कि वहां सब कुछ चुस्त-दुरुस्त उसे रखना है और अगर इसमें कोई भी कमी पाई जाएगी तो इसका ज़िम्मेदार उसे व्यक्तिशः मान कर दण्डित किया जाएगा।**


जब बात चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की चल निकली है तो यह भी कहना ज़रूरी है कि सरकारें बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती हैं, बड़े-बड़े अस्पताल बनाती हैं, उन्हें खूब सारा बजट देती हैं लेकिन जब आप वहां जाते हैं तो पाते हैं कि वहां मामूली से मामूली सुविधा भी नहीं है। हाल में अखबारों में आया है कि राज्य के सबसे बड़े अस्पताल एस.एम. एस. में अनेक जांच सुविधाएं सुलभ नहीं हैं, क्योंकि सम्बद्ध मशीनें खराब पड़ी हैं। जब कोई सम्वाददाता अस्पताल के शीर्ष अधिकारी से सम्पर्क करता है तो वह अधिकारी चौंकता है, फिर उसी से पूछता है कि 'अच्छा! क्या ऐसा है?' और फिर कहता है कि मैं दिखवाता हूं। अगर यह नहीं तो वह बजट की कमी का गाना गा देता है या कोई तकनीकी दिक्कत बता कर अपनी असहायता ज़ाहिर कर देता है। मसलन जिस कम्पनी को सम्बद्ध मशीनों के रख-रखाव का ठेका दिया हुआ है वह ठीक से काम नहीं कर रही है। मामला ख़त्म। बेचारा साधन विहीन रोगी किसी निजी अस्पताल में जाकर जांच करवा लेता है। इस सबके साथ बहुत सारी अप्रिय बातें भी होती हैं। यह ज़रूरी नहीं कि वे अप्रिय बातें सदा ही सच हों, लेकिन उनकी सच्चाई की सम्भावनाओं को नकारा भी नहीं जा सकता। इन अप्रिय बातों में से एक है सरकारी अस्पतालों के स्टाफ़ की निजी अस्पतालों के प्रबंधन से साठ-गांठ। यह समझने के लिए आपका बहुत विद्वान होना ज़रूरी नहीं है कि सरकारी अस्पतालों की मशीनों के खराब रहने का सबसे बड़ा लाभ किसको मिलता है! अभी तो हद्द ही हो गई है। एक समाचार के अनुसार राज्य के इस अस्पताल में डिफ्यूज़नटेस्ट और नाइट्रिकसाइटटेस्ट मशीन दो साल से बंद पड़ी है। इसी तरह स्लीपस्टेडी मशीन छह माह से बंद पड़ी है। इसे लापरवाही न कहें। यह तो आपराधिक लापरवाही है। दो साल से मशीन के बंद पड़े रहने के लिए क्या किसी बड़े को ज़िम्मेदार ठहरा कर दंडित किया जाएगा? सरकारी बजट को पलीता लगता रहेगा, और जनता उसके बावज़ूद आधारभूत सुविधाओं के लिए तरसती रहेगी।

अब सवाल यह है कि जनता का भला सोचने का दावा करने वाली सरकारें अपने अधिकारियों की ग़ैर ज़िम्मेदारी के आगे इतनी असहाय क्यों नज़र आती हैं? अगर एक अस्पताल की मशीनें लम्बे समय तक खराब पड़ी रहती हैं तो क्या उसके शीर्ष स्टाफ को इसके लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए? क्या कभी ऐसा होता है? क्या कोई भी सरकार यह देखती है कि उसके पास जितना स्टाफ है उसका तर्क संगत बंटवारा हो और छोटी और बड़ी हर जगह समुचित स्टाफ उपलब्ध हो। अगर कमी हो, हालांकि सवाल यह भी है कि कमी हो ही क्यों, तो उसका असर सब पर समान रूप से पड़े। ऐसा न हो कि शहरों में तो इफरात हो और गांव तरसते रह जाएं। अभी यही हो रहा है। जन कल्याणकारी होने का दावा करने वाली सरकार कम से कम इतना तो तुरंत कर सकती है कि हर अस्पताल के शीर्ष अधिकारी पर यह ज़िम्मेदारी आयद करे कि वहां सब कुछ चुस्त-दुरुस्त उसे रखना है और अगर इसमें कोई भी कमी पाई जाएगी तो इसका ज़िम्मेदार उसे व्यक्तिशः मान कर दण्डित किया जाएगा। अगर सरकार ईमानदारी से इतना भी कर देगी तो हालात बदलने में देर नहीं लगेगी। और हां, यह बात हालांकि शुरू तो चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की चर्चा से हुई थी, ऐसा शिक्षा, सड़क, बिजली पानी सुरक्षा सभी महकमों में किया जाना चाहिए। क्या यह बात शर्मनाक नहीं है कि लम्बा-चौड़ा महकमा होने के बावज़ूद जो सड़कें बारिश में टूटती हैं वे होली तक भी ठीक नहीं होती हैं! सड़कों की बदहाली सबको नज़र आती है सिवा सम्बद्ध विभाग के अफसरों के।

मैं बहुत बार सोचता हूं कि प्रजातंत्र अन्य देशों में भी है। वहां के राजनेताओं के भी राजनीतिक हित ज़रूर होते होंगे। छोटे-मोटे समझौते वे भी करते होंगे। लेकिन क्या वजह है कि अन्यत्र हालात उतने खराब नहीं हैं जितने हमारे यहां हैं? क्या हम इसी तरह बदहाली में ही अपनी ज़िंदगी बिता देंगे? क्या ये हालात कभी नहीं बदलेंगे?

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# क्यूरेबल कैंसर



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

- **डोनेट ए लाइफ प्रोजेक्ट के तहत अगस्त 2014 से मार्च 2022 तक 141 मरीजों का इलाज चला जिसमें से 125 कैंसर मुक्त हैं**

2014 में मैने भगवान माहावीर कैंसर अस्पताल जयपुर, जोइन किया। कैंसर का विशिष्ट अस्पताल। साठ के दशक में जब मैं कोलकात्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षारत था, तब से आज में कितना कुछ बदल गया है। आमाशय, आंत, गर्भाशय, स्तन या थाइरॉइड, सबकी सर्जरी तब सर्जरी जनरल सर्जन ही करते थे। तब यही प्रमुख व अधिकांश जगह कैंसर का एक मात्र उपचार होता था। हमारे मेडिकल कॉलेज में भी, जहां मैं सर्जरी में कार्यरत था। तब कीमोथैरेपी और विकिरण थैरेपी न इतनी विकसित थी और न ही उपलब्ध। आज हर अंग-विशेष के कैंसर सर्जन उपलब्ध हैं। विकिरण थैरेपी भी काफी सटीक और सार्थक हो गई है। कैंसर का आकार, प्रकार, आचरण व फैलाव आंकने की अति उन्नत विधियां आज उपलब्ध हैं।

कैंसर, जान लेवा रोग। इलाज, जान की जोखिम। मरीज की लाचारी। चिकित्सक की मजबूरी। इलाज अत्यंत महंगा। इलाज की सफलता अनिश्चित। भय, भ्रम, बेचारगी। कुल मिला कर आग का दरिया तैर कर जाना। आज स्थिति इतनी भयावह और निराशाजनक नहीं है। आज अनेक कैंसर उपचार साध्य हैं। सर्वथा ठीक होने वाले क्योरेबल कैंसर भी। तब के कई, लाइलाज कैंसर आज उपचार साध्य हो गये हैं। कैंसर के उपचार में जहां आशातीत विकास हुआ है वहीं संसाधनों की आवश्यकता भी बढी है। संसाधान जुटाना और कैंसर चिकित्सा का लाभ जनसाधारण तक पहुंचाना आज की चुनौती है ।

बच्चों के रक्त कैंसर – एक्यूट लिम्फो ब्लास्टिक ल्यूकीमिया, एक्यूट प्रोमाईलोसाइटिक ल्यूकीमिया, हाजकिन्स लिम्फोमा – जो घातक होते थे, आज सर्वथा उपचार साध्य हैं। हंसता-खेलता बच्चा। बुखार, लाल चकत्ते, रक्त स्राव। मां-बाप को विश्वास ही नहीं हुआ जब डॉक्टर ने बताया, रक्त कैंसर है। दोनों का मुंह लटक गया। चिंता, भय, आशंका। मां ने बच्चे को सीने से लगा लिया। रुआंसी हो गई। कितनी राहत मिली जब आश्वस्थ करते हुए डॉक्टर ने बताया कि इलाज से बच्चा बिलकुल ठीक हो जायेगा। कहीं डॉक्टर ढाढस बांधने को ही तो ऐसा नहीं कह रहा? नहीं, बच्चों के इस कैंसर का सार्थक इलाज आज उपलब्ध है। ढाढस बंधा। पूछा, खर्चा? इलाज लम्बा चलेगा, 4-5 लाख। सब्जी फल का ठेला लगाने वाले बाप ने महिला और बच्चे की ओर देखा और नजरे झुका लीं। लाचारी, बेचारगी, बेबसी। जी, कह कर चैम्बर से बाहर आ गये। डॉक्टर क्या करे?

उपचार साध्य कैंसर ग्रस्त बच्चा। केवल इसलिए मौत के मुंह में चला जायेगा क्योंकि उसके लाचार मां-बाप खर्चा वहन नहीं कर सकते। क्या समाज के लिए यह शर्म की बात नहीं है? विचारणीय मुद्दा यही था। समाज में सक्षम लोग हैं। लोगों में करुणा है। परोपकार की भावना है, इच्छा है, सामर्थ्य है। परोपकार धर्म है। अतः एक प्रोजेक्ट बनाया। डोनेट ए लाइफ प्रोजेक्ट – जीवन दान परियोजना। बच्चों के चिन्हित क्योरेबल रक्त कैंसर के उपचार के लिए 5 लाख से एक बच्चे को जीवन मिल सकता है। वह घातक कैंसर से लड़कर एक सक्षम नागरिक का जीवन जी सकता है।

आर्थिक रूप से विवश बच्चों के लिए भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय, जयपुर द्वारा जीवनदान परियोजना के तहत इन बच्चों को सर्वथा निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया।

इन उपचार साध्य कैंसर का इलाज क्यों इतना मंहगा, कष्टदायक और जटिल हैं, इसकी गंभीरता केस विशेष में किए गये उपचार से ही समझी जा सकती है। बिना इसे समझे डॉक्टरों की उपचार जन्य विवशता नहीं समझी जा सकती। अनायास भ्रम और भय पैदा होता है।

एक केसः फलों का ठेला चलाने वाले अलवर, राजस्थान, निवासी प्रवीन कुमार का 3 वर्षीय पुत्र मास्टर नवीन (नाम बदले हुए)। एक माह से बार-बार बुखार और शरीर में गठानें। स्थानीय अस्पताल में इलाज से लाभ न होने और रक्त परीक्षण के बाद कैंसर की आशंका जताने पर बच्चे को कैंसर अस्पताल लेकर आये। यहां बुखार व खून की कमी (एनिमीया) का इलाज चला और सभी जांचें हुईं। रक्त परीक्षण पर कैंसर के लक्षण पाये गये। बोनमेरो (अस्थिमज्जा) के परीक्षण पर अक्यूट लिम्फोब्लॉस्टिक ल्यूकीमिया का निदान हुआ। यह अस्थिमज्जा का एक कैंसर होता है। अक्यूट अर्थात तीव्र गति का कैंसर। उचित एवं समय पर ईलाज न करवाया जाये तो प्राण घातक।

इस बालक में लाल रक्तकण कम बनने के कारण एनीमिया, प्लेटलेट्स कम बनने के कारण रक्तस्राव और रक्षक सफेद कण न बनने से बार-बार संक्रमण। कैंसर का इलाज तो अलग, पहले अगर इनका इलाज न हो तो ही जान की जोखिम होती है।

आकलन हुआ कि यह उपचार साध्य, कम जोखिम वाला रक्त कैंसर है। (बी-एएलएल स्टैण्डर्ड रिस्क)। चिकित्सकों के अनुसार 2002 में मोडिफाइड मल्टीड्रग बीएफएम 95 प्रोटोकॉल से इलाज करना तय हुआ।

इलाज अत्यन्त खर्चीला, अनुमानित लागत 5 लाख। ठेला चलाने वाले प्रवीन कुमार ने राहत की सांस ली जब बताया गया कि इस उपचार साध्य कैंसर से मुक्ति की सुविधा अस्पताल में जीवनदान परियोजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध है।

पहले इंडक्शन उपचार के बाद रक्त परीक्षण पर कैंसर कोशिकाओं का रक्त से विलुप्त होना पाया गया। अर्थात् उपचार सार्थक था। कैंसर कोशिकायें रक्त से तो विलुप्त प्रायः थीं लेकिन चिकित्सकों को मालूम है कि ये कोशिकायें अस्थिमज्जा और अन्यत्र, विशेषकर मस्तिष्क में छिपी हो सकती हैं। अतः कुछ सप्ताहों के विराम के बाद उन परोक्ष कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करना सुनिश्चित करने के लिये कन्सोलिडेशन या इन्टेन्सिफिकेशन उपचार प्रतिदिन के हिसाब से दो माह तक चला। तंत्रिका तंत्र (मस्तिष्क व सुषुम्ना) में छुपी कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए मस्तिष्क तरल सीएसएफ में कैंसर रोधक दवाइयाँ डाली गईं। दो सप्ताह के विराम के बाद उपचार की सार्थकता बरकरार रखने के लिए आरम्भ हुआ लम्बा कैंसर रोधक टेबलेट्स से मैन्टीनेन्स उपचार, जो एक वर्ष से अधिक चला।

इस उपचार के दौरान कई उतार-चढ़ाव सामने आये। एनिमीया, प्लेटलेट्स की कमी से रक्तस्राव, संक्रमण, उल्टी-दस्त आदि हुए, सघन इलाज चला जिसका बच्चे ने बहादुरी से मुकाबला किया। चिन्ता आतुर, अनहोनी की आशंका ग्रस्त माता-पिता ने बच्चे के साथ रात-दिन काटे। बच्चा अन्ततः कैंसर मुक्त हुआ।

अगस्त 2014 से मार्च 2022 तक 9 साल में 189 बच्चे निःशुल्क उपचार के लिए पंजीकृत हुए। 48 विभिन्न कारणो से परियोजना के बाहर हो गये। 141 का इलाज चला जिसमें से 125 कैंसर मुक्त हैं और 16 नये केसों का इलाज चल रहा है।

एक और प्रोजेक्ट फ्रीडम फ्रोम कैंसर- कैंसर मुक्ति योजना – वयस्कों के रक्त कैंसर क्रोनिक माइलोइड ल्यूकीमिया के निःशुल्क उपचार के लिए चलाया गया। इस कैंसर में इमेंटिनिब नामक गोली के नियमित सेवन, जो एक टार्गेट थेरेपी है, से रोगी सर्वथा कैंसर मुक्त रहता है और सामान्य जीवन यापन करता है। अगस्त 2015 से मार्च 2022 तक 8 साल में 155 रोगियों ने इस सतत् चलने वाले उपचार का लाभ लिया और वे सभी कैंसर मुक्त सामान्य जीवन जी रहे हैं।

अन्य उपचार-साध्य, बच्चों और महिलाओं के कैंसरों के लिए भी योजनाएं चल रही हैं। उपचार साध्य कैंसर ग्रस्त रोगी आर्थिक अभाव में उपचार से वंचित न रहे, ऐसे प्रयास सराहनीय हैं। कैंसर उपचार में आस्था जागती है। भ्रम और भय दूर होते हैं। इस में अपनी सामर्थ्य अनुरूप योगदान बड़ा आत्म सुख देता है। संवेदना का सुख। यूं भी अन्त में क्या साथ जाता है–

इकट्ठे गर, जहां के जर सभी मुल्कों के माली थे,
सिकंदर जब गया दुनियां से दोनों हाथ खाली थे।

**- डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ी



**पावटा क्षेत्र के अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।**

- **अस्पतालों में बुखार, वायरल व सर्दी-जुकाम के मरीजों की कतारें लगी हैं**

**पावटा,** (निसं)। पावटा उपखंड व आस-पास के क्षेत्रों में सरकारी व निजी अस्पतालों में इन दिनों विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोग उपचार के लिए आ रहे हैं।

स्थानीय सुंदरी देवी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा व निजी गुप्ता हॉस्पिटल के डॉ. रवि गुप्ता, अंजलि गुप्ता ने बताया कि में इन दिनों मरीजों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। सुबह-शाम ठंड व दिनभर मौसम गर्म रहने से शारीरिक तापमान काफी प्रभावित हो रहा है। इन मौसमी हालातों की अनदेखी आमजन पर भारी पड़ रही है।

इन दिनों अस्पतालों में बुखार, वायरल व सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या में इजाफा होने से अस्पतालों में कतारें लगी हैं। वहीं डॉ. एस के वर्मा, डॉ. अशोक बाज्या, प्रागपुरा पीएचसी डॉ. सचिन शर्मा, मैड सीएचसी डॉ. दयाराम जाट ने बताया कि बदलता मौसम विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों व विभिन्न प्रकार की बीमारियों से प्रभावित मरीजों के लिए परेशानियों का सबब बन सकता है। बदलते मौसम में खानपान, पहनावा व रहन-सहन संबंधी थोडी लापरवाही ही भारी पड़ रही है। ज्यादातर बच्चे रोगों की चपेट में आ रहे हैं।

# जलशक्ति मंत्री शेखावत वर्ल्ड वाटर समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

- **आज से सेनेगल की राजधानी डैकर में शुरू होगी समिट**
- **प्लेटफॉर्म पर दुनिया भर में बढ़ते जल संकट को लेकर विचार-विमर्श किया जाता है**

**जोधपुर,** (कासं)। स्थानीय सांसद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 21 मार्च से सेनेगल की राजधानी डैकर में शुरू हो रहे वर्ल्ड वाटर समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे बड़ी पेयजल योजना (जल जीवन मिशन) भारत में चल रही है। इस योजना को लेकर दुनिया के अन्य देश हमसे सीखें और विकासशील देश इसका अनुसरण कर सकें, इसे लेकर भी समिट में चर्चा होगी।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि वर्ल्ड वाटर फोरम एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसमें दुनिया भर में बढ़ते जल संकट को लेकर विचार-विमर्श किया जाता है। आने वाले समय में किस तरह से पानी की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, इस पर चर्चा होती है। जल संकट से जुड़ी चुनौतियों को समझकर क्या मार्ग हो सकता है? एक-दूसरे के अनुभव से दुनिया के सभी देश सीख सकें और आगे बढ़ सकें, इस दिशा में विचार-विमर्श होता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने का मुझे अवसर मिला है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में दुनियाभर में पानी से जुड़े हुए और पानी पर काम करने वाले लोगों के साथ बैठकर भारत का पक्ष रखूंगा। दुनिया को बताऊंगा कि किस तरह से भारत ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में काम किया है।

# शीतला माता का लक्खी मेला 24-25 मार्च को



- **शीतला माता के मंदिर में आरोग्य और सुख शांति का मिलता है वरदान**
- **आज भी पहला भोग राज परिवार द्वारा भेजे गए प्रसाद से ही लगाया जाता है**

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे के शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में 24-25 मार्च को दो दिवसीय लक्खी मेला भरेगा, मेले के सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति एवं प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जयपुर दरबार द्वारा निर्मित यह मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। आज भी पहला भोग राज परिवार द्वारा भेजे गए प्रसाद से ही लगाया जाता है।

कस्बे में स्थित माता के मंदिर पर साल भर भक्त दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं। यहां पर होली से ठीक 8 दिन बाद चैत्र माह के शीतलाष्टमी पर दो दिवसीय लक्खी मेला भरता है। इस स्थान को शील की डूंगरी व शीतला माता के नाम से जाना जाता है।

यहां जयपुर के अलावा यहां टोंक, निवाई, देवली, लालसोट, दौसा, रामगढ़ पचवारा, कोटखावदा, फागी, बस्सी, सांगानेर, जमवारामगढ़, आदि आस-पास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग नाचते गाते पहुंचते हैं। मेले में कई पैदल यात्री भी आते हैं। करीब 300 मीटर की सीढ़ियां चढ़ने के बाद जैसे ही माता के दर्शन होते हैं भक्तों को काफी आनंद की अनुभूति होती है। मंदिर तक जाने के लिए सीढियों का रास्ता है। शील की डूंगरी पर स्थित माता का यह मंदिर 500 वर्ष पुराना बताया जाता है।

बच्चों सहित बड़ों के मनोरंजन के लिए मेले में झूला, मौत का कुआं आदि आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे, आस-पास सहित दूर के क्षेत्रों से भी लोग लाखों की संख्या में यहां पहुंचेंगे

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 21 मार्च, 2022**

चैत्र मास कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2078, स्वाती नक्षत्र रात्रि 9:31 तक, व्याघात योग दिन 3:54 तक, विष्टिकरण प्रातः 8:21 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-कुम्भ, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज यमघट योग रात्रि 9:31 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रातः 8:21 तक है। आज चतुर्थी तिथि का क्षय हुआ है। आज चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:32 पर होगा। आज विश्व सेना दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:04 तक, शुभ 9:34 से 11:04 तक, चर 2:04 से 3:34 तक, लाभ-अमृत 3:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:34, सूर्यास्त 6:34

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता और उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।

**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**तुला**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी और व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# सुजानगढ़ में बुलडोजर से राम दरबार को गिराया जाना जन आस्था का अपमान है : डॉ. पूनिया

## ‘उन मूर्तियों को सम्मान के साथ कहीं अन्य जगह शिफ्ट किया जाना चाहिए था, लेकिन आधी रात को गहलोत सरकार ने निशाचरी करतूत की है’

**बेंगलुरू/ जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राज्य की गहलोत सरकार पर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सुजानगढ़ में बुलडोजर से राम दरबार को गिराया जाना जन आस्था का अपमान है।

डॉ. पूनिया ने बैंगलुरु प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर शुभारंभ करती है, उत्तरप्रदेश में राम मंदिर का निर्माण करने वाले और बुलडोजर चलाने वाली योगी सरकार कानून व्यवस्था को ठीक करती है। वहीं राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार बुलडोजर से राम दरबार को गिराती है।

उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे आस्था पर प्रहार है, उन मूर्तियों को सम्मान के साथ कहीं अन्य जगह शिफ्ट किया जाना चाहिए था, लेकिन आधी रात को गहलोत सरकार ने निशाचरी करतूत की है, उससे हिंदुओं की आस्था आहत हुई है।

उन्होंने कहा कि इस तरीके से कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण पर तुली हुई है, एक तरफ वो लोग हैं जो मंदिर का निर्माण करते हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस के लोग हैं जो मंदिर को ध्वस्त करते हैं।

- ‘कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण पर तुली हुई है, एक तरफ वो लोग हैं जो मंदिर का निर्माण करते हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस के लोग हैं जो मंदिर को ध्वस्त करते हैं’
- ‘मेरे जैसे सामान्य किसान परिवार में जन्मे सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेशाध्यक्ष बनाना राजस्थान के करोड़ों किसानों व युवाओं का सम्मान है’

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां दो दिवसीय बेंगलुरु प्रवास पर आज सुबह बेंगलुरु पहुंचे, जहां उनके 20, 21 मार्च को दो दिवसीय बेंगलुरु प्रवास पर प्रवासी राजस्थानियों के होली मिलन कार्यक्रमों, प्रबुद्धजन व उद्यिमयों से मुलाकात के कार्यक्रम हैं।

डॉ. पूनियां दो दिवसीय बेंगलुरु प्रवास पर राजपूत परिषद कर्नाटक, राजपुरोहित समाज, देवासी (रेबारी )समाज सहित सर्वसमाज जालोर, अग्रवाल समाज के होली मिलन कार्यक्रमों में शामिल हुये और प्रवासी राजस्थानियों से आत्मीय मुलाकात की। 21 मार्च को डॉ. पूनिया वीर तेजाजी जाट समाज कर्नाटक, राजगढ़ सादुलपुर नागरिक परिषद बेंगलुरु इत्यादि प्रवासी राजस्थानियों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

बेंगलुरु में डॉ. सतीश पूनियां के साथ प्रवासी राजस्थानियों के होली मिलन कार्यक्रमों में बेंगलुरु सेंट्रल से सांसद पीसी मोहन, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, राजपूत समाज सहित विभिन्न समाजों के प्रतिष्ठित गणमान्य भगवान सिंह, कल्याण सिंह, मनोहर सिंह, अर्जुन सिंह, बदन सिंह इत्यादि सहित काफी संख्या में प्रवासी राजस्थानी नागरिक उपस्थित रहे।

बेंगलुरू में प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित करते हुये डॉ. पूनियां ने कहा कि, राजस्थान किसी अन्य प्रदेशों से कम नहीं है, ना जनसंख्या में, ना संसाधन में और ना क्षेत्रफल में, राज्य की किसी भी सरकार की आलोचना नहीं करना चाहता, लेकिन समय बदल गया, पीढ़ी बदल गई और जरूरतें बदल गई, ऐसे में राजस्थान को संसाधनों एवं नीतियों के आधार पर मजबूत दृढ़ इच्छाशक्ति से मजबूती से आगे ले जाने की जरूरत है।

डॉ. पूनियां ने कहा कि, स्वदेश लौटे विद्यार्थियों में से तमाम विद्यार्थियों से मेरी बात हुई तो उन्होंने बताया कि, सफेद कागज पर तिरंगा बनाया और हम उसे लेकर गाड़ियों पर लगाकर पोलैंड व रोमानिया के बॉर्डर पर सुरक्षित पहुंचे और वहां से भारत सरकार की फ्लाइटस से सकुशल स्वदेश पहुंचे, यह ताकत है तिरंगे की, यह ताकत है मजबूत नेतृत्व की।

डॉ. पूनियां ने प्रवासी राजस्थानियों को संबोधन में कहा कि, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के नाते आपसे रू-ब-रू हो रहा हूं, आपसे संवाद कर रहा हूं, यह सम्मान कहीं मिल सकता है तो भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है, एक सामान्य किसान परिवार में जन्मे मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को इतना बड़ा सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया है, यह राजस्थान के करोड़ों किसानों व युवाओं का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि, मुझे आनंद की अनुभूति हुई, अभिभूत हुआ कि पाली, जालोर, सिरोही, बालोतरा, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर यानि राजस्थान के पूरब से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक राजस्थान के पूरे नक्शे के जीवन के उत्सव को और कर्नाटक की धरती पर उत्सव के रूप में जिन्होंने जीना सीखा, उनका नाम राजस्थानी है, उनका नाम प्रवासी है।क

# रंग राजस्थान का आग़ाज़



कला संस्कृति और पुरातत्व विभाग, जवाहर कला केंद्र, पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित रंग-राजस्थान फेस्टिवल के सातवें संस्करण का आग़ाज़ शिक्षा एवं कला-संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने जवाहर कला केंद्र में दीप प्रज्जवलित कर किया।

**जयपुर,** (का.सं.)। कला संस्कृति और पुरातत्व विभाग, जवाहर कला केंद्र, पर्यटन विभाग, राजस्थान द्वारा आयोजित रंग-राजस्थान फेस्टिवल के सातवें संस्करण का आग़ाज़ शिक्षा एवं कला-संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने जवाहर कला केंद्र के मध्यावर्ती में किया। इस अवसर पर मंत्री बी. डी. कल्ला ने कहा कि प्रदेश में लगातार कला और साहित्यिक आयोजनों का माहौल बना है। कला और संस्कृति विभाग द्वारा लगातार सभी शहरों में गुणी कलाकारों के आयोजन किये जा रहे है। रंग-राजस्थान फेस्टिवल में भी देश के अनेक गुणवान कलाकार और नाट्य दल जयपुर आ रहे है जो अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इस तरह के कला महोत्सव आम आदमी को कला और थिएटर से जुड़ने का भी सार्थक प्रयास है।

रंग राजस्थान फेस्टिवल के अभिषेक मुद्गल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रंग राजस्थान के पहले संस्करण से सातवें संस्करण के सफर के बारे में बताया। उन्होंने मंत्री, जवाहर कला केंद्र, पर्यटन विभाग और अन्य सभी को आवश्यक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

- राग़धानी बैंड एवं सवाई भट्ट के फ़्यूज़न गीतों ने दर्शकों को लुभाया

उद्घाटन समारोह के बाद राग़धानी बैंड और सवाई भट्ट ने अपनी प्रस्तुतियां दी। राग़धानी बैंड ने सूफी और लोकगीत फ्यूज़न गीत गाए। बैंड ने अपने श्रोताओं का स्वागत राजस्थान के लोक प्रसिद्ध गीत '' केसरिया बालम पधारो म्हारे देश'' से किया, जिस पर उन्होंने श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। फिर बॉलीवुड के पंजाबी गाने '' सानू एक पल चेन ना आवे सजना तेरे बिना'' को सूफ़ी अंदाज में गाकर लोगों को मंत्र मुग्द किया। इसके बाद उन्होंने लगातार कई और गाने गाए। जिस का लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया और खुलकर पैर थिरकाए। इंडियन आइडल फेम सवाई भट्ट ने इंडियन आइडल में गाये अपने गाने की प्रस्तुतियां दी। बी. डी. कल्ला द्वारा इंडियन आइडल फ़ेम सवाई भट्ट जी को रंग राजस्थान अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व फोटोग्राफर राजेश कुमार सोनी द्वारा लगायी गयी फ़ोटो प्रदर्शनी रंग-नवरस का भी कला संस्कृति मंत्री बी.डी. कल्ला ने उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में जयपुर में मंचित हुए चर्चित नाटकों के स्टिल का प्रदर्शन किया जिसमें अभिनय के अनेक रंग देखने को मिलें। डॉ.बी.डी. कल्ला ने रंग मस्ताने संस्था के राजस्थान की कला एवं संस्कृति को थिएटर के माध्यम जीवंत रखने के इस प्रयास को सराहा।

कल 21 मार्च को समारोह के दूसरे दिन दो नाटको का मंचन होगा। जबलपुर से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक स्वाति डूबे द्वारा निर्देशित और आशीष पाठक के लिखे नाटक अग्नि और बरखा का मंचन दोपहर 3 बजे जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन में किया जाएगा। शाम 6 बजे जयपुर के युवा रंगकर्मी साहिल आहूजा द्वारा निर्देशित नाटक मीरा का मंचन रंगायन सभागार में किया जाएगा। शाम 7:30 बजे मुम्बई से नेहा सिंह और टीम के द्वारा नाटक का पाठन किया जाएगा।



सरसों पर स्टॉक सीमा हटाने की मांग को लेकर राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता सहित अन्य व्यापारी खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से मिले।

# करोना के बढ़ते मामले वाले देशों से आने वाली उड़ानें नियंत्रित की जाए : गहलोत

**जयपुर,**(कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि करोना के जहां मामलों में वृद्धि हुई है उन देशों से आने वाली उड़ानें नियंत्रित की जानी चाहिये। साथ ही यात्रियों की हवाईअड्डे पर जांच होनी चाहिए।

गहलोत ने रविवार रात सोशल मीडिया के जरिए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में भी मास्क पहनना जारी रखना होगा। उन्होंने कहा कि जैसे कि खबरें आ रही हैं, चीन, दक्षिण कोरिया समेत कई देशों में करोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन करीब 12 प्रतिशत संक्रमित बढ़ रहे हैं। ऐसे में भारत में भी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

- ‘यात्रियों की हवाई अड्डे पर जांच हो’

उन्होंने भविष्य में संक्रमण को रोकने के लिये सतर्कता अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि राजस्थान सतर्क है और हम लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ा-बहुत उतार चढ़ाव जारी

## राज्य में रविवार को 32 नए संक्रमित मिले, जबकि शनिवार को 19 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में करोना संक्रमण के नए मामलों में थोड़ा-बहुत उतार चढ़ाव बना हुआ है। इसके चलते रविवार को राज्य में 32 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 93 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 412 रह गए हैं।

प्रदेश में रविवार को 9 जिलों में 32 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 19 ही रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में 18 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर व जोधपुर में 3-3, अजमेर व उदयपुर में 2-2 तथा बारां, भरतपुर, चूरू और टोंक में 1-1 नया संक्रमित पाया गया है। वहीं 24 जिले अलवर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर और सिरोही में एक भी नया संक्रमित नहीं मिला है। इस बीच राज्य में 93 और मरीज रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही रिकवरी रेट बढ़कर 99.22 फीसदी पर पहुंच गई है। वहीं एक्टिव के भी घटकर 412 रहे गए हैं। इनमें 183 मामले जयपुर जिले में हैं। बाड़मेर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, जैसलमेर, झालावाड़ और प्रतापगढ़ में अब एक भी एक्टिव केस नहीं बचा है। प्रदेश में रविवार को भी करोना से किसी भी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। हालाकि अब तक इस बीमारी से 9551 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

- प्रदेश के 24 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।
- जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 18 नए मरीज मिले हैं।
- राज्य में रविवार को 93 और मरीज ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस घटकर 412 रह गए हैं।

### जयपुर के 14 इलाकों में नए संक्रमित मिले

राजधानी जयपुर में रविवार को 14 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 2-2 मरीज गांधी नगर, मालवीय नगर, एमआई रोड और विद्याधर नगर में पाए गए हैं। इसके अलावा बस्सी, सिविल लाइन, सी-स्कीम, हरमाड़ा, जवाहर नगर, मानसरोवर, सांभर, शास्त्री नगर और एसएमएस अस्पताल में 1-1 नया संक्रमित मिला गया है। इस बीच जिले में 33 मरीज ठीक हुए हैं।

# कांग्रेस सरकार के शासन में भगवान भी सुरक्षित नहीं : राठौड़

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि चूरू जिले में सुजानगढ़ शहर में सालासर के प्रवेश द्वार पर राम दरबार की मूर्ति लगे द्वार को प्रशासन द्वारा तोड़ने की घटना से नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है।

राठौड़ ने कहा कि हिन्दु व हिन्दुत्व की अलग व्याख्या करने वाली कांग्रेस सरकार के शासन में भगवान भी सुरक्षित नहीं है। यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसने रामसेतु के अस्तित्व को नकारने का महापाप किया था। राठौड़ ने कहा कि एक ओर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर रही है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान में गहलोत सरकार राम दरबार की मूर्ति तोड़ने में लगी है। राठौड़ ने कहा कि स्थानीय विधायक व प्रशासन की मिलीभगत से ही ऐसी ओछी घटना को अंजाम देकर असंख्य नागरिकों की भावनाओं का अपमान करने का काम किया है।

# डायरी घोटाले की जवाबदेही कौन लेगा? : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिक्षा सत्र के अंत में छात्रों को डायरी बंटवाने के निर्णय पर सवाल खड़े किए हैं। शेखावत ने कहा कि शिक्षा सत्र समाप्त होने को है और सरकार बहादुर को अब 84 लाख छात्रों को डायरी बंटवाने की याद आ रही है।

रविवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि अनियमितता को इन बिंदुओं से समझिए। जब केवल एक माह बाकी है, होमवर्क और पालकों को जानकारी के लिए डायरी देने का क्या अर्थ? अभी नाम, कक्षा और फोटो लगाने के बाद अगले वर्ष ये डायरियां कैसे काम आएंगी? खानापूर्ति के नाम पर 20-22 करोड़ की डायरियां क्यों छपवाई गईं? कॉमन सेंस क्यों नहीं लगाया गया, इतनी बड़ी रकम का शिक्षा सुविधा विस्तार के अन्य कार्यों में भी उपयोग किया जा सकता था। शेखावत ने पूछा कि इस पूरे घोटाले की जवाबदेही कौन लेगा?

- केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा सत्र के अंत में 84 लाख छात्रों को डायरी बंटवाने के निर्णय पर उठाए सवाल

सुजानगढ़ में सालासर बालाजी धाम में रामदरबार की मूर्तियों को तोड़ने पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस अपना अस्तित्व खतरे में देख मंदिर जाने का दिखावा करने लगी, लेकिन असलियत छिपाए नहीं छिपती। सुजानगढ़ में प्रवेश द्वार को गिराते हुए यह ध्यान नहीं रखा गया कि वहां राम दरबार बना हुआ है। इस तरीके को कौन सच्चा हिंदू स्वीकार करेगा? शेखावत ने कहा कि जहां कांग्रेस राज होता है, वहीं यह सब क्यों होता है? उसे हम हिंदुओं को आहत कर आनंद मिलता है।

# सैकड़ों युवाओं को निःशुल्क दिखाई ''द कश्मीर फाइल्स''

**जयपुर,** (का.सं.)। मां वैष्णो सेवा समिति के द्वारा देश का भविष्य हमारे युवा साथियों को कश्मीर में हिंदुओं पर हुए अत्याचार की सत्यता पर आधारित फिल्म द कश्मीर फाइल बनी पार्क स्थित स्पेस सिनेमा में निःशुल्क दिखाई गई। मीडिया प्रभारी संजय यादव ने बताया की कार्यक्रम संयोजक सांवरमल बोहरा व नरेन्द्र सिंह शेखावत ( चेयरमैन नगर निगम ग्रेटर) के नेतृत्व में 18 से 23 वर्ष के सैकड़ों युवाओं को समिति के द्वारा निशुल्क फिल्म दिखाइ गयी। उन्हें कश्मीर से जुड़ी सच्चाई से अवगत कराया।।

# भाजपा करेगा 22-25 मार्च को शक्ति केंद्र सम्मेलन

**जयपुर।** भाजपा संगठन को मजबूती देने हेतु आगामी सप्ताह में प्रांत भर में ज़िला स्तर पर शक्ति केंद्र सयोजकों के सम्मेलन करने जा रही है। अभियान के प्रमुख प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने बताया की शक्ति केंद्र संयोजकों के सम्मेलन में प्रदेश के प्रमुख नेता ज़िलों में प्रवास करेंगे। भजन लाल शर्मा ने बताया की शक्ति केंद्र संयोजकों के सम्मेलन सभी जिलो में 22-25 मार्च के दौरान सम्पन्न होंगे। बूथ मजबूर करने क्रम में ही 26 मार्च को सम्पूर्ण राजस्थान में एक साथ पन्ना प्रमुख नियुक्ति का अभियान प्रारम्भ किया जाएगा।

# राजीविका सरस क्राफ्ट मेला आज से

**जयपुर,** (का.सं.)। ग्रामीण विकास विभाग के अधीन राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) जयपुर की ओर से राजीविका सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला 20 से 29 मार्च तक शिल्पग्राम जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

राजीविका के परियोजना निदेशक हरदीप चौपड़ा ने रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मेले का विधिवत उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चन्द मीना द्वारा 21 मार्च को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। चौपड़ा ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस मेले में राजस्थान के अतिरिक्त देश के विभिन्न राज्यों से महिला स्वयं सहायता समूह की लगभग 300 महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय के लिए भाग लेने आई हैं।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# गर्मियो में गौरैया के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करे : बिश्नोई

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड, एनिमल वैल्फेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति तथा प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत वर्ल्ड संगठन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री के.सी. बिश्नोई तथा बोर्ड के सदस्य एवं एनिमल वेल्फेयर ऑफिसर मनीष सक्सेना ने गौरैया संरक्षण हेतु विशेष पोस्टर का विमोचन किया।

राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के सी बिश्नोई ने बतलाया कि आवासीय ह्रास, अनाज मे कीटनाशको के इस्तेमाल, आहार की कमी और मोबाइल टॉवरो से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगे गौरैया के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। गर्मियों में जैसे- जैसे पारा चढेग़ा बेजुबान पक्षियों के लिए दाने पानी की समस्या बढ़ती जायेगी। प्रतिवर्ष गर्मियों मे दाने पानी के अभाव मे सैकड़ों पक्षियों की अकाल मौत हो जाती है अत: सभी नागरिकों से अपील है कि गर्मियों मे अपने घरो एवं आस पास के पेड़ों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर उसमें प्रतिदिन स्वच्छ जल भरे साथ ही पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था भी करे।

राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य मनीष सक्सेना के अनुसार गौरैया के अस्तिव पर खतरा मंडरा रहा है जो की प्राकृतिक संतुलन के लिए चेतावनी है। दुनिया भर मे गौरैया की 26 प्रजातियाँ है, जिसमे से 5 भारत मे पाई जाती है। गौरैया की आबादी मे 50 से 60 फीसदी तक की कमी आई है। यदि गौरैया संरक्षण के उचित प्रयास नही किए गए तो हो सकता है कि गौरैया भविष्य की पीढियों को देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सो से अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनो के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' मे डाला है।

राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य मनीष सक्सेना ने बतलाया कि शहरीकरण के कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई व आधुनिक मकानों में गौरैया सहित अन्य पक्षियों के घौंसला बनाने के लिए कोई स्थान न होने के कारण उनमें बसने वाले पक्षियों का बसेरा उजड गया है इस कारण पक्षियों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है जिसके चलते पक्षियों की अनेक प्रजातियां लुप्त प्राय हो चुकी हैं। गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगो को अपने घरो मे कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए जहाँ पर पक्षी आसानी से अपने घोसले बना सके और उनके बच्चे हमलावर पशु पक्षियो से सुरक्षित रह सके। इसके लिए वर्ल्ड संगठन कृत्रिम घौंसले लगाकर गौरैया के रहने तथा खाने के लिए दाना व पानी की व्यवस्था कर पुन: शहरी क्षेत्रों में गौरैया को बसाने की कवायद कर रहा है।

वर्ल्ड संगठन की उपनिदेशक नम्रता ने बतलाया कि जैव विविधता संतुलन में गौरैया सहित अन्य पक्षियो की महत्वपूर्ण भूमिका है। शहरी क्षेत्रों में गौरैया की गिरती संख्या को घ्यान में रखते हुए पिछले बाइस वर्षो से वर्ल्ड संगठन द्वारा पक्षी संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पक्षियों विशेषकर गौरैया के लिए कृत्रिम घौंसले लगाये जा रहे है। उल्लेखनीय है कि संगठन द्वारा गत वर्षो मे हजारो कृत्रिम घौंसले लगाकर पक्षियो को घर उपलब्ध कराए जा चुके हैं जिससे उनकी प्रजननदर मे आशातीत वृद्धि देखने को मिली है।




विश्व गौरैया दिवस पर केंद्रीय मंत्री और राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के.सी. बिश्नोई ने विशेष पोस्टर का विमोचन किया।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम प्रीती जांगीड़ से बदलकर प्रीति विनय जांगीड़ पत्नी श्री विनय जांगीड़ रख लिया है भविष्य में मुझे प्रीती विनय जांगीड़ पत्नी श्री विनय जांगीड़ के नाम से जाने एवं पहचानी जावे।

**खोया पाया**

मेरे मकान नं. 55/168 मानसरोवर के मूल कागजात जिसमें कब्जा पत्र 7 डेज लेटर हेडिंग ओवर पजेशन तथा नोड्यूज लेटर कहीं खो गये हैं मिलने पर सूचित करें। नन्द किशोर शर्मा 9829247037

Ref.No. 22/15/SP-01 दिनांकः- 26.03.22

**आम सूचना**

सिद्धी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सो.लि. लालसोट के सभी सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2021-22 की आम सभा का आयोजन दिनांक 22.03.2022 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक स्थान अग्रवाल सेवा सदन लालसोट में किया जाना है।

अतः आप सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं सुझाव आवश्यक है।

सचिव /अध्यक्ष
सिद्धी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सो.लि. लालसोट

**कार्यालय ग्राम पंचायत कालाडेरा**

क्रमांक-261/ग्रा.प.का./2022 प्रारूप 22 दिनांक-16/03/2022

रा.प.रा.नि.1996 के नियम 173 क (5) के अन्तर्गत

आवासीय भूमिका वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूमि उपयोग संपरिवर्तन करने के संबंध में आक्षेप आमंत्रित करने का नोटिस

| क्र.सं. | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीरामनिवास टेलर पुत्र श्री कल्याण दत्त उर्फ कल्याण सहाय | 216.73 वर्ग मी. |
| 2 | श्रीमती मन्जू देवी पत्नी श्री विनोद कुमार प्रजापत व श्रीमती मीना प्रजापत पत्नी कन्हैयालाल | 311 वर्ग मी. |

नोट- उपरोक्त व्यक्तियों ग्राम पंचायत कालाडेरा में अपने आवासीय उपयोग की भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूमि उपयोग संपरिवर्तन करने हेतु आवेदन किया गया है जिस किसी भी व्यक्ति को आक्षेप (एतराज) हो तो वह गाम पंचायत कालाडेरा में नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आक्षेप मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद ग्राम पंचायत द्वारा उक्त आवेदनों पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी तथा कोई भी आपत्ति/वाद स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्रों में वर्णित भूमि व दस्तावेज का अवलोकन अन्दर मियाद किसी भी कार्यालय दिवस में आकर ग्राम पंचायत कार्यालय कालाडेरा में किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कालोडरा, पं.स.गोविन्दगढ (जयपुर)
सरपंच, ग्राम पंचायत कालोडरा, पं.स.गोविन्दगढ (जयपुर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रसगन, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-44 **निविदा सूचना** दिनांक-16/03/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2021-22 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगल फेस बोरिंग, टंकी मय विद्युत कनेक्शन कार्य पुराना राजकीय विद्यालय रसगन | 25.3.2022 12PM | 25.3.2022 2PM | 25.3.2022 4 PM | 6.71 लाख | 13420/- | 200 |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 200/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रसगन, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)
NIB-ZAL2122A1035
UBN-ZAL2122GSOB02099
सरपंच, ग्राम पंचायत रसगन, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

# भाजपा के कार्यकर्ताओं ने यूडीएच मंत्री धारीवाल के सान्निध्य में कांग्रेस की सदस्यता ली

## 43 भाजपा के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई

**कोटा,** (निसं)। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपने परिवार समेत यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के सान्निध्य में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस जन जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, सचिव और पार्षद साजिद खान लाला और कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत के द्वारा रामपुरा पीपल के पेड़ के वहां यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के मुख्य आतिथ्य में एक सभा का आयोजन कर 43 भाजपा के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के पंजे का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई।

मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है जिसका काम सभी को साथ लेते हुए देश का विकास करना है आज कोटा जिस प्रकार विकास की ओर अग्रसर है उसका फायदा बहुत जल्द कोटा शहर की जनता को मिलेगा आने वाले समय में कोटा की पहचान शिक्षा नगरी के साथ पर्यटन नगरी के रूप में भी होगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी अमित धारीवाल उपस्थित रहे उन्होंने भी कांग्रेस में आए कार्यकर्ताओं का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवादल प्रदेश सचिव अमित सूद अनिल दीप चंदानी युवा नेता अजय नागर शेर अली पार्षद चंद्रमोहन सवालख्या माया जैन अभिषेक सोलंकी अख्तर अहमद असलम बेग चेतन मेवाड़ा पार्षद संजीव जैन पार्षद हुकम चंद बेरवा पार्षद सुनील शर्मा प्रशांत जैन दीपक शर्मा सूरज भाई पवन वर्मा पार्षद अमोलक देवी बृजेश खींची सुखदेव प्रजापति मुकेश प्रजापति पार्षद कौशल्या सैनी जॉनी वर्मा विजय कोडप शाहिद मिर्जा चंद्र प्रकाश गुप्ता जावेद शेरवानी प्रदीप सुमन प्रतिक सैनी चंद्रशेखर सैनी रोहित शर्मा रवि बरठुनिया राजेंद्र कुमार रमेश सुमन भरत मनचानी, प्रीतम बरथुनिया कपिल जोशी रोहित खार्निवाल, हरीश नागर प्रेम वर्मा आदि कांग्रेश जन उपस्थित रहे।

# 15 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की कवायद शुरू

## स्कूलों को लेवल वन के 15500 शिक्षक बोर्ड परीक्षा के बाद मिलेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के स्कूलों को लेवल वन के 15500 शिक्षक बोर्ड परीक्षा के बाद मिलेंगे। 24 मार्च से 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी जो कि 26 अप्रैल तक चलेगी। वहीं राजस्थान प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल अध्यापक सीधी भर्ती 2021-22 लेवल वन में सलेक्टेड कैंडिडेट के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और पात्रता जांच का काम भी 24 मार्च को पूरा होगा।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने लेवल वन के 15500 पदों पर दोगुना कटऑफ में वेरिफिकेशन के लिए जिले वार 30733 कैंडिडेट को बुलाया है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम अंतिम चरण में चल रहा है। 24 मार्च तक यह काम पूरा होने के बाद फाइनल मेरिट, डिस्ट्रिक अलॉट और काउंसलिंग यह तीन प्रोसेस पूरे होने के बाद सलेक्टेड कैंडिडेट को स्कूलों में पोस्टिंग मिलेगी। इन सब में डेढ़ महीने का समय लगने की संभावना है। उधर, 26 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही 28 अप्रैल से स्कूल एग्जाम शुरू होंगे जो 11 मई तक चलेंगे। ऐसे में नए शिक्षक स्कूलों को मई में ही मिलेगें।

डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन के बाद फाइनल मेरिट जारी होने के बाद ही स्थिति किलयर होगी कि 30733 में से किस कैंडिडेट को नियुक्ति मिलेगी। दरअसल, शिक्षा निदेशालय ने 15500 पदों पर इस बार दोगुनी मेरिट जारी की है। जिसमें नॉन टीएसपी क्षेत्र में सामान्य शिक्षा के कट ऑफ मार्क्स सामान्य में 130, ओबीसी में 127, ईडब्ल्यूएस में 124, एससी में 119 और एसटी में 110 है। टीएसपी सामान्य शिक्षा के कट ऑफ मार्क्स सामान्य में 110, एससी में 83, एसटी में 89 गई है। फाइनल मेरिट के बाद इस आंकड़े के और बढ़ने की संभावना है।

तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती की बात करें तो पिछले 4 सालों में जहां 50 हजार कैंडिडेट बढ़े हैं। वही भर्ती के लिए निर्धारित पदों पर दावेदारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। शिक्षक भर्ती 2018 में एक पद पर 3 अभ्यथिर्यों के बीच मुकाबला था। 2018 में लेवल वन के 26 हजार पदों पर 77 हजार आवेदक थे। 2022 में 15500 पदों पर 1.25 लाख कैंडिडेट ने आवेदन किया। एक पद पर 8 से अधिक कैंडिडेट है। शिक्षा विभाग दोगुना कट ऑफ मार्क्स में आए 30733 कैंडिडेट के दस्तावेज सत्यापन के बाद फाइनल मेरिट के आधार पर 15500 कैंडिडेट का सिलेक्शन करेगा।

## नए शिक्षा सत्र से बदलने जा रहा है पढ़ाई का पैटर्न


**बीकानेर,** (कासं)। नए सत्र से स्कूलों में पढ़ाई का पैटर्न बदलने जा रहा है। कोरोनाकाल में हुए लर्निंग गेप को कम करने के लिए नए सत्र में कक्षा एक से आठ के एक करोड़ बच्चों को ब्रिज कोर्स करवाया जाएगा। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषय पढ़ाई जाएगी। इसके तहत बच्चों की भाषायी और गणितीय दक्षता में सुधार लाया जाएगा। आरएससीईआरटी ने इसकी कार्य योजना तैयार कर ली है। इसके लिए 18 वर्कबुक तैयार की जा रही है। इनमें पुरानी दो कक्षाओं की पाठ्य सामग्री शामिल की है। नए सत्र से स्कूलों में पहले चार कालांशों में ब्रिज कोर्स की पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके बाद शेष चार कालांशों में नई कक्षा की पढ़ाई होगी। तीन महीने तक ब्रिज कोर्स को पढ़ाया जाएगा। फिर पूरे साल दो कालांशों में यह ब्रिज कोर्स पढ़ाया जाएगा।

गौरलतब है कि कोरोनकाल में बच्चों की शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। इसको देखते हुए सरकार ने भी ब्रिज कोर्स के लिए 75 करोड़ रुपए बजट में दिए हैं। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से हाल ही कराए गए सर्वे में शामिल 42 हजार शिक्षकों ने माना है कि 60 फीसदी स्कूली बच्चों में लर्निंग लॉस हुआ है। शिक्षकों ने प्रतिक्रियाएं दी है कि पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र का पढ़ ाई का स्तर तीसरी कक्षा के बराबर है।

# टैरिटोरियल फाइट में रणथंभौर के बाघ टी-120 की गर्दन में गहरा घाव

**सवाई माधोपुर,** (निस)। रणथम्भौर नेशनल पार्क में बाघों के बीच टेरोटोरियल फाइट के मामले लगातार सामने आ रहे है। इस बार रणथंभौर का बाघ टी-120 टेरोटोरियल फाइट में घायल हुआ है। रणथम्भौर नेशनल पार्क में क्षमता से ज्यादा बाघ, बाघिन होने से यहां आए दिन टेरोटोरियल फाइट हो रही है। बाघ टी-120 एक बार फिर से घायल हुआ है। टेरोटोरियल फाइट के चलते इस बार बाघ टी-120 के गर्दन में घाव हुआ है। बाघ टी-120 के गर्दन में एक बड़ा घाव है। जो कि वन विभाग के लिए भी चिंता का सबब बन सकता है।

टी 120 को वन विभाग की ओर से रविवार को ट्रेंकुलाइज कर उपचार किया । मुख्य वन संरक्षक टीसी वर्मा के निर्देशन में मेगट वाले घाव का रणथंभौर के वेटरनरी चिकित्सकों ने ट्रेंकुलाइज कर इलाज किया। नेशनल ऑफिसर रणथंभौर टाइगर रिजर्व के डॉक्टर चंद्र प्रकाश मीणा ने बताया कि उपचार करने वाली टीम के मुख्य चिकित्सक डॉ. राजीव गर्ग ने टाइगर का उपचार किया। इस दौरान सहायक वन संरक्षण संजीव शर्मा, एनटीसीए के प्रतिनिधि दौलत सिंह और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि ट्ययूटोरियल फाइट में टी -120 गंभीर रुप से घायल हो गया। रणथंभौर के उपवन संरक्षक महेंद्र शर्मा ने बताया कि बाघ टी-120 के गर्दन में घाव दिखाई दे रहा था। सूचना मिलने के बाद बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही है। वनकर्मियों की ओर से बाघ पर पूरी नजर रखी जा रही है।



घायल टी-120 का वन विभाग की टीम ने उपचार किया।

## कार से नकदी व जेवर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। कार के कॉच फोड़ कर नकदी व जेवरात से भरा पर्स चोरी करने की वारदात का भुपालपुरा थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित मीरा नगर शौभागपुरा निवासी यशपालसिंह पुत्र रघुवीरसिंह शक्तावत ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि गत दिनों सेंटपॉल स्कूल के सामने मेरी कार खड़ी की थी। इस दौरान बदमाश कॉच फोड़ कर कार में रखा पर्स चुरा ले गया। जिसमें दो मोबाईल, सोने की ज्वैलरी व लगभग 5०हजार रुपये नगदी थी।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अशोक मीणा, पुलिस उप अधीक्षक जरनैलसिंह के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने राजकीय बालिका स्कूल के पास गींगला निवासी भगवतीलाल पुत्र शंकरलाल, हिरा कॉलोनी गींगला निवासी लोकेश पुत्र रमेश को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने प्रतापनगर, सविना सब्जि मण्डी के सामनेखड़ी कार से दो मोबाईल, टॉउन हॉल के पिछे नई रोड़ से बाइक से मोबाईल चोरी की वारदात के अलावा हाइवे पर चलते वाहनों से मोबाईल छिनने के वारदातें कबूली है।

# युवक का शव मिला, ग्रामीणों में आक्रोश

## पुलिस ने मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

**चाकसू,** (निसं)। उपखंड के शिवदासपुरा थाना अंतर्गत गोनेर गांव में सुबह फैक्ट्री के पीछे एक व्यक्ति का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। शव को देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

चाकसू थाना अधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि मृतक भैरुराम देवासी पाली जिले के झांझना गांव का रहने वाला था। मृतक भैरुराम यहां गोनेर में लेबर कॉन्ट्रेक्टर के रूप में काम करता था। सूचना पर शिवदासपुरा, चाकसू पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए पुलिस उपायुक्त भरत लाल मीणा के नेतृत्व में टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे एवं रास्ते खंगाले गए। टीम के सम्मिलित प्रयासों से सामने आया कि मृतक भैरूराम देवासी केडी इंटरनेशनल लकड़ी की फैक्ट्री में काम करता था और रात्रि के समय यही रहता था कंपनी में महेश नाम का व्यक्ति भी पत्नी के साथ रहता था।



चाकसू के गोनेर गांव में शव मिलने के बाद शिवदासपुरा थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपी महेश ने करीब 10 दिन पूर्व पत्नी के साथ भैरूराम को बात करते हुए देख लिया था जिस पर आरोपी के मन में पत्नी से अवैध संबंध होने का शक कर गई। जिसके चलते महेश ने अपने साथी राजकुमार के साथ शराब पी और एक अन्य साथी मुलायम सिंह के साथ मिलकर रात्रि के समय जब मृतक भैरूराम सो रहा था तो सोते हुए पर लकड़ी एवं डंडे से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी गई। प्रकरण में 5 घंटे की गहन तफ्तीश के बाद मामले में खुलासा करते हुए तीनों मुजरिमों को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में काम में लिए गए हथियारों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राजकार्य में बाधा डालने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। घासा थाना पुलिस ने माईनिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के मामलेमें छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार गत दिनों पीड़ित खान विभाग कर्मचारियों द्वारा अवैध खनिज मेसरनरदी स्टोन का खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने पहुंचे विभाग के कर्मचारियों के साथ बदमाशों ने मारपीट की थी।

- **कर्मचारियों के साथ बदमाशों ने मारपीट की थी**

इस मामले मं प्रकरण दर्ज होने जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश कंवर के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने झालों का गुड़ा सुखेर निवासी खुशपालसिंह, भीमसिंह, कानसिंह, दलपतसिंह, पुष्करसिंह, लालसिंह को गिरफ्तार किया।

# अलवर में परचून की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान जला

**अलवर,** (निसं)। सदर थाना अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर कस्बे के एक घर में स्थित परचून की दुकान में देर रात शॉर्ट सर्किट होने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

ग्रामवासी सुरेश चंद साहू ने अपने ही घर में एक परचून की दुकान कर रखी है । विगत रात्रि लगभग 2:15 बजे के समय ताऊ के लड़के अमर चंद साहू जो टेलर का कार्य करता है वह अपनी दुकान पर कपडे सिलने जा रहा था रास्ते में सुरेश चंद का मकान था, उस मकान में बनी दुकान में आग की लपटें देखी तो सुरेश के साथ मिलकर दुकान खोली दुकान में आग की लपटें वह धुंआ हो रही थी। जिससे दुकान में रखा हुआ परचून लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटों पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे एक बडा हादसा होने से टल गया।

संदर्भ में पुलिस थाना सदर में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है और प्रशासन को भी सूचित किया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच संजय गर्ग ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। वही प्रशासन का कहना है कि घटना की पटवारी द्वारा रिपोर्ट ली जाकर पीड़ित को यथा सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।



ग्राम बहादुरपुर कस्बे की दुकान में जला पड़ा सामान।

## तेंदुए का शावक समझ रेस्क्यू करने गए, बिल्ली निकली

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर में इंदिरा गांधी स्टेडियम के पास सरकारी आवास में तेंदुए के शावक के घूमने की सूचना ने एक बार हड़कंप मचा दिया। लेकिन बाद में टीम रेस्क्यू करने आई और पड़ताल किया तो मालूम चला कि शावक नहीं बल्कि बिल्ली है।

- **अलवर शहर में स्टेडियम के पास सीसीटीवी कैमरे में बिल्ली तेंदुए के शावक जैसी दिख रही थी**

असल में सीसीटीवी में बिल्ली तेंदुए के शावक की तरह थोडी बडी नजर आ रही थी लेकिन जब मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची तो बिल्ली घूमती दिखी। वनविभाग के कर्मचारियों ने बताया कि सीसीटीवी में तेंदुए के शावक जैसा जानवर दिखा। उस जगह पर सरकारी अधिकारी व कर्मचारी रहते हैं। उनके क्वार्टर बने हुए हैं।

## मर्डर का खुलासा कर पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया

**अलवर,** (निसं)। नीमराणा के ततारपुर में एक मर्डर के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए 4 जनों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला सुनैन और उसके कपड़ा व्यापारी पति कपिल गुप्ता शामिल हैं। दरअसल मृतक महिला प्रियंका व्यापारी कपिल के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थी। इस दौरान दोनों में संबंध बन गए। प्रियंका शादी की जिद करने लगी, व्यापारी नहीं माना तो ब्लैकमेल करने लगी। आखिर कपिल ने अपनी पत्नी और दो नौकर के साथ मिल प्रियंका की हत्या कर दी।

- **व्यापारी ने पत्नी और नौकरों के साथ मिलकर की थी महिला की हत्या**
- **शादी का दबाव बना 50 लाख रुपए मांग रही थी महिला**

मामले में प्रियंका व्यापारी से 50 लाख रुपए मांग रही थी। इसके बाद हत्या की पूरी प्लानिंग की गई। 14 मार्च को व्यापारी ने प्रियंका को अपने नौकरों के साथ बैंक से रुपए निकालने के लिए भेजा। जो उसे गाडी में बैठाकर ले गए। फिर चलती गाडी में युवती का गला दबा दिया। फिर लाश ठिकाने लगाने के लिए कपिल की पत्नी सुनैना को गाडी में बिठा लिया । दिन में 3 बजे गाडी दिल्ली से रवाना हुई। फिर बहरोड से होते हुए शाम 7:30 बजे नीमरातणा के इंदिरा बस्ती पुलिया पर पहुंचे। यहां लाश पटकने के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए। करीब 11:30 बजे वापस दिल्ली पहुंच गए।

जांच के दौरान पुलिस के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाडी के नंबर की पहचान की। इसके आधार पर दिल्ली के आनंद विहार, गांधीनगर, करावल नगर और गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। तब जाकर चारों आरोपी गिरफ्तार किए गए।

## नहीं रुक रहा मार्बल का अवैध परिवहन



अलवर-राजगढ़ क्षेत्र में बेखौफ दौड़ते डंपर।

**अलवर,** (निसं)। अलवर-राजगढ़ क्षेत्र से अवैध सफेद मार्बल पत्थरों से भरे डंपर रोड पर खुले में दौड़ रहे हैं। कुछ दिनों पहले कार्य देशक कीर्ति यादव द्वारा अवैध मार्बल से भरे वाहनों पर लगातार कार्रवाई की गई थी लेकिन अब ऐसा लग रहा है जैसे अवैध मार्बलों से भरे डंपर माफियाओं में प्रशासन का बिल्कुल खौफ नहीं है।

राजगढ़ क्षेत्र के बल्देवगढ़, गोवर्धनपुरा क्षेत्र से लगातार अवैध ओवरलोड सफेद मार्बल से भरे पत्थर उद्योग नगर में खुलेआम चल रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इन क्षेत्रों से भारी मात्रा में अवैध ओवरलोड मार्बल पत्थरों से भरे डंपर गूंदपुर गांव से खुलेआम तेज रफ्तार से उद्योग नगर क्षेत्र में आते हैं जिससे गांव में रोड पर कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। अगर प्रशासन व खनन विभाग इन पर अंकुश नहीं लगाता है तो जल्द ही ओवरलोड सफेद मार्बल से भरे वाहनों के खिलाफ जल्द ही उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## तेंदुए के मूवमेंट से ग्रामीण में दहशत

**रामगढ पचवारा,** (निसं)। समीपवर्ती क्षेत्र के डीडवाना ग्राम में शनिवार की रात को आबादी क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट होने के कारण ग्रामीणों में दहशत बन गई। डीडवाना ग्राम स्थित पहाड़ी से तेंदुआ नीचे उतरकर आबादी क्षेत्र में घुस गया एवं दहाड़ मारने पर तेंदुए के मूवमेंट का ग्रामीणों को पता चला। इसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण युवाओं द्वारा शोरगुल मचा कर तेंदुए को आबादी क्षेत्र से खदेड़ कर वापस पहाड़ियों में चढ़ा दिया। वहीं तेंदुए के मूवमेंट से खोफजदा ग्रामीणों ने बताया कि विगत चार सालों से यहां पर तेंदुए का मूवमेंट लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ियों में वन्यजीवों को गर्मियों में प्यास बुझाने का कोई साधन नहीं होने के चलते प्यास से परेशान वन्यजीव ग्रामीण क्षेत्र की आबादी में पानी की तलाश के चलते भटकते हुए वहां पहुंच जाते हैं। वन विभाग की उदासीनता ग्रामीणों का भारी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पहाड़ियों से तेंदूए एवं अन्य वन्यजीवों की दहाड़ स्पष्ट सुनाई देती। तेंदुए के मूवमेंट को लेकर ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को रेस्क्यू कर पकड़ने की मांग की है।

# आरएएस मुख्य परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न

## सिलेबस के अनुसार ही प्रश्न पत्र आया कोई भी प्रश्न आउट ऑफ़ कोर्स नहीं था

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2021 रविवार को 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक दो सत्रों में राज्य के समस्त संभागीय जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण आयोजित की गई। जिला कन्ट्रोल रूम से दूरभाष पर प्राप्त सूचना अनुसार सामान्य अध्ययन-प्रथम में अजमेर में 2450, भरतपुर 1784, बीकानेर 2086, जयपुर 6494, जोधपुर 3616, कोटा 621, उदयपुर 1083 एवं सामान्य अध्ययन-द्वितीय में अजमेर में 2435, भरतपुर 1773, बीकानेर 2075, जयपुर 6419, जोधपुर 3585, कोटा 621, उदयपुर 1076 अभ्यर्थी उपस्थित हुये।

सामान्य अध्ययन-प्रथम में उपस्थिति 89.01 प्रतिशत एवं सामान्य अध्ययन-द्वितीय में उपस्थिति 88.28 प्रतिशत रही। परीक्षा देकर लोटे अभार्थियों ने बताया की सिलेबस के अनुसार ही प्रश्न पत्र आया कोई भी प्रश्न आउट ऑफ़ कोर्स नहीं था। अल सुबह से ही अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्रों के बाहर जुटना शुरू हो गए थे कड़ी सुरक्षा व जांच के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया।

परीक्षा में 243 अतिरिक्त अभ्यर्थियों को भी अस्थाई रूप से परीक्षा में शामिल किया गया है। यह 243 वे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम को निरस्त कर नए सिरे से परिणाम जारी करने को ले कर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर फिलहाल याचिकाकर्ता इन अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से परीक्षा में शामिल किया गया है और इनका नतीजा भी बन्द लि फाफे में रखा जाएगा जब तक कि सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में अंतिम फैसला नहीं आ जाता।

- **243 अतिरिक्त अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अस्थाई रूप से परीक्षा में शामिल किया गया**



अजमेर के एक परीक्षा केन्द्र से परीक्षा देकर लौटते अभ्यर्थी।

# युवक ने पानी की कैन गर्म तेल की कढ़ाई में डाली, आधा दर्जन लोग झुलसे

**जयपुर।** राजधानी के रामगंज थाना इलाके में बालजी की कोठी में पहले समोसा नहीं देने से गुस्साए एक युवक ने खौलते हुए तेल की कढ़ाई में बीस लीटर पानी का कैन डाल दिया।

जिससे उबलता हुआ तेल उछल कर वहां मौजूद ग्राहकों और हलवाई के ऊपर जा गिरा। इस हादसे में आधा दर्जन लोग झुलस गए। इसके बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। इस पूरे मामले को लेकर समोसा बेचने वाले अतीकुर्रहमान ने मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया की पीड़ित बालजी की कोठी स्थित अपनी दुकान पर समोसे बेच रहा था। उस समय ग्राहकों की काफी भीड़ दुकान पर मौजूद थी। तभी वहां पर तौसीफ अंसारी नाम का एक युवक समोसा खरीदने आया। उसने पीड़ित से समोसे की मांग की।

पीड़ित ने तौसीफ को कहा कि थोड़ा समय लगेगा। पहले जो ग्राहक आए हुए हैं, उन्हें समोसा दिया जाएगा। यह बात सुनकर तौसीफ भड़क गया और पीड़ित पर पहले समोसा देने के लिए दबाव बनाने लगा।

जिस पर पीड़ित ने तौसीफ को पहले समोसा देने से मना कर दिया। इस पर उसने दुकान में रखा बीस लीटर पानी का कैन उठाकर समोसा बनाने वाली कढ़ाई के खौलते हुए तेल में गिरा दिया। इससे उबलता हुआ तेल उछल कर ग्राहकों और पीड़ित के ऊपर जा गिरा। गर्म तेल से आधा दर्जन लोग झुलस गए और मौके पर भगदड़ मच

- **समोसा जल्दी देने की बात को लेकर हुआ विवाद**

गई। राहगीरों ने झुलसे हुए लोगों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया,जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद पीड़ित ने तौसीफ अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

## व्यापारी से एक लाख रुपए की ठगी

**जयपुर।** राजधानी के बजाज नगर थाने में व्यापारी से करीब एक लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि टोंक फाटक निवासी पंकज अरोड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़ित ने बताया कि उनका आयुर्वेदिक सामान बेचने का काम है। उन्होंने हरिद्वार स्थित एक कंपनी का सामान खरीदने के लिए 14 मार्च को गूगल पर ऑनलाइन नंबर सर्च किया।

कंपनी प्रतिनिधि मोतीराम नाम के साथ उसका नंबर लिखा था। उस नंबर पर बात की तो दफ्तर बंद होने का हवाला दे अगले दिन बात करने की कहकर फोन काट दिया। अगले दिन पंकज सिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया और पीड़ित से सामान भेजने के बदले में ऑनलाइन 50 हजार रुपए जमा करवा लिए। लेकिन सामान नहीं भेजा। ठगी का पता चलने पर 17 मार्च को गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च कर संपर्क किया। तब भी परिवादी से 56 हजार रुपए जमा करवा लिए। लेकिन दूसरी बार भी नंबर कंपनी का नहीं होकर जालसाज का था। तब थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## गणपत सिंह राठौड़ शहर अध्यक्ष बने



**जयपुर**, (कासं)। श्रीराजपूत सभा जयपुर के चुनाव अधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह चौहान, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर आज राजपूत सभा जयपुर की जिला इकाई जयपुर शहर का चुनाव आज श्री राजपूत सभा भवन भगवान दास रोड जयपुर पर सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी हेमेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि चुनाव में गणपत सिंह राठौड को अध्यक्ष पद पर 139 से निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव टीम सदस्य के द्वारा सुरेन्द्र सिंह डाबडी, सहदेव सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, महेश प्रताप सिंह, अजीत सिंह चौहान, विक्रम सिंह लिवाणा, गोविन्द सिंह चन्द्रावत, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, सुरेन्द्र सिंह राजावत, टी पी सिंह, ब्रजपाल सिंह, सुमन शेखावत, पूनम राठौड, सोनू शेखावत, मनीषा राठौड, अमृता जादौन, नंद सिंह राजावत व अन्य की देखरेख में चुनाव सम्पन्न करवाये गये। जयपुर शहर के सबी तहसीलों के सदस्यों ने चुनाव कार्य में हिस्सा लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को राजपूत सभा महामंत्री बलवीर सिंह हाथोज, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह खानपुर, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड़, कोषाध्यक्ष जबर सिंह, अजयपाल सिंह पंचकोडिया, जोगेन्द्र सिंह सांवरदा, नटवरसिंह, नत्थू सिंह सूरोठ, प्रताप सिंह राणावत, पृथ्वी सिंह काली पहाडी, प्रद्युमन सिंह शेखावत, रामसिंह, विक्रम सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, वीरेन्द्रपाल सिंह, सुमन कंवर बाबरा, हेमेन्द्र कुमारी दूदू समस्त कार्यकारिणी जयपुर देहात पूर्व अध्यक्ष रामसिंह चन्दलाई, गजराज सिंह राजावत, महासचिव टी बार एसोसियेशन जयपुर ने बधाई देकर माला पहनाकर स्वागत किया।

## नाथद्वारा में 26 व 27 मार्च को जुटेंगे देशभर के ब्राह्मण

**जयपुर।** श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा में 26 व 27 मार्च को देशभर के ब्राह्मण जुटेंगे और विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय समागम में ''उन्नत समाज, समर्थ राष्ट्र'' के ध्येय वाक्य को दृष्टिगोचर रख समाजोत्थान से जुड़े अनेक निर्णय लिए जाएंगे। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी (विधायक) व राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि विप्र फाउंडेशन की दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के पहले दिन 26 मार्च को श्रीअभ्युदय उत्सव के नाम से महिला समागम होगा। इस समागम में नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा एवं क्रांतिकारी कदम उठाते हुए ''विप्रम'' नामक एक ऐसे पोर्टल को लॉंच किया जाएगा जिसके माध्यम से महिलाएं अपने उत्पाद डिस्पले कर घर बैठे ही ऑनलाइन विक्रय कर सकेगी। समाज की ख्यातिनाम महिलाओं को ''तेजस्विनी'' सम्मान से पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसी दिन शाम को कांकरोली में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। ये शोभायात्रा द्वारकेश वाटिका पहुंच प्रबुद्धजन सम्मेलन में तब्दील हो जाएगी। इस प्रबुद्धजन सम्मेलन में विविध क्षेत्र में कार्यरत स्थानीय प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भजन संध्या होगी।

27 मार्च को नाथद्वारा में विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी जिसमें महिला स्वावलम्बन, युवा विकास, शिक्षा तथा संगठन से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। दो दिवसीय इस ब्राह्मण महासंगम का शुभारम्भ विशाल बाबा तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी करेंगे। इसमें सांसद, विधायक व राज्य सरकार की ओर से मनोनीत बोर्ड-निगम व आयोग अध्यक्ष-उपाध्यक्षों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया हैं।

# काव्यमय हुआ जेएसजी कैपिटल का कवि सम्मेलन




**जयपुर के सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल प्रांगण में होली के अवसर पर आयोजित जैन सोशल ग्रुप कैपिटल के हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन में ख्यातनाम कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी।**

**जयपुर।**, (का.सं.)। गुरुओं की महिमा को कवि की वाणी नही बता सकती.... फागुन साजन बावला,ना समझे रे पीर... अर्थ व्यवस्था को ऊंचा सेंसेक्स देते हैं...जैसी कविताओं का काव्य पाठ करत देश क ख्यातिनाम कवि और इन पर ठहाक लगात काव्य रसिक। कुछ ऐसा ही दृश्य सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल प्रांगण में होली क अवसर पर आयोजित जैन सोशल ग्रुप कैपिटल क 16 वें हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन में देखने को मिला जो देश के ख्यातिनाम कवियों हास्य, व्यंग्य ओज व शृंगार रस की कविताएं सुनाकर श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया।
ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष चन्द्र जैन ने बताया कि कवि सम्मेलन का शुभारंभ समाजश्रेष्ठी हेमंत-सुरभि गोधा ने किया। फिर शुरू हुआ कवि सम्मेलन जिसमें इटावा से आए राम भभदावर ओज ने नयन मूंद कर बैठेगे पर तुम्हेंभभव्य कर छोड़ेंगे।

खुद बैरागी बने रहेंगे तुम्हे दिव्य कर छोड़ेंगे।

गुरुओं की महिमा को कवि की वाणी नही बता सकती। गुरु मिट्टी के भी होंगे तो भी एकलव्य कर छोड़ेंगे..जैसी कविता सुना ,वहीं भोपाल के हास्य कवि लक्ष्मण नेपाली ने जब जब कागज पर लिखा मैंने मां का नाम।

कलम अदब से के उठी हो गए चारों धाम... जैसी काव्य पंखुड़ियां सुनाकर श्रोताओं की खूब दाद पा।

कवि सम्मेलन को परवान चढाया प्रतापगढ से आए हास्य कवि पार्थ नवीन ने जिन्होंने भाई जिताने को बहन चली थी भाई तो भोला ओर बहना भोली थी।

योगी, योगी योगी योगी है उत्तर प्रदेश में... जैसी कविताओं की पंक्तियां सुनकर श्रोता लोट-पोट हो गए। इधर कवयत्री दीपिका माही ने फागुन साजन बावला,ना समझे रे पीर,,म्हे मदगाली गोरडी,कब तक धारूँ धीर...व शाहपुरा के कमल मनोहर ने अर्थ व्यवस्था को ऊंचा सेंसेक्स देते हैं, व्हाट्सैप मेल नहीं सीधा फैक्स देते हैं,बेशक सरहद पर खून की नदियाँ नहीं बहाते,पर व्यापारी अपना पेट काट कर टेक्स देते हैं...कविता सुना।

इसके अलावा कवयत्री गौरी ने भी ना खुद तरसों मेरे हमदम, ना तरसाने की होली है ये सावन की फुहारों सी बरस जाने की होली है,यूँ रंग दे तू मुझे कान्हा यही एहसास हो मुझको,ये वृंदावन की होली है,ये बरसाने की होली है...जैसी कविताओं से कवि सम्मेलन को रूमानियत प्रदान की।

# लाखों की नकदी और जेवरात चुराने वाला नौकर गिरफ्तार

**जयपुर।**(कासं)। राजधानी की मानसरोवर थाना पुलिस ने 19 लाख रुपए और जेवरात चोरी के मामले में नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से चोरी की राशि व अन्य सामान बरामद करने का प्रयास कर रही है।

डीसीपी दक्षिण मृदुल कच्छावा ने बताया कि 20 फरवरी को मांग्यावास मानसरोवर निवासी सौरभ जैन ने रिपोर्ट दी थी। वह दौसा सवामणी में शामिल होने गए थे। घर पर नौकर जितेंद्र सैनी उर्फ कीड़ी था। वह घर से 19 लाख रुपए नकद और जेवरात लेकर फरार हो गया था। पीड़ित सौरभ जैन के यहां लाखों रुपए घर में आते रहते थे और साथ ही आरोपित नौकर जितेंद्र सैनी की सैलरी कम थी। वह अपने मालिक के

- **आरोपी ने चोरी के रुपयों से कर्ज चुकाया और सुपर बाइक तथा दो आइफोन खरीदे।**

रहन-सहन से प्रभावित था और जल्द ही अमीर बनना चाहता था। इसी वजह से उसके मन में लालच पैदा हुआ। जिस दिन उसका मालिक सवामणी में शामिल हो गया वह नोटों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। फरारी में वह किराए पर कैब लेकर राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश और हरियाणा के कई शहरों में मौज मस्ती करता रहा। इसके अलावा चोरी की रकम से महंगी दारू के साथ होटलों में ऐसो आराम किया। पुलिस ने बताया कि उसने चोरी की राशि से अपने गांव में कई लोगों का कर्जा भी चुकाया। पुलिस ने आरोपित की तलाश में तीन बार दिल्ली,यूपी और महुआ के चक्कर लगाए। लेकिन आरोपी पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही फरार हो जाता था। इस पर तकनीकी टीम की मदद से पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अपने घर दौसा जिले के मंडावर आया हुआ है। इस पर पुलिस टीम जयपुर से पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से उसे धर दबोचा। साथ ही चोरी की रकम से खरीदी गई बाइक और मोबाइल भी बरामद कर लिए। फिलहाल पुलिस की टीम आरोपित से चोरी किए गए बाकी रकम को बरामद करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।



**शिक्षा मंत्री डॉ.बी.डी. कल्ला ने जयसिंहपुरा जयपुर में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकृत भवन, कंप्यूटर लैब, तथा स्पोर्ट्स ग्राउंडस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जागृति के संस्थान के अध्यक्ष जे के जाजू ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से अनेक समाज सेवा के कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रही है।**

# मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी की मुहाना थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के 2 लाख रुपए कीमत के मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, लूट व चोरी के करीब आधा दर्जन प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा ने बताया कि मोबाइल लूट के आरोपी जोगेन्द्र सिंह (21) निवासी सचिवालय विहार रीको कांटा मानसरोवर और मनीष सांसी (24) निवासी डिग्गी टोंक हाल सचिवालय विहार मानसरोवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को फुटेज के आधार पर दबिश देकर पकड़ा है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए मोबाइल लूटने की वारदातें करते

- **दो लाख रुपए के मोबाइल व वारदात में काम ली बाइक जब्त**
- **दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, लूट व चोरी के करीब आधा दर्जन प्रकरण दर्ज है।**

थे। आरोपी वारदात को अंजाम देते समय विरोध होने पर मारपीट तक कर डालते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 लाख रुपए के 4 मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है।

पुलिस पूछताछ में कई अन्य वारदातों के साथ ही लूट का माल बरामद करने के प्रयास कर रही है।

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का समापन



**जयपुर के नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में अष्टान्हिका पर्व के पावन पर्व के अवसर पर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का समापन हुआ।**

**जयपुर।**, (कासं)। नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में अष्टान्हिका पर्व के पावन पर्व के अवसर पर स्वस्तिधाम प्रणेता,परमपूज्य गणिनी आर्यिका रत्न श्री स्वस्तिभूषण माताजी,भारत गौरव आर्यिका श्री विज्ञाश्री माताजी,परम पूज्य आर्यिका श्री भरतेश्वरी माताजी व आर्यिका सौम्यनंदिनी माताजी के सानिध्य में भट्टारक जी की नसिया में 256 मंडलीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का समापन मंडल पर 1024 अर्घ अर्पित करने व विश्व शांति महायज्ञ व श्रीजी की निकली शोभायात्र के साथ हुआ । इस मौके पर गूंज रही स्वर लहरियों व जयकारों से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। इस मौके पर आयोजन समिति के शिरोमणि संरक्षक कैलाशचंद, माणकचंद रमेशचंद ठोलिया व अध्यक्ष शिखरचंद पहाड़िया ने बताया कि सुबह नित्य नियम पूजा के बीच श्रीजी की शांतिधारा की गई। इसक बाद विधान में मंडल पर 1024 अर्घ्य चढाए गए। समापन पर इन्द्र-इन्द्राणियों में विश्व में शांति की कामना के लिए विश्व शांति महायज्ञ में हवन में आहुतियां दी। इसके बाद श्रीजी की शोभयात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गूंज रही धन्य-धन्य आज घडी कैसी सुखकार है...मंत्र णमोकार हमें प्राणों से प्यारा...गा रे भइया, गो रे भइया...जैसी भजनो की स्वर लहरियों पर नाचते -गाते हुए चल रहे थे और वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। शोभायात्रा के आसपास के क्षेत्र से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची ।इस मौके पर

आयोजन समिति के शिरोमणि संरक्षक कैलाशचंद, माणकचंद रमेशचंद ठोलिया,अध्यक्ष शिखरचंद पहाडिया,स्वागताध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संयोजक चेतन निमोडिया , प्रशसनिक समन्वयक भारत भूषण जैन, कोषाध्यक्ष दीपक बोहरा व प्रचार मंत्री दीपक बिलाला सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकताओं को माताजी के सानिध्य में सम्मान किया गया।

# व्यापारी का आठ लाख रुपयों से भरा बैग चोरी

**जयपुर।** कपड़ों के व्यापार के सिलसिले में बेंगलुरु से जयपुर आए एक व्यापारी का माणक चौक इलाके में सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से 8 लाख रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। इस संबंध में व्यापारी ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु निवासी व्यापारी अभिनंदन गांधी ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जयपुर, अहमदाबाद और मुंबई से कुर्ती खरीदने व बेचने का काम करता है।

बेंगलुरु से ट्रेन में सवार होकर जयपुर पहुंचा और फिर उसके बाद 10 बजे के करीब सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर में अपने साथ एक लाल रंग का बड़ा बैग लेकर पहुंचा, जिसमें कुर्तियां और अन्य कपड़े मौजूद थे। साथ ही एक पीले रंग का छोटा बैग भी मौजूद था जिसमें 8 लाख रुपए रखे हुए थे।

बैग को मंदिर में ही एक किनारे रख दिया और फिर पूजा पाठ करने लग गया। पूजा पाठ करने के बाद जब व्यापारी ने अपना बैग देखा तो वह गायब मिला। इस पर उसने मंदिर में इधर-उधर बैग तलाशा और पुजारी से बैग के बारे में पूछा। इस पर पुजारी ने मंदिर के अंदर से लाल रंग का बैग लाकर व्यापारी को दे दिया और कहा कि कोई व्यक्ति बैग लावारिस समझ कर उसे दे गया था।

जहां पुजारी के बैग दिए जाने के बाद जब पीड़ित व्यापारी ने बैग खोलकर देखा तो बैग में रखा आठ लाख रुपयों से भरा पीले रंग का छोटा बैग गायब मिला।

इसके बाद व्यापारी ने थाने पहुंच कर चोरी का मामला दर्ज करवाया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मंदिर के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## ''ढूंढाड़ की धमाल 2022'' का आयोजन

**जयपुर।** ढूंढाड़ परिषद के तत्वावधान में ''ढूंढाड़ की धमाल 2022'' का आयोजन ई. पी ईस्ट लॉन जयपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ओर अतिथि सांसद रामचरण बोहरा, ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, पुनीत कर्णावत, पूर्व विधायक घनश्याम तिवाड़ी, अरुण चतुर्वेदी, मोहनलाल गुप्ता, ज्ञानदेव आहूजा के साथ जयपुर हेरिटेज ओर ग्रेटर के पार्षदगण सहित प्रमुख समाजों ओर व्यापार मंडलों के अध्यक्षों सहित कई गणमान्य प्रमुख लोगो दीप प्रज्वलन करके किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ढूंढाड़ के सुप्रसिद्ध गालीबाज कैलाश गौड़ ने पारम्परिक चंग ओर ढप के साथ गणेश वंदना कर किया। कार्यक्रम में लोकप्रिय लोकगीत गायक बेबो आकांक्षा शर्मा, लोकगीत एवं भजन गायक कौशल कुमावत, लोकप्रिय प्रसिद्ध कवि भगवान सहाय पारीक ने प्रस्तुति दी।

# पचास से ज्यादा पुलिसकर्मी बच्चियों को तलाशने में जुटे

**जयपुर।** महेश नगर से लापता दो बहनों का 46 दिन बीतने के बाद भी सुराग नहीं लगा है। बच्चियों की तलाश में पचास पुलिसकर्मियों के साथ पांच विशेष टीम जुटी हुई है। एक टीम को आखिरी लोकेशन के आधार पर लखनऊ भेजा गया है। जहां पर स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बच्चियों को तलाशा जा रहा है। इसके बावजूद पुलिस दोनों बहनों को तलाश नहीं पाई। इस मामले को लेकर वकील सोमवार सुबह रोड जाम करेंगे।

पुलिस ने बताया कि दोनों बहनों की आखरी बार लखनऊ के चारबाग और फिर निशातगंज क्षेत्र में देखा गया है। लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम को लखनऊ भेजा गया है। लखनऊ में कुछ सीसीटीवी फुटेज में दोनों बहने रेलवे स्टेशन और अन्य जगह पर दिखाई दी हैं। चारबाग रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चियां ट्रेन से उतरकर जाते दिखी थी।

- **मामले को लेकर वकील आज करेंगे रोड जाम**

कुछ देर दोनों वेटिंग रूम में रुकी भी। जिसके बाद ऑटो में सवार होकर जाने की भी सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिले हैं। दोनों ही फुटेज में बच्चियां अकेली नजर आई।

जयपुर से गई पुलिस टीम, लखनऊ क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर बच्चियों को तलाश कर रही है। मामला दर्ज होने के बाद से पचास पुलिसकर्मियों को बच्चियों की तलाश में लगाया गया है। इसी के साथ डेडिकेटेड टेक्नीकल, साइबर टीम, कमिश्नरेट की स्पेशल टीम व साउथ जिले की डीएसटी बच्चियों की तलाश कर रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजयपाल लांबा पूरे मामले की मोनिटरिंग कर रहे हैं।

# फाग रचनाओं से खिल उठा होली मिलन समारोह


**जयपुर।** (का.सं.)। श्री वीर सेवक मंडल,जयपुर का फूलों की रंगारंग होली समारोह सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। इस मौके पर ख्यातिनाम कलाकारों ने फाग रचनाओं व रास ने माहौल को सतरंगी बना दिया।

वीर सेवक मंडल,जयपुर के अध्यक्ष महेश काला ने बताया कि इस मौके पर समारोह के गौरवमयी अतिथियों में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु-ऋतु कासलीवाल,श्रीमहावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल-कुसुम संघी, समाजसेवी अनिल-उमा दीवान व चेतन-रेखा छाबड़ा बगरू-बेगस वाले रहे। सभी अतिथियों का मंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मंत्री भानु कुमार छाबड़ा ने बताया कि इस



**श्री वीर सेवक मंडल,जयपुर का फूलों की रंगारंग होली समारोह सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। इस मौके पर ख्यातिनाम कलाकारों ने फाग रचनाओं व रास ने माहौल को सतरंगी बना दिया।**

समारोह में चंग ढप के बीच राजस्थानी कलाकार कृष्ण रास की प्रस्तुति दी,वहीं कलाकारों ने होलिया में उड़े रे गुलाल...आज बिरज में होली रे रसिया..जैसे फाग गीतों ने समारोह को रोचक बना दिया। इस मौके पर आरयू के कुलपति प्रो.राजीव जैन, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा के अध्यक्ष सुधीर जैन दौसा वाले,भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ कमेटी के राजस्थान अंचल के अध्यक्ष राजकुमार कोठदूारी, प्रसिद्ध रत्न व्यवसायी विवेक काला,बैनाड जैन मंदिर से प्रकाश गंगवाल,अशोक जैन नेता,मुकेश सौगानी, समाचार जगत के संपादक शैलेन्द्र के.गोधा,सुभाष चन्द्र जैन,सुभाष बज,अरुण काला मटरू सहित वीर सेवक मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## World Poetry Day

Poetry can change the way people view the world, inspire others, and mend the bonds between people and create harmony with each other. However, poetry too can be considered a dying art in a world filled with technology and more advanced ways of conveying messages of art and beauty. World Poetry Day aims to appreciate the sentiment that poetry can create forming meaningful relationships and expand one's mind about history and cultures.



#J'ADORE

# Twist Me Pretty

Predictable is the last word we can used to describe the upcoming summer days, but if there's anything you can count on when the temp hits 50, it's the best ponytail hairstyles.



**Bubble Ponytails**

By adding a few elastics down the length of your ponytail and pulling on each side of the hair until it forms a 'bubble' shape, you can make a basic ponytail more fun.

Summer weddings call for romantic but practical hairstyles, especially if you're getting married in a location that's known for being hot and humid. Updos are (unsurprisingly) among the most popular summer wedding hairstyles, but there are so many different ways to wear your hair up- and that's not even your only option!

Ahead, get inspiration to style your hair into the high, low, and well-accessorized ponytails of your dreams. But be forewarned: you may never want to let your hair down again.

**Braided Ponytails**



Add a few braids to your ponytail or braid your entire head to keep cool as temperatures climb. A braided ponytail will ensure as much as of your hair possibly stays off your neck this summer.

**Accessories**



An easy way to jazz up a basic low or high ponytail is by adding barrettes, bows, scrunches, or scarves to coordinate with your carefully selected outfit. Pearl-encrusted accessories are particularly popular this summer.

**Designer Chains**



The coolest way to repurpose an old necklace or chain belt in the braids by simply wrapping it around the base of a low pony.

**Textured Ponytails**

Place your ponytail at the centre of your head or the crown, to give your hair lift and keep cool. You can use a teasing comb to add volume to your crown or body to your ponytail. Try crimping or curling the length of your hair to add texture to your pony.





**Snatched Ponytail**

For a flirty look that will keep your hair out of your face, try a high ponytail on the crown or top of your head. Smooth out the top of your hair and pull it back tightly in a snatched pony, wearing the ends in curls or keep it straight. You can wrap the base in a strip of your hair from the underside of your ponytail and secure with a bobby pin to make it look even more chic.

*-Shruti Kothari*

Another lap of 250 metres sends funny sensation to Sanjay's jawline. He realises he can't carry on any more. He decides to return and rest for the day. After all, the last few days have been very hectic when he had to do the running around for setting up of new equipment providing a battery of new blood tests. The application engineer, who is here from Delhi, can always wait. A few auto rickshaws are plying on the road outside. Should he call them and go to the SMS emergency? After all it is the largest public hospital of the area. He is not sure whether he will find somebody known to him there. Most of his batch mates have already travelled far and wide, and settled in other cities. Recalling his own residency days, he fears the ER (emergency) may not be well-equipped.



Dr Rajeev Bagarhatta
*Cardiologist*

# If only... Lessons From Life

#MED





Looking through the rear mirror, Sanjay reverses his Maruti to the right side and deftly manoeuvres it in the last slot available at the parking of the Central Park. As he pulls out the ignition keys, everything gets quiet. The nip in the fresh morning air sweeps his lethargy away, clearing the smell of petrol fumes spewing from his car. His car is long overdue for its service.

Getting onto the winding walkway, he tries to step beyond the inertia of first few hundred metres after which, his body would naturally fall into the well-accustomed groove. Though it is almost a fortnight that he has returned to his favourite track.

The compulsions of his private practice are eating into the exuberance which he has been known for. Working hard to attract increasing number of patients to his clinic, then squeezing time to attend to all of them, solving the nitty-gritty of his double-storey clinic in the congested by-lanes of the walled city, and then attending to late night parties with the fellow private doctors left him exhausted by the end of the day. He knew he can draw upon the reserves of his active sporting life of his medical college days. But how for long!

The freshly painted milepost with 250 metre mark has just passed by as he is consumed by the perfumes of the park which usually prepare him for the fumes of the coming day. But today he is bothered by an unpleasant salivation building up from his food pipe since last couple of minutes. This is not dissimilar to the feeling he has after an alcoholic binge with lot of salty snacks thrown in. But the last such party was three days ago, he reasons with himself.

"Hello Doctor Saheb!" A group of morning walkers greeted him, "Seeing you after a long time." They are gone without bothering to listen to his answer. He is back with his morning walk with its passing pageant of tentative green and monsoon lushness.

Few birds have descended on the clumsily scattered remains of the bread crumbs which have escaped the attention of squirrels flitting around nearby. His train of thoughts gets severed by the uncomfortable blowing of the horn by a Roadways bus.

### Weary Mind's Space


As he takes a turn at the bend, the moss-laden walls of SMS Hospital building peep through the thick cover of neem trees scattered around Tonk Road. And with it the memories of his numerous visits to the Goverdhan's shack, across the road for endless cups of sweetened tea and rounds of omelettes during his student days at the medical college jostle for a space in his weary mind. He is surprised that even a thought of that peculiar smell of chilly and onion studded omelette is sending him into an unexplainable nauseating spell today.

The name of the DGP inscribed on his bungalow across the road is not visible clearly as a tall climber has come up on the railings of the park. Save for an occasional two wheeler or an ambulance, the main arterial road of the city is relatively quiet at this time of the day.

The discomfort all along in front of his chest which has been lurking till now claws back to noticeable severity for a few minutes. Sanjay dismisses it as a spasm of food pipe because of the pan masala he consumes so frequently. He carries on, but slows down a bit. He has to.

A few steps more and the pain gets more intense. It's only a kilometre he has come and another three remain to be covered. The phantom scent of Raat ki Rani by the side lingers like post-coital languor. The pink and peach blanket of the bougainvillea shrouds the track till the far end of the view.

Another lap of 250 metres sends funny sensation to Sanjay's jawline. He realises he can't carry on any more. He decides to return and rest for the day. After all, the last few days have been very hectic when he had to do the running around for setting up of new equipment providing a battery of new blood tests. The application engineer, who is here from Delhi, can always wait.



ICU

### Recalling Residency Days

Few auto rickshaws are plying on the road outside. Should he call them and go to the SMS emergency? After all it is the largest public hospital of the area. He is not sure whether he will find somebody known to him there. Most of his batch mates have already travelled far and wide and settled in other cities. Recalling his own residency days, he fears the ER (emergency) may not be well-equipped.

The bright morning appears to be hazier now and a strong taste of bile regurgitates in his mouth. He tries to shove it back into his system. Suddenly, the pink colour of the eastern sky appears dirty as Sanjay's spright leaves him. The rustling of the leaves and squawking of the parrots on their sojourn for the day suddenly appears distant as the palpitations tend to drown him into a momentary lapse of concentration.

And now its his shoulders which are bothering Sanjay. The dull ache, when he used to be serving overhead during his tennis days, seems to return, strangely though. Sanjay is quite unable to make out the variety of new feelings he is getting today - from jaws to shoulders, to his upper chest and the sense of abdominal uneasiness. He doesn't remember any clinical syndrome except the gastric reflux, which can explain his present predicament.

All that he has been holding back for last half an hour is released in a projectile trajectory as he vomits out just near his car. He feels embarrassed and helpless. But he is relieved too. A final lurch to his car, a loud bang at the door and a quick awkward take off finds him on the road to his house just two kilometres away. The thought, which has been nibbling at him, rears up once again as he crosses the SMS hospital. Should he enter the hospital? Should he avoid the centre which used to be his dream when he was admitted to the medical school?

### Customary Conditioned

Bothered by similar episodes of pain and burning in the chest in the past, he has even had his ECG done which had always been normal. How can a fit person like him be that sick to enter the hospital as a patient? He has been conditioned to be in the hospital in his customary apron and never in a patient's gown. Faced with the first death of an alcoholic in his ward, Sanjay had been woken up at nights thereafter drenched in cold sweat and dreaming of the patient's ashen face imploring him to save his life. But after that, the idea of mortality and disease afflicting him had never disturbed him. Books and lectures during his medical school days delved into fixing of health issues, hardly about death. Never about death of a colleague.

Dismissing the idea of going inside the hospital, he courses along the road. The morning breeze is cool. Only that his palms are sweating and he seems to be losing control on his steering. People must be up by the time he reaches home. The schools have already reopened and Pratul, his son, has been going through his grind for the high school boards. From the soft sound of the popping of the gas flame, to the clinking as the Acquaguard releases its first drops in the steel container, to the incessant rattling of the cutlery, to the impatient calls from the bathroom by Pratul, and to the last minute rush for packing Pratul's lunch for the school -- the morning is always a disorganised mess and Sanjay is always happy to be away from all this into the calm environs of the morning walk. They all would be surprised to see him return so early.

The car lunges in the drive way, as his grip let go the steering. Some disorderly pounding in his chest suddenly degenerates into a weakening rhythm and he slumps like a log on the hard floor.

"Call Doctor Uncle!" The panicked call by Pratul fades away as Sanjay falls into deep unconsciousness.

Hearing the commotion along with the shouts and cries, Ashok, a physician living next door, arrives and gets working on Sanjay's chest for an effective and aggressive cardiac massage instantly. Sanjay responds. The staccato breathing gives way to a more organised pattern. A sharp stabbing pain in his lower ribs has replaced his previous central pain. He complains.

"It's the cardiac massage which I just gave," Ashok talks to himself, as he is breathless and petrified at the sudden turn of events in the morning.

"Where are we headed to?" Sanjay mumbles and goes quiet. Ashok ignores. His thoughts are racing faster than the car which Pratul is driving. Sanjay threatens to go into an episode of stiffening of his limbs with some frothing from the angle of his mouth. Before Ashok could act, he quietens. Ashok feels his pulse. It is weak and thready.

### The Latest Addition

Soon the car has to slow down near the SMS hospital. The road is congested. Attendants are out there to fetch some medicines scribbled at the last minute by the house surgeon before their patient is taken up for surgery or to get their flasks filled with freshly prepared tea from numerous shabby shanties lining up the road. A crowd has spilled around a temple by the side. Most of the devotees are attendants, who throng the place and pray for their patients inside the hospital. Plying impatiently through them, the car surges further, past another small cardiac centre, and heads to the far end of the city, where stands the Regency hospital, the latest addition to cardiac facilities in the region. Ashok is assured that things would be easy once they reach there.

Few minutes and many more ominous grunts later, the car swerves in the glass-cladded hospital porch and Sanjay is immediately wheeled in the adjacent emergency room. The space is well-lit and smelling of freshly mopped floors and spirit. With the predefined protocol for resuscitation thrown into action by the duty doctor and businesslike nurse, Sanjay stabilises and seems to be breathing at ease now. It's only that he is drowsy and on blood pressure augmenters. After analysing Sanjay's ECG, which shows a mild attack, the cardiologist suggests for an emergency angiogram. Soon enough, the procedure is through. It reveals no massive blockages in the blood supply to the heart except for a small piece of clot hanging in one of the branches.

"It means no angioplasty and only blood thinners," says the cardiologist.

"But my father is not coherent," Pratul enquired inquisitively.

"It's probably because of the time his heart and brain had been in hypoxia or lack of oxygen while he had collapsed and was being shifted to the hospital."

This was the moment when Sanjay's family stepped through the looking glass and embarked on their own confrontation with the reality of morbidity and mortality. What followed was days and days of waiting outside the swanky ICU, for the briefs from doctors and then hoping that things might turn around. Starting with a sole cardiologist, the army of treating doctors kept on increasing with an ICU expert, pulmonologist, nephrologists and a neurologist joining the bandwagon. The catastrophic onset, characterised by a precipitous fall of blood pressure and oxygen for a few moments, decayed into an unstoppable downhill descent with progressive organ failure.

### Turn of Events

Groups after groups on WhatsApp of doctors and his batch mates were full of description about Sanjay's unfortunate turn of events; as they discussed the course of management to length. Friends from his medical school dropped by, went inside the ICU and came back saddened after seeing Sanjay drugged to oblivion and tubed in most of his natural orifices and some artificial ones. Hooked to the ventilator, a swollen Sanjay lay in that borrowed, fluorescent place. Death was certain, only the timing wasn't.

"He may respond," one would tentatively tell his son.

"There may not be any long term consequences," other would talk to his wife.

Words like respond and long term provided a false and reassuring gloss on a dire reality. Surely, they themselves never wanted to go like this, where technology sustained the organs until the patient is well past the point of awareness and coherence. The end would come with no chance for Sanjay to have said 'good bye' or 'it's okay'.

But the question which kept following all of them till they walked outside and to the dark basement parking of the magnificent hospital structure was, "Could Sanjay have been saved? If only, he had not ignored his 'gastric symptoms'.

If only, the medical aid had been there a few minutes earlier, when the blood supply to his heart got blocked by an ugly clot sending his heart into a storm of disorganised beats and the ensuing unconsciousness.

If only he had turned his car inside SMS, during those initial crucial moments when his heart muscles were crying for air and all it needed was to be entrained into a cadence of normal rhythm and some respiratory support. The clot had struck, and struck hard but had cleared on its own as was seen in the angiography which followed.

Many times, 'shelter from the storm' is the 'hope' of not perishing in the storm. SMS, the humble SMS, the innocent SMS still stands there as a hope for thousands of sufferers of the region to wither their storms.

writetoarbit@rashtradoot.com



The walkway of Central Park





Crowd outside SMS Emergency

Words like respond and long term provided a false and reassuring gloss on a dire reality. Surely, they themselves never wanted to go like this, where technology sustained the organs until the patient is well past the point of awareness and coherence.



The Regency Hospital

#WORK-LIFE

# Religious Discrimination

Discrimination can happen between employees, or between employee and employer; can be done intentionally or unintentionally. Discrimination is harmful regardless of its intended purpose.



Two-thirds of Muslims, half of Jews and more than a third of evangelical Protestant Christians experience workplace discrimination, albeit in different ways, according to a new study from Rice University's Religion and Public Life Program (RPLP).

"When we conducted interviews, we were able to get much deeper into how people are experiencing religious discrimination," said Rachel Schneider, a postdoctoral research fellow in RPLP and lead author of "How religious discrimination is perceived in the workplace: expanding the view." "We found that it's not just about hiring, firing and promotion, which are the things that people usually think about."

While Muslims, Jews and Christians each said they experienced negative or harmful comments, stereotyping and social exclusion, Muslims and Jews felt targeted by anti-Islamic and anti-Semitic rhetoric tied to being seen as part of a larger group. Evangelical Christians, meanwhile, felt singled out when taking an individual stand based on their moral views.

"Sometimes they were called 'Ms. Holy' or 'Holy Roller,' and many evangelical Christians felt like they were perceived as being judgmental, narrow-minded and/or right wing," Schneider said.

In addition, co-author Denise Daniels, the study's co-principal investigator and the Hudson T. Harrison Professor of Entrepreneurship at Wheaton College, said many of the Christians surveyed gave examples of feeling isolated at work.

"This was due to their co-workers' presumptions about the kinds of conversations or outside-of-work events they would want to participate in," she said.

All three groups - but especially Muslims and Jews - described feeling uncomfortable asking to observe religious holidays or wearing religious attire at work and mentioned negative experiences they'd had with supervisors and co-workers. Muslims and Jews were most likely to feel they needed to downplay or hide their religion in the workplace.

"Identity concealment is often used by people who are part of stigmatized groups," said co-author Deidra Coleman, a postdoctoral research fellow at the University of Texas Health Science Canter at Houston. "It's a proactive way to 'manage' anticipated religious discrimination, but it can have negative impacts on one's mental health."


Principal investigator Elaine Howard Ecklund, director of RPLP and the Herbert S. Autrey Chair in Social Sciences at Rice, said the findings challenge employers to reconsider how they think about religious discrimination. She said figuring out how to balance different groups and perspectives while showing sensitivity to all involved is complicated.

"I think a good lesson for human resources divisions is that making people feel welcome and comfortable in the workplace takes more than specialized foods and places to pray," she said. "These day-to-day interactions among co-workers are incredibly important, but they're harder to remedy without proper education. Workplace training must include exercises that specifically target all kinds of religious discrimination."

The research is part of RPLP's "Faith at Work: An Empirical Study," which included a survey of more than 11,000 people and in-depth interviews with 200 more. The paper, funded by the Lilly Endowment Inc., #2017 0021, appears in a recent edition of Socinus: Sociological Research for a Dynamic World.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हारे हुए विधायक खुद को मुख्यमंत्री मान रहे हैं : राठौड़

## 'सरकारी नौकरशाह जाती हुई सरकार की स्तुति करना बंद करें'




उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़ ने होली मिलन समारोह को सम्बोधित किया।

- **राजस्थान विधानसभा चुनावों में अत्याचारी सरकार को उखाड़ फैंकने का आव्हान किया**

**चित्तौड़गढ़,** (निसं)। राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़ ने धरोहर संरक्षण एवं संवर्धन समिति के अध्यक्ष का नाम लिये बिना कहा कि जो विधायक चुनावों में हार चुके हैं वे आज खुद को मुख्यमंत्री मान रहे हैं।

राठौड़ ने आज यहां भाजपा विधायक चंद्रभानसिंह की ओर से आयोजित विशाल होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा और सरकारी नौकरशाहों को स्पष्ट कहा कि वे जाती हुई सरकार की स्तुति करना बंद कर दे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह किसान विरोधी है जिसके कारण आज प्रदेश में 1 लाख 35 हजार किसानों की जमीनें कर्ज नहीं चुका पाने के चलते नीलामी की कगार पर है। प्रदेश में 66 लाख स्नातक डिग्रीधारी युवा है जिनमें से 52 प्रतिशत रोजगार की तलाश में बैठे हैं।

प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए राठौड़ ने कहा कि सुबह से शाम तक अबलाओं की इज्जत नीलाम हो रही है और प्रतिदिन हत्याओं के कारण मां बहनों का सिंदूर मिट रहा है, ऐसे में प्रदेश सरकार के मंत्री बलात्कार को लेकर शर्मनाक बयान दे रहे है जिसकों अपनी अस्मिता के लिए जौहर करने वाली स्त्रियों के प्रदेश की जनता बदौश्त नहीं करेगी और अन्याय का प्रतिकार किया जाएगा।

इससे पूर्व समारोह को सांसद चंद्रप्रकाश जोशी, भाजपा की राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी एवं अन्य विधायकों, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़ व पार्टी जिलाध्यक्ष गौतम दक ने भी सम्बोधित कर आने वाले राजस्थान विधानसभा चुनावों में इस अत्याचारी सरकार को उखाड़ फैंकने का आव्हान किया।

# पश्चिम बंगाल के साइबर ठग धौलपुर में भी सक्रिय

## ठग कुंदन दास को पुलिस ने पश्चिम बंगाल निवासी के रूप में चिन्हित किया

**धौलपुर,** (निस)। राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में अमूमन मेवात के साइबर ठग सक्रिय नजर आते हैं लेकिन धौलपुर में मेवात के अलावा पश्चिम बंगाल के साइबर ठग सक्रिय हो चुके हैं। ठगी के ऐसे 2 मामले फिलहाल सामने आए हैं। जिनमें सदर थाना पुलिस धौलपुर ने 1 साइबर ठग की पहचान पश्चिम बंगाल के चंदन नगर जिले के रहने वाले कुंदन दास के रूप में की है।

सदर थाना प्रभारी दीपक बंजारा ने बताया कि उनके थाने में साइबर कंट्रोल रूम से दो ठगी के मामले आए थे। जिनमें पहला मामला हंसराज मीणा नाम के ट्रांसपोर्टर का था। जिसने फास्ट टैग से 5 हजार निकालने के लिए गूगल पर आईसीआईसीआई बैंक के फास्ट ट्रेक के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। गूगल पर मिले नंबर के बाद हंस राम ने जब कॉल किया तो मोबाइल पर एक लिंक भेजी गई। इस लिंक पर क्लिक करते ही उसके खाते से एक लाख 14 सौ 84 रूपए निकाल लिए गए।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मोबिक्विक वॉलेट से संपर्क कर पीड़ित को 41 हजार रुपए लौटा दिए। वही बाकी के पैसों को बैंक में होल्ड करा दिया गया । वहीं दूसरे मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि बाड़ी के रहने वाले बीज व्यापारी रमेश गोयल के पुत्र विष्णु गोयल को मोबाइल पर एक एड मिला। जिस एड में उसे यूरिया की एजेंसी देने का झांसा देकर 12 लाख रुपए का चूना लगा दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में थाने के साइबर डेस्क प्रभारी अमित शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के साडे 7 लाख रुपए बैंक में होल्ड करा दिए। पुलिस को बैंक से पता चला कि पीड़ित को ठगने वाला पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। जिस पर पुलिस ने आरोपी को चिन्हित कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर ठगी होने पर साइबर पोर्टल नंबर पर शिकायत करके लोगों को ठगी से बचाया जा सकता है। थाना प्रभारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के रहने वाले ठग कुंदन दास को चिन्हित कर लिया गया है। जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# प्रदीप धाणक की हत्या के मुख्य अभियुक्त सहित दो गिरफ्तार



तारानगर पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के सात्युं गांव के प्रदीप धाणक के हत्यारों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। प्रदीप धाणक की हत्या के मुख्य अभियुक्त सहित दो को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी गोविंदराम बिश्नोई ने बताया कि 15 मार्च रात्रि को सात्युं गांव के पवन धर्मेंद्र व रमेश ने एक राय होकर गांव के ही प्रदीप धाणक की क्रिकेट खेलने वाले बल्ले से चोट मारकर हत्या कर दी थी।

प्रदीप के भाई संदीप की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर तारानगर वृत्ताधिकारी ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। सीओ गोदारा ने थानाधिकारी गोविन्दराम बिश्नोई ने नेतृत्व में टीम गठित कर पूर्व में घटना के अगले दिन प्रकरण में बाल अपचारी धर्मेंद्र उर्फ बुलिया गोस्वामी को दस्तयाब कर तारानगर वृत्ताधिकारी के समक्ष पेश किया गया जिस पर बाल अपचारी को अनुसंधान के बाल सुधार गृह में दाखिल करवाया गया। तत्पश्चात टीम के अथक प्रयास से प्रकरण के मुख्य अभियुक्त पवन कुमार गोस्वामी व सह अभियुक्त रमेश कुमार को 20 मार्च रविवार को दस्तयाब कर वृत्ताधिकारी के समक्ष पेश किया गया। तारानगर वृत्ताधिकारी द्वारा प्रकरण में अनुसंधान जारी है। उक्त प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार करने में कॉन्स्टेबल उमेश कुमार की अहम भूमिका रही।

## सरपंचों ने बनाई विधानसभा घेराव की रणनीति

**मसूदा,** (निसं)। विधानसभा घेराव के तहत सरपंचों ने आंदोलन की तैयारियां तेज कर दी है। प्रदेश सरपंच संघ के आव्हान पर जिला अध्यक्ष हरिराम बाना मसुदा पंचायत समिति के सभी सरपंचों से वार्तालाप किया और घेराव की रणनीति तैयार की। मसूदा पंचायत समिति सरपंच संघ अध्यक्ष नरेंद्र विक्रम सिंह ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर 22 मार्च को प्रस्तावित घेराव प्रदर्शन की तैयारी की समीक्षा की। बैठक में सरपंचों से अपने साथ वार्ड पंचों को साथ लेकर जयपुर पहुंचने पर जोर दिया।

राजस्थान सरकार द्वारा मार्च 2021 में हुए समझौते को लागू नहीं करने एवं सरपंच संघ ने आंदोलन का बिगुल बजाया। 13 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से किए जा रहे आंदोलन के तहत 22 मार्च को विधानसभा घेराव किया जाएगा। इस दौरान हरिराम बाना, जिला अध्यक्ष अजमेर विजय पाराशर, संरक्षक भंवर बहादुर चीता संरक्षक तेज सिंह राठौड मौजूद रहे। मसुदा सरपंच संघ अध्यक्ष नरेन्द्र विक्रम सिह राठौड ने सभी का स्वागत किया।

# विधायक सांखला ने चिकित्सकों एवं लोगों की समस्याएं सुनी

**आसीन्द,** (निसं)। रविवार को आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसींद में आमजन की शिकायत पर विधायक जब्बर सिंह सांखला ने औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सा व्यवस्थाओं का अवलोकन कर समस्या जानी व समस्या समाधान के निर्देश दिये।

विधायक ने बताया कि औचक निरीक्षण में कई दिनों से ईसीजी मशीन खराब होने से आमजन को परेशानी उठानी पड रही है तथा निजी तौर पर ईसीजी करवाने पर मजबूर है। कई समय से एक्सरे मशीन खराब होने से आमजन को सुविधा नहीं मिल पा रही है। वार्ड में सार्वजनिक शौचालय बंद होने से भर्ती मरीजों को परेशानियां हो रही है, चिकित्सालय में वाटर कूलर भी खराब होने से आमजन को ठंडा व शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, डिलीवरी महिलाओं के नहाने एवं उनके कपडे आदि धुलवाने हेतु स्नानघर की व्यवस्था नहीं होने से काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है। चिकित्सालय परिसर में पानी की पाइप की सुचारू व्यवस्था नहीं होने से अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है।

चिकित्सालय परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था नहीं होने से भी विधायक जबर सिंह सांखला ने नाराजगी जाहिर की। वहीं दूसरी और विधायक जबर सिंह सांखला ने चिकित्सालय में चिकित्सकों एवं स्टाफ के साथ वार्ता की जिसमें चिकित्सा अधिकारी वीके गोयल एवं डॉक्टर नीलम भोजवानी ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में निजी मेडिकल श्री देव के संचालक राजू मोहम्मद निवासी खातोला द्वारा जबरन चिकित्सालय एवं आवास के बाहर चक्कर लगाता है तथा वहां पर आए हुए परामर्श रोगियों को जबरन अपने मेडिकल पर ले जाता है और अधिक मात्रा में पैसे वसूल करता है।

रोगियों को चिकित्सकों के संबंध में गलत जानकारी देता है तथा चिकित्सा स्टाफ से भी आए दिन दुर्व्यवहार करता रहता है। उक्त गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक जबर सिंह सांखला ने उक्त मेडिकल स्टोर के संचालक राजू मोहम्मद को चिकित्सालय परिसर में बुलाकर पाबंद किया और मनमानी करने पर चिकित्सा अधिकारी वीके गोयल को संबंधित फर्म का लाइसेंस निरस्त करवाने एवं पुलिस कार्रवाई की बात कही। स्थानीय विधायक क्षेत्र योजना से विधायक जब्बर सिंह सांखला ने 40 लाख की राशि के उपकरण की अनुशंसा की गई जो आज दिन तक विभाग द्वारा स्वीकृत नहीं करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुस्ताक खान से बात करके अतिशीघ्र उपकरण सामग्री उपलब्ध कराने के बात कहीं। विधायक को चिकित्सा अधिकारी गोयल द्वारा आश्वस्त करते हुए कहा कि अति शीघ्र तकनीकी समस्याओं का समाधान करवा कर आमजन को हो रही परेशानियों से समाधान दिलाया जायेगा।

इस मौके पर चिकित्सालय स्टाफ एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, पार्षद अनिल सिंह तंवर, कालूराम गुर्जर, मूलचंद खटीक, भाजपा अध्यक्ष सत्यनारायण छिपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीपीएल-2022 की शुरुआत

**पुष्कर,** (निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर में एक बार फिर पुष्कर प्रीमियर लीग–2022 का आगाज मेला मैदान में पुष्कर के लोकप्रिय विधायक सुरेश सिंह रावत, पूर्व संसदीय सचिव राज्य मंत्री के द्वारा छक्का मारकर किया गया।

उद्घटान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश सिंह रावत ने शिरकत करके युवाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए विधायक रावत ने कहा कि, विगत 2 सालों से कोरोना की महामारी के कारण युवाओं को खेलने का मौका नहीं मिल पाया। जिस कारण हमारे युवा काफी असहज थे। जगतपिता ब्रह्मा जी की कृपा से अब स्थितियां सामान्य हो चुकी है। जिसके फलस्वरूप आज एक बार फिर तीर्थ नगरी पुष्कर के मेला मैदान पर पुष्कर प्रीमियर लीग – 2022 का आगाज किया जा रहा है। खेल के प्रत्येक क्षेत्र में युवा अपनी पूर्ण क्षमता प्रदर्शित करें एवं द्वेशता की बजाए प्रतिस्पर्धा की मानसिकता से खेल को रोमांचकारी बनाएं। विधायक रावत ने आयोजकों एवं प्रतियोगियो को पीपीएल – 2022 के सफल आयोजन की शुभकामनाएं अर्पित की।

# जिला क्रिकेट संघ और फाल्कन क्लब अध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिला क्रिकेट संघ एवं फाल्कन क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव के खिलाफ धोखाधड़ी का एक मामला देवनगर थाने में दर्ज करवाया गया है। पीड़ित ने क्लब में खुद को फर्जी तरीके से कोषाध्यक्ष बनाने एवं फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने धोखाधड़ी में केस दर्ज करते हुए अब इसमें जांच आरंभ की है।

देवनगर पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 76 देवनगर निवासी ललित सुराणा पुत्र जवाहर सुराणा की तरफ से यह मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उन्हें पता लगा कि जोधपुर जिला क्रिकेट संघ एवं फाल्कन क्लब में उन्हें कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि उन्हें पूर्व में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। इसका पता लगने पर उन्होंने फाल्क न क्लब के अध्यक्ष चंद्रबाबू कल्ला से 27 जुलाई 21 को पत्र व्यवहार किया। मगर फिर भी कोई जानकारी उन्हें स्पष्ट तौर पर नहीं दी गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उन्हें बगैर जानकारी किए कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसमें फाल्कन क्लब के अध्यक्ष चंद्रबाबू कल्ला एवं जोधपुर क्रिकेट संघ के सचिव रामप्रकाश चौधरी ने मिलकर फर्जी दस्तावेजों को काम में लिया। उनका निर्वाचन भी अनैतिक तरीके एवं असंवैधानिक तरीके से किया गया। जोकि अराध की श्रेणी में आता है। इन लोगों ने मिली भगत कर उन्हें फर्जी तरीके से दस्तावेजों का इस्तेमाल कर कोषाध्यक्ष बनाया है।

रिपोर्ट में आरोप है कि जोधपुर क्रिकेट संघ के अन्य सदस्यों एवं खिलाडिय़ों के साथ आमजन के साथ भी धोखाधड़ी की है। इसमें अन्य सदस्यों के निर्वाचन में धांधली किए जाने की आशंका भी जताई है। देवनगर पुलिस ने घटना में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करते हुए जांच आरंभ की है।

# विद्यार्थियों ने अटल लैब के नाम की डिस्प्ले बनाई

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर, हिण्डौन सिटी में संचालित अटल ट्रिंकिंग लैब के अन्तर्गत अटल लैब प्रभारी कमल सिंह के संचालन में कक्षा आठ के छात्र भविक,भवि व अनित ने डिजिटल डिसप्ले में प्रोग्रामिंग का उपयोग कर अटल लैब के नाम की डिस्प्ले बनाई है।



अटल लैब में बना उपकरण।

आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मुरारीलाल पुरवंशी ने बताया कि मेधावियों के इस प्रयास से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली है । विद्यार्थियों ने बताया कि अटल लैब में कमल सिंह अटल लैब प्रभारी के निर्देशन में बड़ी रूचि के साथ वे कार्य करते हैं। उन्होंने बताया की अटल लैब में जाने से नवाचार की प्रेरणा मिलती है । अटल लैब में पिछले वर्ष भी कई प्रोजेक्टों का निर्माण कर चुके हैं जिससे विद्यालय का गौरव भी बढ़ा है।

## चेक अनादरण के आरोपी दोषमुक्त

**बान्दनवाड़ा,** (निसं)। विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन.आई. एक्ट संख्या 2 अजमेर के न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार मीणा ने आरोपी पिता–पुत्र गांव कुमारिया वाया बांदनवाडा निवासी किसना गुर्जर व नारायण गुर्जर के विरुद्ध परिवादिया बांदनवाडा निवासी मैना देवी ने दोनों के विरुद्ध 6.50 लाख व 1.50 रुपए जो उसने उन्हें घरेलू आवश्यकता हेतु देना बताया तथा उनकी एवज में दिए चेक बैंक मैं लगाने पर दोनों चेक अनादरित हो गये।

इसके कारण परिवादिया ने दोनों पिता–पुत्र के विरुद्ध चैक अनादरण के परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किए। दौरान बहस अभिभाषक अभियुक्त गण के तर्कों से सहमत होते हुए दोनों पिता–पुत्र को दोष मुक्त घोषित किया है।

# पांच लाख से अधिक की शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला पुलिस द्वारा अवैध कारोबारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के तहत रविवार को मुखबिर के जरिये मिली सूचना के आधार पर डीएसटी टीम द्वारा धरियावाद–साबला मार्ग पर की गई नाकाबंदी के दौरान एक मिनी ट्रक के पांच लाख की बीयर जब्त करनें में सफलता प्राप्त की। इस मामले में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार तडके मुखबिर से सूचना मिली कि निठाउवा थाना क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी हो रही है। इस पर डीएसटी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, महावीर, मुकेश, राजगोपाल, अभिषेक की टीम ने धरियावाद– साबला रोड पर नाकाबंदी कर दी। इस दौरान मुखबिर के बताए अनुसार एक मिनी ट्रक आते हुए नजर आया। डीएसटी ने मिनी ट्रक को रुकवाकर पूछताछ की तो ड्राइवर दुर्गाशंकर पुत्र मीठालाल रावत निवासी केवलपुरा चित्तौडगढ घबरा गया। संदेह होने पर मिनी ट्रक का तिरपाल हटाकर तलाशी ली तो उसमे किंगफिशर बीयर के कार्टन भरे मिले।

पुलिस ने ड्राइवर से शराब की पेटियां ले जाने के कागज मांगे तो नहीं दे सका। इस पर डीएसटी ने बीयर के साथ मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। गिनती में बीयर के 300कार्टन मिले हैं। ये बीयर राजस्थान निर्मित है।

# युवक ने फांसी का फंदा लगा जीवन लीला समाप्त की



सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। सदर थाना क्षेत्र के फुलवाड़ा के बंधकापुरा में भाई दूज के त्योहार पर रात्रि को किन्ही कारणों के चलते एक 22 वर्षीय युवक पीकेश जाटव पुत्र राजू लाल जाटव ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर परिजनों ने फंदे से निकालकर युवक को राजकीय अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रविवार को परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपर्द कर दिया।

सदर थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि मृतक के पिता राजू लाल ने कहा कि पुत्र की दिमागी हालत सही नहीं होने के कारण फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। परसाद थाना पुलिस ने हाइवे पर वाहनों को रोक शराब के लिए रूपये मांगने तथा मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले तीनआरोपियों को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत तीनअपचारियों को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार पाराई सेबनाल होकर सरू की तरफ जानेवाले रोड पर बदमाशों ने 11 मार्च को सरू निवासी किशनलाल पुत्र देवीलाली की कार को, 17 मार्च को बनाल निवासी कांतिलाल पुत्र नारायण की बाइक को , बनेया निवासी महेश पुत्र भेरूलाली की गाड़ी को रोक बदमाशों ने शराब के लिए रूपयों की मांग की थी। इनकार करने पर तोड़फोड़ कर फरार हो गए थे।

इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश सांखला, पुलिसउप अधीक्षक सराड़ा राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में परसाद थानाधिकारी रमेश चन्द्र के नेतृत्व में गठित दल ने पाराई निवासी भेरूलाल पुत्र धर्मा, अनिल उर्फ देवीलाल पुत्र भेरूलाल, पंकज पुत्र नरेन्द्र को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत तीन बाल अपचारियों को डिटेन किया।

# सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड़ का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड की शहादत पर गांव चाँदगोठी में उमड़ा जन सैलाब

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील राजगढ के गाँव चाँदगोठी निवासी सैनिक तेजपाल सिंह राठौड का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। वहीं सैनिक की शहादत पर गाँव में जनसैलाब उमड पडा।

राठौड का पार्थिव देह दिल्ली से अल सुबह पिलानी पहुंचा तथा भारतीय सेना के ट्रक में रखें राठौड के पार्थिव शरीर को सेना के अधिकारी और जवान लेकर गाँव चाँदगोठी पहुँचे। जैसे ही राठौड का शव उनके घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। साथ ही समूचा गाँव तेजपाल सिंह राठौड अमर रहे तथा भारत जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। वहीं 53 वीं राष्ट्रीय राइफल के नायब सूबेदार बीनू नायर तथा सैनिक रमेश कुमार करण सिंह शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे तथा 94 मीडियम रेजिमेंट के सूबेदार संजीव कुमार के नेतृत्व में शहीद तेजपाल सिंह राठौड को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया।




स्व. सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि दी।

झुंझुनूं सीमा पर स्थित गाँव थिरपाली बडी से चाँदगोठी तक सडक मार्ग पर जनसैलाब उमड पडा। इसके अलावा सेना के ट्रक में रखें तेजपाल सिंह राठौड के पार्थिव शरीर जैसे ही झुंझुनू से चूरू सीमा में प्रवेश किया तो लोगों नें फूल बरसा कर अपने लाडले को अंतिम विदाई देकर श्रद्धांजलि दी। इसी दौरान अनेक डीजे साउंड के वाहनों में देशभक्ति के गूंजते गीत, वहीं सैकडों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाल कर देश भक्ति का माहौल बना रहे थे।

इस अवसर पर सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ.कृष्णा पूनिया, भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां, पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, किसान नेता वेदप्रकाश पूनिया, पिलानी चेयरमैन रणवा, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी सी.डी.आर. पीए हसन, उपखंड अधिकारी राजगढ पंकज गढ वाल, एएसपी अशोक कुमार बुटालिया, डीएसपी ब्रजमोहन असवाल, अवकाश प्राप्त सैनिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन विद्याधर पूनिया, कैप्टेन करणसिंह, कैप्टेन बी.पी. रणवा, कैप्टेन ओमप्रकाश, कैप्टेन भीमसिंह, सुबेदार महासिंह, सुबेदार जे.पी डूडी, सुबेदार मेवासिंह, हवलदार जयसिंह व हलवादार मांगेराम सहित सैंकडों लोगों नें अपने लाडले को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## संक्षिप्त

### नन्हे बालकों ने फागोत्सव मनाया

**बोराज।** होली प्रेम का पर्व है जहां हर रंग मिलकर प्रेम का संदेश प्रदान करता है। बुधवार को एसएस पब्लिक स्कूल के नन्हे-नन्हे बालक-बालिकाओं ने एक दूसरे के गुलाल लगा कर रंगों का पर्व होली को याद गार बनाया। होली उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचार्य डॉ. प्रतिभ तहिलियनी व संस्था प्रधान राजेश कुमावत ने मां सरस्वति के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। छात्रों ने होली के गीतों पर झूमते गाते एक दूसरे के गुलाल लगा कर होली की बधाई दी।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**नारायणपुर।** मिश्री देवी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सैन्टर बहरोड़ के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च को क़स्बा स्थित अग्रसेन भवन में भाजपा नेता महेंद्र यादव द्वारा निशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। युवा यादव महासभा अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर सोमवार 21 मार्च को नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.विरेन्द्र सिंह यादव बहरोड़ द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आँखों से संबंधित सभी प्रकार के रोगों की जांचकर नि:शुल्क दवा दी जाएगी। वही चयनित मरीजों का मिश्री देवी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सैन्टर बहरोड़ में लाने ले जाने सहित लैंस प्रत्यारोपण व ऑपरेशन नि:शुल्क किया जायेगा।

### अधिकारियों का सम्मान किया

**सांभरझील।** यहां होली व धूलण्डी के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों व नन्दकेवर मेले पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये नन्दकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप व्यास व मौजूद पदाधिकारियों की उपस्थिति में दूदू एडिशनल एसपी, सांभर एसडीएम प्रकाशचन्द रैगर को मां शाकम्भरी की तस्वीर व अन्य छाया चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इसके लिये नन्दकेश्वर मेला कमेटी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर पंडित विजय व्यास, शाकम्भर कॉलेज के प्राचार्य डॉ ज्ञानप्रकाश दायमा, अनिल कुमार गट्टानी सहित अनेक की मौजूदगी रही।

### थ्रेसर मशीन से अंगुलियां कटी

**मालपुरा।** रविवार को आमली पुरोहितान गांव में खेत पर कृषि कार्य के दौरान थ्रेसर मशीन में आ जाने से एक युवक की हाथ की अंगुलियां कटकर अलग हो गई। थ्रेसर मशीन की सहायता से सरसों की फसल निकालने के दौरान फसल को मशीन में दबा रहे युवक राहुल पुत्र प्रकाश मीणा का एक हाथ मशीन में चले जाने से दो अंगुलियां कट जाने पर तत्काल युवक को उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

### सरपंच संघ की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय पंचायत समिति में रविवार को सरपंच संघ कोटपूतली की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 22 मार्च मंगलवार को विधानसभा घेराव किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जगमाल सिंह यादव ने की। इस दौरान बडी संख्या में सरपंचगण मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- 38 किलो डोडा चूरा जप्त, लालसोट व सीएसटी जयपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**लालसोट, (निसं)।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में लालसोट थाना पुलिस एवं सीएसटी जयपुर द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ 38 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा को बरामद करने में कामयाबी हासिल की गई है।

थानाधिकारी अंकेश चौधरी ने बताया कि सीएसटी जयपुर से व मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक हरियाणा नंबर स्वीफ्ट कार में सिख समुदाय जैसे दिखने वाले दो व्यक्तियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी की जा रही है। जो लखनपुर मोड़ के पास झाड़ियों में संदिग्ध चीज छुपा कर चाकसू की तरफ भागे हैं एवं मामला संदिग्ध प्रतीत होने के बाद थानाधिकारी अंकेश चौधरी मय पुलिस टीम के लखनपुर मोड़ के पास पहुंचे जहां पर मुखबिर से मिली सूचना वाली जगह पर सर्च करने पर झाड़ियों में अवैध मादक



लालसोट थाना पुलिस एवं सीएसटी जयपुर टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पदार्थ डोडा चुरा से भरे प्लास्टिक के कट्टे पड़े मिले।

वहीं इस मामले की सूचना लालसोट थाना पुलिस एवं सीएसटी जयपुर द्वारा साझा होने के बाद उस संदिग्ध हरियाणा नंबर की स्विफ्ट कार को दो युवकों यादवेंद्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी कानगढ़ तहसील पटना जिला पटियाला पंजाब व रामकेश शर्मा पुत्र नोरिया राम शर्मा निवासी आरके पुरम कॉलोनी अंबाला रोड पुलिस थाना कैथल जिला हरियाणा को शिवदास टोल नाका पर धर लिया गया। जहां पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने के बाद उन युवकों द्वारा लखनपुर मोड़ के पास केयर की झाड़ियों में चारों ओर से नाकेबंदी से खुद को घिरा देखकर अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा के कट्टों को वहां छुपा कर फरार होना कबूल कर लिया गया। आरोपी युवकों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे इस अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्ट चुरा को मध्य प्रदेश से खरीद कर पंजाब हरियाणा में ले जाकर ऊंचे दामों में बेचते हैं।

## होली पर मंत्री निवास पर रहा जमावड़ा

**मंडावरी, (निसं)।** प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा का प्रयोगशाला सहायक संघ द्वारा 2018 की भर्ती पूरी करने की मांग को लेकर पुष्प वर्षा कर ध्यान आकर्षित करने का अनूठा प्रयास किया गया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई एमएमजेआरके योजना से एनआरएचएम में समायोजित संविदा कार्मिक संघ के मनोज तिवारी द्वारा भी कार्यरत संविदा कार्मिकों को एमएमजेआरके से एनआरएचएम में समायोजन होने तक दी गई सेवा को अलग-अलग नहीं मानकर एक ही मानकर बीच में पड़े गैप को खत्म कर उस सेवाकाल को रेगुलाईजेशन करने की मांग की है। प्रयोगशाला सहायक संघ व निशुल्क जांच योजना कार्मिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को 2018 की प्रयोगशाला सहायक भर्ती पूरी करने की मांग की। चिकित्सा मंत्री के निवास पर विधानसभा क्षेत्र सहित विभिन्न जगहों से कई लोग एवं कार्यकर्ता सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे एवं अबीर गुलाल लगाकर होली को धूमधाम से मनाया।

## सार-समाचार

### 50 लाख के विकास कार्यों की घोषणा



**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** रविवार को ग्राम भगवाड़ी कला में हाजी बाबा के स्थान पर आयोजित विशाल भंडारे में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलवीर सिंह छिल्लर जिला प्रमुख अलवर व कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि सरोज बस्तीराम यादव प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ का ग्राम वासियों ने फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़े से अतिथियों का भव्य स्वागत किया। ग्राम भगवाडी कला से हाजी बाबा के स्थान की ओर पंचायत समिति के प्रधान कोटे से 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। बलवीर सिंह छिल्लर ने जिला परिषद कोटे से नरेगा में भगवाड़ी कला से हाजी बाबा के स्थान तक 1 किलोमीटर लंबी इंटरलॉकिंग टाइल सड़क की घोषणा की। ग्राम पंचायत सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्य, बाला यादव तथा जिला पार्षद सुनील प्रवक्ता की मांग पर पंचायत समिति बहरोड़ के प्रधान कोटे से भगवाडी कला से बामनोडी जोहड़ भगवाडी खुर्द तक सीवरेज पाइप लाइन हेतु 1000000 तथा ग्राम बालपुरा में श्मशान के रास्ते में 500000 के इंटरलॉकिंग सड़क एवं कुंरेली में 300000 की इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण की घोषणा की तथा भगवाडी खुर्द में युवाओं के लिए खेल संवर्धन हेतु 500000 की ओपन जिम निर्माण की घोषणा की। कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने बहरोड़ को बचाने के लिए युवाओं को संगठित होकर संघर्ष करने का आव्हान किया जिसका हजारों की संख्या में महिलाओं एवं गांववासियों एवं युवाओं ने तालियां बजाकर जोरदार स्वागत किया।

### होली मिलन समारोह मनाया

**चाकसू, (निसं)।** रविवार को कस्बे के नीलकंठ हनुमान मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा देहात जिला अध्यक्ष रामानंद गुर्जर की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान भाजपा नेता रामानंद गुर्जर ने कहा कि चार राज्यों में चुनावी जीत से भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इससे होली का रंग और भी गहरा हो गया है। उन्होंने जिलावासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सबके लिए खुशियां लेकर आई है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को होली का शुभकामनाएं दी और राजस्थान सरकार को भ्रष्टाचारी सरकार बताते हुए कहा कि हाल ही में सीएम के बेटे पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगा है वहीं महिलाओं पर दुष्कर्म और छेड़छाड़ की घटनाओं में इजाफा हुआ है आम आदमी लूटपाट अत्याचार आपराधिक घटनाओं और सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार से परेशान है भाई भाजपा ने चार राज्यों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत कर जनता का विश्वास जीता है अब राजस्थान में भी आने वाले चुनाव में कांग्रेसी की भ्रष्टाचारी सरकार को सबको मिलजुल कर उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष केदार शर्मा देहात अध्यक्ष भुणाराम गुर्जर पूर्व देहात महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम यादव पूर्व सरपंच बद्रीनारायण चौधरी सहित कहीं भाजपा महिला पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** जिले के घाड थानान्तर्गत में अवैध देशी शराब ले जाते एक व्यक्ति व शांतिभंग करने के आरोप में एक जने को घाड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मय जाप्ता के दौराने गश्त निगरानी बदमाशान करते हुए बंटी पुत्र बंशीलाल गुर्जर (26) निवासी धुंवाकला थाना घाड के कब्जे से ग्राम धुंवाकला में एक सफेद रंग का प्लास्टिक के कट्टे में 52 अवैध घुघरू देशी शराब के पव्वे मिलने पर आबकारी अधिनियम के खिलाफ वर्जी करना पाया जाने पर मौके पर जरिये फर्द जप्ती के जप्त कर आरोपी बंटी को गिरफ्तार किया जाकर एक्साईज एक्ट में अभियोग पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार ग्राम जलसीना में शांति भंग करने के आरोप में कमलेश पुत्र सुखदेव मीणा (30) निवासी जलसीना घाड थाना को सीआरपीसी में गिरफ्तार किया, जिन्हें न्यायालय में पेश किया जावेगा।

### विवाह सम्मेलन समिति की बैठक

**मालपुरा।** जाट धर्मशला डिग्गी में 1 जून को आयोजित होने वाले 19वें जाट समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को समिति अध्यक्ष जगदीश टाण्डी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामुहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर लक्ष्य निर्धारित किये गये तथा सहयोग राशि हेतु रसीद बुकों का वितरण किया गया। नवीन कार्यकारिणी को वित्तिय अधिकार सौंपे गये। समिति अध्यक्ष ने ज्यादा से ज्यादा जोडों का पंजीयन करने की अपील की। बैठक में महामंत्री रामकरण, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष श्रवण लाल, रामलाल बगडिया, सत्यनारायण दहिया, जयनारायण जाट, धन्नालाल, शिवराज, बजरंग, नानूलाल, शिवजीराम सहित बडी संख्या में जाट समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### नौ वर्ष से फरार नकबजन गिरफ्तार

**मालपुरा।** जिला पुलिस अधिक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा होली पर स्थाई वारंटियों व भगोड़ों की गिरफ्तारी एवं निगरानी के लिए जारी दिशा निर्देशों पर एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशील मान के निर्देशन में थानाधिकारी कैलाश विश्नोई द्वारा गठित टीम ने नौ साल से फरार चल रहे शातिर नकबजन स्थाई वारंटी को रविवार को कस्बे से गिरफतार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल गंगदेव की आसुचना पर हैड कांस्टेबल भारत सिंह,कांस्टेबल कपिल कुमार व गंगदेव ने फरार स्थाई वारंटी मुकेश कुमार निवासी मालपुरा को गिरफ्तार किया गया।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**फुलेरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढिण्ढा रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। थाने हैड कांस्टेबल हनुमान प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि करीब 2 बजे आरपीएफ के एएसआई गुगनराय के द्वारा सूचना मिली ढिण्ढा व हिरनोदा रेलवे स्टेशन के मध्य एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर फुलेरा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मालपुरा में 'द कश्मीर फाईल्स' फिल्म देखने उमड़ रही भीड़

**मालपुरा, (निसं)।** कश्मीर में कश्मीरी पंडितों पर हुए हत्याचार एवं कश्मीर छोड़ने पर विवश कश्मीरी पंडितों पर बनी द कश्मीर फाईल्स फिल्म देखने को लेकर जहां युवाओं में खासा जोश देखने को मिल रहा है वहीं कश्मीर की जमीनी हकीकत से रू-बरू होने को लेकर सामाजिक स्तर पर भी अपार उत्साह देखा जा रहा है।

रविवार को विजयवर्गीय समाज जाग्रति मंच द्वारा सम्पूर्ण विजयवर्गीय समाज के लोगों को समाज के जाग्रत भामाशाहों ने शहर के कृष्णा टॉकिज में नि:शुल्क फिल्म देखने के लिए एक शॉ की सभी सीटें खरीदी। सिनेमा हॉल संचालक सहित विजयवर्गीय समाज के युवाओं ने सिनेमा हॉल में फ्री में देखने पहुंचे महिला, पुरूष सहित युवाओं को गुलाब का फुल नि:शुल्क टिकट के साथ भेंट कर फि ल्म देखने के लिए प्रेरित किया। तो फिल्म के प्रसारण के दौरान वंदे मातरम के जयकारे गूंज उठे। साधु संतो की टोलियां भी फिल्म का प्रसारण देखने उमड रही है। सिनेमा में चलाये जा रहे दो शॉ में दर्शकों की संख्या अधिक होने व टिकटों की मारा-मारी के चलते सामाजिक स्तर पर तीसरा शॉ चलाने की व्यवस्थाएं शुरू की गई है।

# सामाजिक समरसता व शैक्षिक जागृति का संदेश दिया

- काजीपुरा में कुमावत समाज के भामाशाहों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**सांभरझील, (निसं)।** श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर की 15वीं वर्षगांठ पर धार्मिक महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2022 आयोजित किया गया।

जिसमें धार्मिक जागरण व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि नावा के पूर्व विधायक हरीश कुमावत थे तथा अध्यक्षता फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने की, विशिष्ट अतिथि पन्नालाल सरसवा अध्यक्ष कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति बंधे बालाजी, भीवांराम दंबिवाल कोषाध्यक्ष कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति बंधे बालाजी, रामदयाल बासनीवाल एडवोकेट एवं पूर्व सदस्य जिला परिषद जयपुर, शांति देवी सरपंच तेजा का बास, ममता देवी सरपंच बबेरवालों की ढाणी, सरला देवी सरपंच आसलपुर, प्रभु दयाल पीपलोदा वरिष्ठ अध्यापक राजस्थान पुरस्कृत शिक्षक, आशा कुमावत पावर लिफ्टिंग एवं गोल्ड मेडलिस्ट, छीतरमल भूरोदिया सरपंच हिंगोनिया, देवीलाल दादरवाल सरपंच खारिया कुचामन सिटी, गौरा देवी सरपंच जोरपुरा जोबनेर, मधुसूदन रतिवाल



काजीपुरा में विधायक निर्मल कुमावत ने होनहार प्रतिभाओं को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय महामंत्री क्षित्रय कुमावत महासभा, नेमीचंद नेमीवाल पंचायत समिति दूदू सदस्य, रवि कुमार मारोठिया सहायक अभियंता नगरपालिका सांभर, भंवरलाल मामोडिया सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, शंकर लाल भूरोदिया अध्यक्ष कुमावत समाज बोबास, पूसाराम राजोरिया पंचायत समिति सदस्य कुचामन सिटी, तेजूलाल ईयाणा सचिव कुमावत समाज सामूहिक विवाह समिति बंधे बालाजी, गंगाराम नागा अध्यक्ष कुमावत समाज खंडेल थे।

समारोह को सम्बोधित करते हुये विधायक निर्मल कुमावत द्वारा ग्राम पंचायत काजीपुरा में पशु चिकित्सालय भवन स्वीकृत कराने की घोषणा की गई वहीं हरीश कुमावत द्वारा सामाजिक समरसता स्थापित करने और शैक्षिक जागृति हेतु प्रयास करने का संदेश दिया तथा काजीपुरा सरपंच नवरत्न माचीवाल ने सभी आए हुए अतिथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया वही मुकेश तुनगरिया बरड़ोटी द्वारा निशुल्क एलईडी टीवी और वीडियोग्राफी की सेवाएं दी गई तथा मेडिकल परीक्षा नीट में विकास भूरोदिया द्वारा ओबीसी रैंक 408 प्राप्त करने पर सम्मानित किया तथा केंद्र व राज्य सेवाओं में चयनित भारतीय रक्षा अनुसंधान केंद्र बेंगलुरु में संतोष अडावण्या तथा रेलवे के विभिन्न पदों पर विकास भूरोदिया तथा पूजा माचीवाल और पूजा खोरानियां कृषि पर्यवेक्षक और आईसीएआर कृषि क्षेत्र में ओबीसी 24 रैंक लाने पर गणपतलाल एवं स्नातक स्तर पर बीएससी ललिता अडावनिया व कमलेश माचीवाल द्वारा अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया।

वहीं समाज के वरिष्ठ भामाशाहों ने 11000 की सहयोग राशि दी। इसके अलावा समाज के 24 भामाशाहों की ओर से 5100 रूपये का आर्थिक योगदान दिया।

## सहारा निवेशक और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

**अलवर/ बहरोड़, (निसं)।** सहारा समूह के जमाकर्ता और कार्यकर्ताओं के भुगतान के मामले में विधायक बलजीत यादव को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि सहारा इंडिया के द्वारा भुगतान नहीं करने की वजह से जमाकर्ता और कार्यकर्ता दोनों परेशान हो रहे हैं जिसकी वजह से हमारा जीना दूभर हो गया है।

सहारा इंडिया के जमाकर्ता व फील्ड कार्यकर्ताओं ने बताया कि सहारा के भुगतान से भारी परेशानी हो रही है। मामले में काफी लंबे समय से कार्यकर्ताओं द्वारा भुगतान में हो रहे विलंब के संबंध में ज्ञापन के माध्यम से बहरोड़ मिडवे में विधायक को बताया कि सहारा इंडिया के सेक्टर कार्यालय बहरोड द्वारा निवेशकों का और कार्यकर्ताओं का खून पसीने की गाढी कमाई का पैसा भुगतान नहीं हो रहा जिससे सर्वाधिक परेशानी कार्यकर्ताओं को है जिन्होंने खुद ही अपनी कमाई के सारे पैसे जमा करवा रखे हैं तथा निवेशकों की परेशानी तो इतना गंभीर रूप ले चुकी है कि कार्यकर्ता और निवेशक दोनों इस तरह से परेशान हैं कि एक दूसरे से बात करने में भी शर्म सी महसूस होने लगी है। विधायक बलजीत यादव को मामले में ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि हमारी परेशानी को सरकार तक पहुंचाने का श्रम करें। बहरोड़ के सर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता कालूराम सोनी, अनिल गुप्ता वरिष्ठ सहारा कार्यकर्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता रवि दत्त शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिओम गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता संगीता शर्मा, चंद्रशेखर खंडेलवाल खंडेलवाल मोबाइल बहरोड़, मनोज यादव, अनुराधा गुप्ता, सुभाष तथा काफी संख्या में निवेशक तथा अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## चिकित्सा मंत्री ने डिजिटल सदस्यता अभियान की समीक्षा कर जनसुनवाई की

**मंडावरी, (निसं)।** प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने रविवार को निज निवास पर डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर पूर्व पालिका अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्र एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रामविलास खेमावास सहित रामगढ़ पचवारा के उपप्रधान सूरज कटारा से अभियान में बनाए गए सदस्यों को लेकर समीक्षा की गई।

चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा पूर्व चेयरमैन मिश्र एवं पीसीसी सदस्य खेमावास से डिजिटल सदस्यता अभियान की चर्चा की गई। वहीं मंत्री को इनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी दी गई। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार तय समय में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का आव्हान किया गया।

इसी दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा जन सुनवाई के दौरान मंडावरी कस्बे में पुलिसिंग का अभाव होने की शिकायत पर मौके पर पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल मीणा को बुलाया एवं मंडावरी में एक दुकानदार से अज्ञात युवकों द्वारा की गई लूटपाट आदि घटनाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए मंडावरी कस्बे में पुलिस के ठहराव एवं अवांछित गतिविधियों पर रोकथाम के प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि मंडावरी कस्बे में इंदिरा रसोई के पास खाली पड़े कमरों में पुलिस कर्मियों का ठहराव सुनिश्चित कर तय समय गश्त की जाए। इसी दौरान मौजूद लाल मदन लाल मीणा को नवसृजित तहसील निर्झरना की भूमि को जल्द ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। साथ ही मंडावरी से महारिया किशोरपुरा खुर्रा के लिए बन रहे बायपास को लेकर भी तहसीलदार व राजस्व कर्मियों से पूर्व के रिकॉर्डेड रास्ते में पत्थर गढ़ी कर रास्ता सुचारू करने के निर्देश दिए। वही जनसुनवाई में बताया कि मंडावरी पटवार भवन परिसर में सिटी डिस्पेंसरी का निर्माण कराया जाएगा। जन सुनवाई के दौरान शिक्षा मंत्री मीणा ने कहा कि उपखंड मुख्यालय पर एक जिला स्तरीय मातृ शिशु कल्याण केंद्र जल्द स्वीकृत कराया जाएगा। चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि स्वीकृत जिला अस्पताल का शिलान्यास जल्द ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कराया जाएगा। जन सुनवाई के दौरान पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल मीणा, पीसीसी सदस्य रामबिलास खेमावास, पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र, तहसीलदार मदन लाल मीणा, उपप्रधान सूरज कटारा, रामजीलाल गांधी, पटवार संघ अध्यक्ष सीताराम मीणा आदि कई लोग मौजूद रहे।

# सियारामदास महाराज के मेले में उमड़ा जनसैलाब

**नारायणपुर, (निसं)।** सियारामदास महाराज का मेला रविवार को मंदिर महंत श्यामसुन्दरदास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। मेले में श्रद्धालुओं का आस्था का जन सैलाब उमड़ा। इस अवसर पर दुकानदारों द्वारा सुबह से ही कस्बे में ठंडे व मीठे पानी की प्याऊ लगाई गई।

श्रद्धालु पीर संज्यानाथ आसण से हाथों में ध्वजा लिए हुए डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए सियारामदास आश्रम में ध्वजा चढाई। सुबह 10 बजे से जयराम ठेकला, राजेश महासी, रोशन महासी द्वारा दिनभर भजन सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेले में थानाधिकारी अजय सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस व पुलिस लाइन जाप्ता द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम रहे। मेले में राजनेताओं में जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा, अंकुर दायमा आदि नेताओं ने मंदिर में स्थित



नारायणपुर में आयोजित मेले में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रही।

समाधि पर धोक देकर आशीर्वाद लिया और मेले की शोभा बढाई। दोपहर से आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण किया। मेले में बच्चे खिलोने व महिला श्रंगार का सामान खरीदारी करती नजर आई। वहीं देर शाम मेला समापन पर महेश श्रीवास्तव के द्वारा आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री योगी सेना मोहनदास महाराज, राकेश दायमा, मुरारी लाल मीणा, रतन लाल जांगिड, राजू प्रजापत, सुरेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रदालुगण मौजूद थे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक

**टोंक, (निसं)।** यादव अहीर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक का आयोजन बालाजी मंदिर बिचपुडी पर सम्मेलन समिति अध्यक्ष भंवर लाल यादव की अध्यक्षता में हुई। सम्मेलन अध्यक्ष शभंवर लाल यादव ने बताया कि यादव विवाह सम्मेलन 10 अप्रैल को होगा इसके लिए 41 जोड़ों का पंजीयन अब तक हो चुका है। जोडा पंजीयन की अंतिम तिथि 25 मार्च कर दी गई है। इसमें सम्मेलन की जगह की साफ सफाई करवाने व क्रय विक्रय समिति को सामग्री खरीदने के लिए कहा गया। इस बैठक में सम्मेलन महामंत्री बद्रीलाल यादव, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल यादव, समाज जिलाध्यक्ष राधा किशन यादव, महामंत्री धारासिंह यादव, प्रवक्ता सूरज यादव,रवि प्रकाश यादव, रामलाल, राम नारायण, किशन, रामलाल, राधेश्याम , रामदयाल, गिर्राज, बंसी, रामरतन, छित्तर, शिवराज ,मुलचंद, गोपाल, रामलाल, हनुमान रानोली, लक्ष्मीनारायण, दुर्गाशंकर, लादू, श्योजी लाल सहित अन्य समाज बंधु उपस्थित उपस्थित रहे।

# सर्व ब्राह्मण महासभा का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**टोंक, (निसं)।** सर्व ब्राह्मण महासभा टोंक की ओर से जिला कार्यकारिणी का होली स्नेह मिलन समारोह एवं पुष्प फागोत्सव का भव्य आयोजन गंगा जमुना मैरिज गार्डन में आयोजित हुआ, जिसमें फाग गीतों पर समाज के महिला-पुरुषों व युवक-युवतियों ने जमकर नाचते हुए आनंद लिया।


महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि समारोह आचार्य राजेश्वर महाराज जयपुर के सानिध्य में सर्व ब्राह्मण महासभा टोंक की ओर से जिला कार्यकारिणी का होली स्नेह मिलन समारोह एवं पुष्प फागोत्सव आयोजित हुआ, समारोह के मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि महासभा के प्रदेश सचिव अवधेश शर्मा एवं प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा रहे। इस अवसर पर नैना नीचा कर ले, होलिया में उडे रे गुलाल, मची रे होली, रंग मत डारे रे, रंग बरसे, होली खेले



सर्व ब्राह्मण महासभा टोंक की ओर से जिला कार्यकारिणी का होली स्नेह मिलन समारोह एवं पुष्प फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

रघुवीरा...आदि होली के गीतों पर उपस्थित सभी महिला पुरूषों ने आनंद लिया और पुष्पवर्ष के बीच जमकर नाचने का आनंद लिया। इस मौके पर राधेकृष्ण की संजीव झांकी भी सजी और झांकी पर जमकर पुष्पवर्षा कर लोग खूब भजनों पर नाचे। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने हंसा देवी शर्मा को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, निधि शर्मा को संयोजक, राजकुमारी शर्मा, रेखा जोशी, विद्या देवी शर्मा को संरक्षक बनाया है।

इस मौके पर शंभू दयाल शर्मा, हनुमान दास बोहरा, संयोजक विष्णुदत्त खांडल, राजाराम शर्मा, मालपुरा से रामजी लाल शर्मा, निवाई से प्रदीप पारीक, राजेश भट्ट टोडा से इंदु शेखर शर्मा, उनियारा से महेश पारीक, दूनी से मुकुंद भारद्वाज, बम महाराज, पीपलू से पवन शर्मा, हनुमान प्रसाद बोहरा, लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ प्रेमशंकर शर्मा, राजाराम शर्मा, दिनेश तिवारी, विष्णुबाबू शर्मा, विष्णु पारीक, रोहित शर्मा, शंकर गौतम, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, विवेक शर्मा, विशाल शर्मा, दीपक शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज शर्मा, अक्षय बोहरा, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद थे।



मैं फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है, और मैं इसी तरह का प्रदर्शन करता रहूंगा।
- राफेल नडाल

इंडियन वेल्स चैम्पियन, कार्लोस एलकराज़ को हराकर टूर्नामेंट के फायनल में प्रवेश करने के बाद।




**आज का खिलाड़ी ▶ जवागल श्रीनाथ**



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच, जिसका इस्तेमाल भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट के लिए किया गया था, को रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रेफरी जवागल श्रीनाथ ने औसत से नीचे की रेटिंग दी है। आईसीसी पिच और आउटफील्ड निगरानी प्रक्रिया के तहत पिच को एक अवगुण अंक भी दिया गया है। श्रीनाथ ने एक बयान में कहा, पिच में पहले दिन ही काफी टर्न देखने को मिला था, हालांकि हर सत्र के साथ इसमें सुधार हुआ, लेकिन मेरे विचार में यह बल्ले और गेंद के बीच मुकाबला नहीं था।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 10 देशों में से 6 देश ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, भारत और श्रीलंका ने अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के विरुद्ध खेले है।

# महिला विश्वकप में इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड को हरा कर सेमीफाइनल की उम्मीद कायम रखी



ऑकलैंड, 20 मार्च। गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी और फिर नताली साइवर (61) के शानदार अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने यहां रविवार को लॉ स्कोरिंग मैच में न्यूजीलैंड को एक विकेट से हरा कर आईसीसी 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप में खुद को जीवित रखा।

इंग्लैंड ने टॉस जीत कर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और केट क्रॉस (35 रन पर तीन), सोफी एक्लेस्टोन (41 रन पर तीन) और चार्लोट डीन (36 रन पर तीन) की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड को 48.5 ओवर में 203 रन के छोटे स्कोर पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में नताली के पांच चौकों की मदद से 108 गेंदों पर 61, कप्तान हीथर नाइट के चार चौकों के सहारे 53 गेंदों पर 42 और सोफिया डंकले के तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 43 गेंदों पर 33 रन के योगदान की बदौलत 47.2 ओवर में नौ विकेट पर 204 रन बना कर मैच जीत लिया और टूर्नामेंट में खुद की उम्मीदों को जीवित रखा।

न्यूजीलैंड ने हालांकि मैच में इंग्लैंड को पूरी टक्कर दी। एक समय पर जीत न्यूजीलैंड के पक्ष में लग रही थी, लेकिन अंत में उसे विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अनुभवी स्पिन गेंदबाज फ्रांसिस मैके ने घातक गेंदबाजी करते हुए नौ ओवर में 34 रन पर सर्वाधिक चार विकेट चटकाए, जबकि जेस केर ने दो और ली ताहुहु तथा ब्रुक हॉलिडे ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले बल्लेबाजी में मैडी ठीन ने नाबाद अर्धशतक बनाया। उन्होंने चार चौकों और एक छक्के के सहारे 75 गेंदों पर 52 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि कप्तान सोफी डिवाइन ने पांच चौकों की मदद से 48 गेंदों पर 41 रन बनाए। इंग्लैंड की टूर्नामेंट में यह दूसरी जीत है, जबकि न्यूजीलैंड को चौथी हार मिली है।

इंग्लैंड जहां पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक लेकर फिलहाल अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है, वहीं न्यूजीलैंड छह में से महज दो मैच जीत कर चार अंकों के साथ छठे स्थान पर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट प्लस में है, जबकि न्यूजीलैंड माइनस में है। दोनों ही टीमों के लिए प्लेऑफ में क्वालिफाई करने के लिहाज से आगामी मुकाबले बेहद अहम होंगे।

# शेन वार्न का मेलबोर्न में अंतिम संस्कार किया



मेलबोर्न, 20 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न का रविवार को यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान वार्न के तीन बच्चे जैक्सन, ब्रूक और समर, माता-पिता कीथ और ब्रिगेट के साथ-साथ उनके परिवार वाले, क्रिकेट प्रेमी और उनके कई करीबी दोस्त और क्रिकेट जगत की हस्तियां भी मौजूद रहीं।

अंतिम संस्कार में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के साथ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान मार्क टेलर, एलन बॉर्डर और माइकल क्लार्क मौजूद रहे। महान गेंदबाज मर्व ह्यूज और ग्लेन मैकठॉ और वार्न के साथ लंबे समय तक खेल चुके मार्क वॉ और इयान हीली भी यहां उपस्थित रहे।

दिवंगत वार्न के करीबी दोस्त एडी मैकगायर ने वॉर्न की याद में कुछ शब्द कहे। ये आयोजन मूरबिन में हुआ। असल में सेंट किल्डा फुटबॉल क्लब के साथ वार्न का गहरा रिश्ता था, इसलिए उनके लिए एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। मेहमानों को सेंट किल्डा स्कार्फ पहनकर आने के लिए कहा गया था और उनमें से एक जोड़ी स्कार्फ को वार्न के ताबूत में भी लपेटा गया और फिर 1970 के दशक के बिल मेडले और जेनिफर वार्न के हिट अल्बमद टाइम ऑफ माई लाइफ की धुन पर उनके ताबूत को मैदान के चारों ओर चक्कर घुमाया गया। लैप ऑफ ऑनर के तुरंत बाद एक शैंपेन टोस्ट रखा गया। इस बीच मैकगायर ने शोक सभा में मौजूद सभी लोगों से जारे से जयकारे लगाने का आठाह किया। उन्होंने कहा, वार्नी के लिए, वह अद्भुत थे। इसके बाद टीना टर्नर का गान बजाया गया और फिर तालियों की गड़गड़हाट के साथ उन्हें श्रृद्धांजलि दी गई।

उल्लेखनीय है कि 52 वर्षीय वार्न का चार मार्च को थाईलैंड के कोह समुई के थाई रिसॉर्ट द्वीप पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उनकी याद में 30 मार्च को मेलबोर्न क्रिकेट ठाउंड में एक राजकीय शोक सभा रखी गई है। वार्न के सम्मान में मैदान के ठोट सदर्न स्टैंड का नाम भी बदला जाएगा। सेंट किल्डा क्रिकेट क्लब के कोच ग्लेन लालोर ने शनिवार को एएपी के साथ 2000 के दशक में वार्न की यादों को साझा करते हुए कहा था, जब भी शेन उपलब्ध होते थे, वह हमारे साथ खेलना पसंद करते थे, जो बहुत अच्छा लगता था। युवा खिलाड़ियों को एक दिग्गज के साथ खेलते हुए गर्व महसूस होता था। वह सिर्फ एक आम शख्स थे जिन्हें केवल मजा करना पसंद था।

## परिवार, दोस्तों ने शेन वॉर्न को दी अंतिम विदाई

मेलबर्न, 20 मार्च। महान क्रिकेटर शेन वार्न को परिवार, पूर्व टीम के सदस्य और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में रविवार को अंतिम बिदाई दी। दिल का दौरा पड़ने से चार मार्च को शेन वार्न (52) का थाईलैंड में निधन हो गया था। तीस मार्च को मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर अस्ट्रेलिया के लोग श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे।

## मुंबई इंडियंस ने बनाया बायो-सिक्योर 'एमआई एरिना'

मुंबई, 20 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें संस्करण से पहले मुंबई इंडियंस (एमआई) ने खिलाड़ियों और उनके परिवारों तथा कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ के लिए जियो वर्ल्ड गार्डन में एक आउटडोर बायो-सिक्योर



मनोरंजक सुविधा 'एमआई एरिना' की स्थापना की है। फ्रेंचाइजी ने रविवार को एक बयान में कहा, 13 हजार वर्ग मीटर का एमआई एरिना, एमआई के सुरक्षित बायो बबल का एक हिस्सा बनेगा। इसे टीम और व्यक्तिगत तौर पर अनुकूलित किया गया है। इसमें फुटसल ठाउंड, बॉक्स क्रिकेट, अचार बॉल कोर्ट, फुट वॉलीबॉल, एमआई बैटलग्राउंड, गोल्फ ड्राइविंग रेंज, मिनी गोल्फ, एक किड्स जोन और एमआई कैफे हैं। मुंबई इंडियंस के प्रवक्ता ने कहा, एमआई एरिना को टीम को सीजन के दौरान एक-दूसरे से बेहतर तरीके से जोड़ने और जानने के लिए बनाया गया है। साथ ही इसमें अन-विंड और आराम भी है। पिछले दो वर्षों में कई अनूठी चुनौतियां सामने आई हैं, लेकिन हम एक परिवार हैं और सभी को सुरक्षित और खुश रखना एमआई की प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम 27 मार्च को यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना आईपीएल अभियान शुरू करेगी।

## काधे ने एसकेएमई आईटीएफ ओपन में एकल खिताब जीता

बेंगलुरु, 20 मार्च। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत के अर्जुन काधे ने यहां रविवार को केएसएलटीए स्टेडियम में संपन्न एसकेएमई आईटीएफ ओपन के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एवं हमवतन सिद्धार्थ रावत को 6-3, 3-6, 6-1 से हराकर एकल खिताब जीता। 28 वर्षीय काधे ने शनिवार को युगल खिताब जीता था और पिछले हफ्ते भोपाल में एक जीत के बाद बैक टू बैक आईटीएफ खिताब हासिल किया था। काधे ने एसकेएमई आईटीएफ ओपन में एकल खिताब जीतने के बाद कहा कि इन परिस्थितियों में पहला सेट जीतना काफी अहम था। काधे ने जहां मैच में आक्रामक रुख अपनाया, वहीं रावत डिफेंसिव तरीके से खेले और अपने प्रतिद्वंद्वी के गलती करने का इंतजार किया, हालांकि काधे ने कोई गलती नहीं की।

## उदय भान अकादमी ने आर भी स्पोर्ट्स टी-20 का खिताब जीता

नयी दिल्ली, 20 मार्च। यश भाटिया के शानदार 88 रन और यश कुमार के 51 रन के शानदार खेल की मदद से उदय भान क्रिकेट अकादमी ने सेंट स्टीफन क्रिकेट ठाउंड में आरभी स्पोर्ट्स टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में टेलीफांकन क्लब को रोमांचक मैच में 3 विकेट से हराकर ख़िताब अपने नाम किया। हारी हुई टीम से स्वयम कौशिक ने 88 रन, सौरव देसवाल ने 48 रनो की शानदार पारी खेली पर अपने टीम को हार से न बचा पाए। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण टूर्नामेंट सचिव ऋषभ वशिष्ठ ने किया। शानदार खेल के लिए यश भाटिया को मैन ऑफ़ द मैच से सम्मानित किया गया।

## यामागुची ने जीता ऑल इंग्लैंड खिताब

बर्मिंघम, 20 मार्च। दूसरी सीड जापान की अकाने यामागुची ने चौथी सीड दक्षिण कोरिया की एएन सियंग को रविवार को 21-15 21-15 से हराकर प्रतिष्ठित आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल खिताब जीत लिया। यामागुची ने इस एकतरफा मुकाबले को निपटाने में 44 मिनट का समय लगाया और पहली बार यह खिताब जीता। यामागुची की यह सफलता टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल जापान की कामयाबी है।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को उनकी प्रतिभा याद दिलाना चाहते है शॉन टेट



लाहौर, 20 मार्च। पाकिस्तान के गेंदबाज़ी कोच शॉन टेट का कहना है कि उनका काम है अपने गेंदबाज़ों में तीव्रता और आक्रामकता लौटाना और उन्हें अपनी प्रतिभा के बारे में याद दिलाना है। टेट का कहना है कि उनके लिए यह पद उन जैसे व्यक्ति के लिए ''आदर्श'' है।

ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध लाहौर में निर्णायक तीसरे टेस्ट से पूर्व टेट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, ''पाकिस्तान की कई ख़ूबियों में शायद सबसे बड़ी है कि यहां अच्छे तेज़ गेंदबाज़ उभरते हैं। किसी गेंदबाज़ी कोच के लिए यह आदर्श है, क्योंकि आपको प्रतिभाशाली युवाओं के साथ काम करने को मिलता है। इनमें अनुभव भी है लेकिन इनकी उम्र काफ़ी कम है। पिछले एक सप्ताह में इन्हें क़रीब से देखना और समझना ही मेरे लिए काफ़ी मज़ेदार रहा है और उम्मीद है मैं इनकी मदद कर सकता हूं।'' टेट ने कहा,''मुझे कोई विशिष्ट काम नहीं बताया गया है लेकिन जब आप (बल्लेबाज़ी कोच) मैथ्यू हेडन की आक्रामकता की बात करते हैं तो मेरे लिए भी क्रिकेट की शैली ठीक वैसी ही है। तीव्रता और आक्रामकता तेज़ गेंदबाज़ी का अभिन्न अंग है और मैं इन लड़कों को यही सिखा सकता हूं।''

टेट ने क्रिकेट से 2017 में संन्यास लेने के बाद कुछ देर अफ़ग़ानिस्तान टीम के साथ काम किया था। उसके बाद पाकिस्तान के साथ उनका एक साल का अनुबंध हाल ही में शुरू हुआ था। वैसे तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ में टीम के साथ शुरू से ही रहना था लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्होंने टीम को कराची में ही ज्वॉइन किया।

टीम के तेज़ गेंदबाज़ों पर उन्होंने कहा, ''इनमें कोई कमज़ोरी नहीं है, और इस बात की चर्चा यहां ही नहीं ऑस्ट्रेलिया में भी होती है कि पाकिस्तान के पास कितने अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। यहां मेरा काम होगा इन्हें याद दिलाना कि इनमें कितनी प्रतिभा है। कई खिलाड़ी तो कुछ सालों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में है तो कुछ अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यदि एक साल में इनसे अच्छे परिणाम आपको देखने को मिलें तो शायद मैं समझूंगा मैंने इन्हें याद दिलाया है कि यह कितने प्रभावशाली हैं।''

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पाकिस्तान श्रीलंका का दौरा करेगा, जिसके बाद एशिया कप आयोजित होगा और फिर ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप। बाद में इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड से भिड़ना भी बाक़ी है साल के अंत तक। टेट ने कहा, ''इतना व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र शायद ही पहले कभी एक साल में हुआ है। तीनों प्रारूप में काफ़ी सारा क्रिकेट खेला जाएगा और यह टीम के साथ जुड़ने का उचित समय है। मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूप खेलें हैं और मैं इनका दबाव समझ सकता हूं। मेरा काम होगा खिलाड़ियों को इस दबाव से दूर रखने का।''

कराची टेस्ट में पाकिस्तान के गेंदबाज़ों की आलोचना पर उन्होंने कहा, ''गेंदबाज़ी में कोई ख़राबी नहीं थी। नतीजों से साफ़ है कि इन विकेटों पर तेज़ गेंदबाज़ों के लिए काफ़ी मुश्किलें हैं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा हो सकता है और हम अभी नहीं कह सकते अगले मैच में परिस्थितियां कैसी होंगी।''

# सीएसके को नीलामी में असली प्रतिभा मिली : फ्लेमिंग



सूरत, 20 मार्च। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रविवार को कहा कि कुछ मुख्य खिलाड़ियों को खोने के बावजूद नीलामी योजना के अनुसार हुई, जहां टीम ने कुछ वास्तविक प्रतिभा हासिल की।

टीम के मुख्य कोच ने शनिवार को सीएसके के यूट्यूब चैनल पर अपलोड एक वीडियो में कहा, हम सच में खुश हैं कि नीलामी योजना के अनुसार हुई। हमने कुछ खिलाड़ियों को खोया है, लेकिन हमने कुछ वास्तविक प्रतिभा भी हासिल की है। इस साल हमें युवाओं और अनुभव का अच्छा मिश्रण मिला है, इसलिए यह तीन से चार साल के चक्र की दृष्टि से अच्छा है, जिस तरह से नीलामी हुई, उससे हम सच में उत्साहित हैं।

फ्लेमिंग ने टीम में न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों डेवोन कॉनवे, मिचेल सेंटनर और एडम मिल्न के बारे में कहा, खैर, वे सस्ते में आए। वे सभी बहुत कुशल खिलाड़ी हैं। डेवोन कॉनवे के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले कुछ साल अच्छे रहे हैं। मिचेल सेंटनर हमारे लिए एक मजबूत खिलाड़ी रहे हैं और मिल्न से हमें थोड़ी गति मिली है, इसलिए उन तीनों के पास बहुत अच्छी साख और अच्छा कौशल है जो हमारे लिए फायदेमंद साबित होगा। उल्लेखनीय है कि सीएसके ने फरवरी में हुई दो दिवसीय मेगा नीलामी में 45.05 करोड़ रुपए खर्च कर 21 खिलाड़ियों को खरीदा था। कॉनवे को एक करोड़, सेंटनर को 1.9 करोड़ और मिल्न को 1.9 करोड़ रुपए खरीदा गया था।

## पाक के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं : कमिंस



लाहौर, 20 मार्च। पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कप्तान पैट कमिंस ने मैच की पूर्व संध्या पर रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम सोमवार से लाहौर में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए अपरिवर्तित रहेगी।

कमिंस ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले दो मैचों की तरह तीसरे मैच में भी नाथन लियोन और मिचेल स्वेपसन दो स्पिनर होंगे। उल्लेखनीय है कि रावलपिंडी और कराची में श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैच ड्रा पर समाप्त हुए थे।

इस बीच पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि मेजबान टीम लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में विकेट को पूरी तरह से देखने के बाद टीम का फैसला करेगी। गद्दाफी स्टेडियम 13 साल बाद टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

कमिंस ने कहा, हम सच में खुश हैं कि सभी 11 खिलाड़ी पिछले टेस्ट में बहुत अच्छा खेले। सभी ने अच्छी तरह से चीजों को परख लिया है। हमने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ अतिरिक्त दिन दिए हैं कि सभी अच्छे तरीके से आएं। हमं चोट की कोई चिंता नहीं है। हर कोई तरोताजा है, इसलिए हमें अपनी प्लेइंग इलेवन (एकादश) पर भरोसा है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, हमें ऐसा लगता है कि हमने सभी मूलभूत चीजों को कवर कर लिया है, जरूरत पड़ने पर हम अच्छे से प्रतिक्रिया दे सकते हैं, चाहे वह रिवर्स स्विंग हो या बाद में मिल रही स्विंग। मुझे लगता है कि जो स्पष्ट हो गया है वह यह है कि क्या हम जिस तरीके से खेले हैं वह सही तरीका है। मैं सच में खुश हूं कि हर कोई अपने काम और रणनीति के बारे में बहुत स्पष्ट है। मुझे लगता है कि यहां बात सिर्फ कुछ अवसरों को भुनाने की है।

## सैफ अंडर-18 महिला चैम्पियनशिप में भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया

जमशेदपुर, 20 मार्च। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां सैफ अंडर-18 महिला चैंपियनशिप के रोमांचक मैच में पड़ोसी बंगलादेश के खिलाफ 1-0 से यादगार जीत दर्ज की। मैच कितना रोमांचक रहा, इसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि पूरे मैच में एकमात्र गोल हुआ जो भारतीय डिफेंडर नीतू लिंडा ने दूसरे हाफ में 63वें मिनट में किया। बंगलादेशी गोलकीपर रूपमा चकमा लिंडा के इस शॉट पर चकमा खा गईं और बॉल को गोलपोस्ट में जाने से नहीं रोक पाईं। इस जीत के साथ भारत छह अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। भारतीय टीम ने अब तक दो मैच खेले हैं और दोनों जीते हैं। वहीं गत चैंपियन बंगग्लादेश तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि नेपाल अपने दोनों मैच हार कर तीसरे स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि भारत ने 15 मार्च को टूर्नामेंट के पहले मैच में नेपाल को एकतरफा अंदाज में 7-0 से हराया था। इसमें कोई दोराय नहीं है कि बंगलादेश के खिलाफ यह प्रदर्शन भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था।

# दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को हरा सीरीज 1-1 से बराबर की



जोहानसबर्ग, 20 मार्च। पहले वनडे में मिली करारी हार के झटके से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका ने तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश को दूसरे वनडे में रविवार को 76 गेंद शेष रहते सात विकेट से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने कैगिसो रबादा (39 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से बांग्लादेश को 50 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन के स्कोर पर रोक दिया। दक्षिण अफ्रीका ने फिर 37.2 ओवर में तीन विकेट पर 195 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल कर ली। रबादा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दक्षिण अफ्रीका की पारी में क्विंटन डी कोक ने 41 गेंदों में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 62, काइल वेरेन ने 77 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 और कप्तान तेम्बा बावुमा ने 39 रन बनाये। इससे पहले बांग्लादेश की पारी में अफ़िफ़ हुसैन ने 107 गेंदों में नौ चौकों के सहारे 72 रन बनाये।

# कोलकाता जिस आक्रामक शैली के लिए जाना जाता है, मेरी मानसिकता भी ठीक वही है : श्रेयस अय्यर



मुंबई, 20 मार्च। कोलकाता नाइट राइडर्स के नए कप्तान श्रेयस अय्यर को इस टीम का आक्रामक अंदाज़ पसंद है जिसके दम पर ही कोलकाता पिछले सीज़न में फ़ाइनल तक पहुंची थी। हालांकि पहले सात मैचों में से कोलकाता को केवल दो ही मैच में जीत मिली थी लेकिन उनकी आक्रामक शैली जारी रही और फिर फ़ाइनल तक का सफ़र इस टीम ने तय किया।

इसका श्रेय जाता है कोलकाता के प्रमुख कोच ब्रेंडन मैक्कलम को, जिन्होंने 2015 विश्वकप में अपनी कप्तानी में न्यूज़ीलैंड को फ़ाइनल तक ले गए थे। केकेआर की आधिकारिक वेबसाइट के साथ बातचीत में श्रेयस ने कहा,''केकेआर हमेशा से ही आक्रामक क्रिकेट के लिए जानी जाती है। पहली गेंद से ही उनका इरादा आक्रमण का होता है और विपक्षी टीम को बैकफ़ुट पर धकेलने के लिए तैयार रहते हैं। ज़ाहिर है इसके लिए आपकी सोच भी ऐसी ही होनी चाहिए, और मैं भी ठीक ऐसी ही सोच रखता हूं। अब जब मैं इस टीम की कप्तानी करूंगा तो उम्मीद करूंगा कि टीम का प्रत्येक खिलाड़ी भी इसी सोच के साथ मैदान में उतरे।''

श्रेयस ने कहा,''कोलकाता की टीम जिस शैली की क्रिकेट सालों से खेलती आ रही है, वह शानदार है। जैसा मैंने पहले कहा कि मेरी भी मानसिकता ठीक वैसी है - मैदान में जाकर हमें जितना मुमकिन हो सके खुलकर खेलना है, ताकि जब मैदान से वापस लौटने के बाद किसी तरह का मलाल न रहे। आप जो भी करें, पहले टीम के लिए करें और ख़ुद को टीम के बाद रखें। एक कप्तान के तौर पर मैं इसी मानसिकता के साथ उतरूंगा।''

श्रेयस इस समय बेहतरीन फ़ॉर्म में नज़र आ रहे हैं, श्रीलंका के ख़िलाफ़ दूसरे और आख़िरी टेस्ट में श्रेयस ने दोनों ही पारियों में अर्धशतक जड़ा था। इससे पहले श्रीलंका के ख़िलाफ़ हुई टी20आई सीरीज़ के सभी मैचों में श्रेयस के बल्ले से नाबाद अर्धशतक आए थे। 20 सीरीज़ में विराट कोहली की ग़ैरमौजूदगी में श्रेयस नंबर-3 पर बल्लेबाज़ी कर रहे थे और उन्हें प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ से भी नवाज़ा गया था। इंडियन प्रीमियर लीग में भी श्रेयस ने 87 पारियों में 41 बार नंबर-3 पर ही बल्लेबाज़ी की है, इस दौरान उन्होंने 30.64 के औसत और 125.44 के स्ट्राइक रेट से 1134 रन बनाए हैं।

श्रेयस ने स्वीकार किया कि कोलकाता के लिए भी उनकी पहली पसंद नंबर-3 पर ही बल्लेबाज़ी करना है लेकिन टीम के लिए वह किसी स्थान पर बल्लेबाज़ी करने से पीछे नहीं हटेंगे। श्रेयस ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा, ''मुझे लगता है टीम के सभी खिलाड़ियों को अपनी ज़िम्मेदारियों के बारे में पता होना चाहिए - आप जाएं और जीत के लिए खेलें न कि दूसरे खिलाड़ियों के ऊपर निर्भर हों। व्यक्तिगत तौर पर मुझे नंबर-3 स्थान पसंद है, क्योंकि मैंने वहां कई सालों से खेला है और सफल भी रहा हूं।

## निक्सन और सिद्धू की टीमों ने 3 बीएल फिनाले नॉकआउट में प्रवेश किया

चंडीगढ़, 20 मार्च। राष्ट्रीय टीम की खिलाड़ी, स्टेफी निक्सन (कोच्चि स्टार्स) और रसप्रीत सिद्धू (दिल्ली दिवस) ने अपनी टीमों को 3बीएल महिला लीग 2022 के फिनाले राउंड के नॉकआउट चरण में पहुंचा दिया। 3बीएल भारत में एकमात्र 33 प्रोफेशनल बास्केटबॉल लीग है जिसे बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) द्वारा मान्यता प्राप्त है। सेमीफाइनल में कोच्चि और दिल्ली की टीमों के साथ लुधियाना क्वींस और जयपुर रीगल्स ने अपनी जगह बनाई है। 3बीएल का यह तीसरा सीज़न 8 से 21 मार्च 2022 तक विन्धम होटल मोहाली में खेला जा रहा है और इसमें 33 बास्केटबॉल प्रारूप के शीर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुष और महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

इस फिनाले राउंड 6 में आते हुए, निक्सन की नेतृत्व वाली गत चैंपियन, कोच्चि स्टार्स और सिद्धू की नेतृत्व वाली दिल्ली दीवास ने अपने बीच में बाकी सभी 5 प्रारंभिक राउंड खिताब जीते हैं जिसमें कोच्चि के खाते में दो राउंड वहीं दिल्ली के खाते में तीन राउंड आये।

कल खेले जाने वाले सेमीफाइनल में कोच्चि स्टार्स का सामना 2021 में पद्मश्री विजेता अनीता पॉलदुरई की कप्तानी वाली जयपुर रीगल्स से होगा जबकि दिल्ली दीवास का सामना प्रतियोगिता भाग ले रही पंजाब की एकमात्र टीम लुधियाना क्वींस के खिलाफ होगा। इस बीच अर्जुन अवार्डी, गीतू अन्ना राहुल के नेतृत्व में कोयंबटूर स्पंकीज़ और भारत की पूर्व खिलाड़ी स्मृति राधाकृष्णन की पुणे पैंथर्स अपने दोनों ठ्रुप स्टेज गेम हारने के बाद बाहर होने वाली पहली दो टीमें बन गईं।



इस वर्ष फरवरी के आरंभ में नॉर्वे के स्मोला आइलैण्ड पर, पांच फुट की एक मिनिएचर नौका देखी गई। चौर सौ बासठ दिनों में एटलांटिक पार कर 8000 मील की यात्रा करने वाली इस नौका को न्यूहैम्पशायर के विद्यार्थियों ने वर्ष 2020 में बनाया था। राय जूनियर हाई स्कूल के छात्रों ने ''एजुकेशन पैसेज'' नाम की एन.जी.ओ. के साथ मिलकर एक साईन्स प्रोजैक्ट के तहत यह नौका बनाई थी। ''राय रिप्टाइड्स'' नाम की अपनी नौका को छात्र सजाने ही वाले थे, कि तभी कोविड की वजह से उन्हें घर भेज दिया गया। बच्चे बेहद निराश हुए, पर उन्होंने ऑनलाइन काम जारी रखा और अपने टीचर को अपना आर्टवर्क भेजा, जिसका प्रिंट लैमिनेट करवाकर एक कोलाज के रुप में नौका के डैक पर चिपका दिया गया। एजुकेशनल पैसेज की डायरैक्टर, कैसी स्टायमिस्ट ने कहा कि ''पूरी गर्मी हमने साथ मिलकर यह ढूंढने का प्रयास किया कि कोई हमारी नौका को गल्फ ऑफ मेन से आगे समुद्र तक ले जाए, लेकिन तमाम प्रतिबंधों की वजह से यह काम बहुत मुश्किल था। इसलिए हमने पतझड़ तक इंतजार किया और नई कक्षा 5 को भी इस प्रोजैक्ट से जोड़ा। नौका में मिडिल स्कूल के बच्चों की तस्वीरें, उनके हस्ताक्षर युक्त फेसमास्क, पतझड़ की पत्तियां, एकॉर्न आदि रखे गए, और फिर 25 अक्टूबर 2020 को नौका को समुद्र में छोड़ दिया गया। नौका में जी.पी.एस. फिट था, जिससे उसकी लोकेशन मालूम हो जाती थी, जिसे विद्यार्थी नक्शे में दर्ज करते रहते थे। दस माह बाद समुद्र में आए तूफान की वजह से जी.पी.एस. कनैक्शन गड़बड़ा गया। नाव से आखिरी बार 30 सितम्बर 2021 को उसका लोकेशन मिला था। चार माह बाद फिर नौका से संकेत मिला कि यह नॉर्वे में एक निर्जन द्वीप स्मोला आइलैण्ड पर है। एन.जी.ओ. ने फेसबुक के माध्यम से वहां के निकटवर्ती स्कूल को नौका का पता लगाने के लिए संदेश भेजा। हालांकि स्कूल की छुट्टियां थीं लेकिन स्कूल ने एक कम्युनिटी ग्रुप को यह संदेश भेज दिया। छठी क्लास के एक विद्यार्थी करैल और उसकी मां ने संदेश देखा और एक फरवरी को करैल और उसके माता -पिता स्मोला आइलैण्ड गए, जहाँ तट पर उन्हें यह नाव मिल गई।

# सालासर मार्ग पर राम दरबार लगा प्रवेश द्वार तोड़ने के मामले ने पकड़ा तूल

## भाजपा बहुत तेजी से हरकत में आई, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को सुजानगढ़ भेजा

- केंद्र स्तर पर मामला उठने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों व क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने आधिकारिक बयान नहीं दिया।
- रविवार रात को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और संवेदक के द्वारा राम दरबार के प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया।

सुजानगढ़, 20 मार्च (निसं)। सालासर मार्ग पर गत 15 मार्च रामदरबार सहित बना प्रवेश द्वार तोड़ने के मामले ने रविवार को जमकर तूल पकड़ लिया।

मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित प्रदेश भर के भाजपा नेताओं ने ट्वीट कर व सोशल मीडिया पर प्रवेश द्वार पर लगा रामदरबार तोड़कर हिंदू धर्म और आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस को जमकर घेरा।

केंद्र स्तर पर मामला उठने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों व क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने आधिकारिक बयान नहीं दिया। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने भी डेमेज कंट्रोल का प्रयास नहीं किया।

भाजपा ने प्रदेश उपाध्यक्ष को भेजा सुजानगढ़ : इस पूरे प्रकरण के बाद रणनीति बनाने के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को सुजानगढ़ भेजा। जिन्होंने स्थानीय भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच ने कहा कि, सोमवार को चुरू जिले के प्रत्येक उपखंड कार्यालय पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ इस कृत्य के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष पुजारी ने कहा कि, अधिकारी व ठेकेदार सार्वजनिक मंच से माफी मांगें तथा लिखित में ठेकेदार व अधिकारी माफी मांगकर पुनः प्रवेश द्वार बनाकर रामदरबार स्थापित करें। इस मामले को लेकर उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी सुजानगढ़ में बड़ी जनसभा कर प्रदर्शन करेंगे। इसी दौरान विश्व हिंदू परिषद व भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने भी हो गए। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता यशपाल ने कहा कि पहले तो वे कार्यकर्ता माफी मांगे जिन्होंने अधिकारियों से समझौता किया।

जिस पर मनीष दाधीच सहित कई कार्यकर्ताओं ने इस बात का विरोध किया। जिसके बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कार्यकर्ताओं को शांत करते हुए कहा कि यह भगवान राम से जुड़ा मामला है। इसमें कोई क्रेडिट के लिए हम नही लड़ रहे हैं, हम भगवान श्री राम के स्वाभिमान के लिए लड़ रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष वासुदेव चावला ने कहा कि कभी मेंढ क एक थाली में नही टिक सकते है। कृपया इस सभा को सब्जी मंडी नहीं बनाए। इसके बाद विहिप कार्यकर्ता मुकेश दाधीच के संबोधन के बाद कार्यालय से बाहर चले गए व जय श्री राम के नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, विष्णु त्रिवेदी, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बी. एल भाटी, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, मंडल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, राजेंद्र नायक सहित भाजपा पदाधिकारी मंचस्थ थे। इस अवसर पर गणेश मंडावरिया, पार्षद दीनदयाल पारीक, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज घासोलिया, कमल दाधीच, राजकुमार पारीक, भंवरलाल सामोता, मनोज भानेज, मनोज पारीक सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

ये है मामला : सुजानगढ़ में सालासर मार्ग जाने वाले मार्ग पर गत15 मार्च मंगलवार की रात को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य के लिए तकनीकी कारण बताते हुए प्रवेश द्वार जेसीबी की मदद से तोड़ दिया था। जिस पर राम दरबार स्थापित था जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। वहीं 16 मार्च की शाम को भाजपा ने रास्ता जाम किया, इसके बाद 16 मार्च की रात को पीडब्ल्यूडी विभाग के एईएन बाबूलाल वर्मा ने माफी मांगी। वहीं वार्ता के दौरान उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में नया स्वागत द्वार बनाने व राम मंदिर की मूर्तियां स्थापित करने पर सहमति बनी थी और धरना समाप्त हुआ था।

वहीं पूरे विवाद के बाद रविवार रात को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और संवेदक के द्वारा सड़क के निर्माण कार्य के साथ राम दरबार के प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया।

मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन एमपी सिंह का कहना है कि हम इस राम दरबार सहित प्रवेश द्वार को पहले से भव्य बनाकर सुजानगढ़ की जनता को लोटायेंगे।

## 'रूस और यूक्रेन सुलह के लिए तैयार हैं'

- तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लू ने दावा किया कि, दोनों देश चार मुख्य बिन्दुओं पर सहमत हो चुके हैं।

अंकारा, 20 मार्च (वार्ता-स्पूतनिक)। तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लू ने रविवार को कहा कि, रूस और यूक्रेन विकट समेत सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर मेल मिलाप के लिए तैयार हो गये हैं। तुर्की के समाचार पत्र हुर्रियत ने कावुसोग्लू ने हवाले से कहा कि, हमने देखा कि दोनों ही देश पहले चार बिंदुओं पर तो एकमत हो गये लेकिन कुछ मुद्दों को नेताओं के स्तर से ही सुलझाये जाने की जरूरत है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि तुर्की इस बात के लिए भी तैयार है कि रूस, तुर्की और यूक्रेन के नेताओं के बीच समस्या के समाधान के लिए एक त्रिपक्षीय वार्ता की जाए। हम चाहते हैं कि, इस मामले में त्रिपक्षीय वार्ता हो लेकिन अंटाल्या में कोई भी बातचीत तभी होगी जब दोनो पक्ष इसके लिए अनुरोध करें।

# कांग्रेस विधायक के साथ रीट पेपर लीक मामले के आरोपी की फोटो वायरल हुई

## 'रीट पेपर चोरों की होली धूमधाम से विधायकों के साथ मनाई जा रही है, बेरोजगार अच्छे अंक लाकर वापस एग्ज़ाम देगा'

- उपेन यादव सहित कई लोगों ने इस मामले में सोशल मीडिया पर सरकार की कड़ी आलोचना की है।

जयपुर, 20 मार्च (का.प्र.)। राजस्थान में रीट पेपर लीक विवाद में राजस्थान सरकार ने मंत्रियों पर आरोप लगने के बाद रीट लेवल-2 की परीक्षा रद्द कर दी थी, लेकिन अब एक तस्वीर सामने आने के बाद राजनीतिक बवाल मच गया है। इस फोटो में रीट पेपर लीक मामले का आरोपी ठेकेदार कांग्रेस विधायक की होली पार्टी में विधायक के साथ मौजूद है और यह फोटो बाकायदा अखबारों में प्रकाशित हुई है। इसके बाद फिर से रीट पेपर लीक मामला सुर्खियों में आ गया है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही रीट पेपर लीक मामले में आरोपियों की जमानत हुई है और जमानत के तुरंत बाद एक आरोपी ठेकेदार ने बड़े अखबारों में होली बधाई के विज्ञापन भी प्रकाशित करवाएं हैं। वहीं आरोपी भजनलाल विश्नोई धुलंडी के दिन कांग्रेस विधायक पदमाराम मेघवाल के आवास पर होली की बधाई देने पहुंचे और कांग्रेस विधायक के साथ में आम लोगों से मुलाकात भी की है। होली से 2 दिन पहले ही भजनलाल जमानत पर रिहा हुआ था। विधायक पदमाराम मेघवाल के साथ बैठे भजनलाल की फोटो अखबारों के साथ ही अब सोशल मीडिया पर शेयर हो रही है।

दरअसल, बाड़मेर जिले के चौहटन विधायक पदमाराम मेघवाल के घर पर होली के स्नेह मिलन कार्यक्रम में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए थे। इसमें रीट पेपर लीक मामले का आरोपी भजनलाल बिश्नोई भी पहुंचा। सोशल प्लेटफार्म पर यूजर्स विधायक पदमाराम व ठेकेदार भजनलाल के साथ फोटो पोस्ट कर यूजर असलम ने लिखा कि बोलने के लिए कुछ शब्द नहीं हैं। रीट पेपर चोरों की होली धूमधाम से विधायकों के साथ मनाई जा रही है और बेरोजगार अच्छे अंक लाकर वापिस एग्जाम देगा।

एक अन्य यूजर आयुषी नेगी ने लिखा है कि रीट मामले में बेरोजगार का साथ देने की बजाय नेता लोग आरोपियों के साथ होली मिलन कर रहे हैं। ये दर्शाता है कि इस मामले को लेकर एस.ओ.जी. के साथ-साथ सरकार भी कितनी गंभीर है। लगता है इस मामले को भी धीरे-धीरे दबाया जा रहा है।

उपेन यादव ने लिखा कि रीट पेपर चोरी आरोपी की खुलेआम पार्टी। चौहटन कांग्रेस विधायक पदमाराम मेघवाल के होली मिलन समारोह में रीट पेपर लीक मामले में 3 दिन पहले जमानत पर रिहा होकर आया आरोपी भजनलाल विश्नोई भी समारोह में पहुंचा बताया जा रहा है। यह सरकारी की बड़ी नाकामयाबी है। वहीं विजेंद्र सोलंकी ने लिखा है कि जब तक कठोर कानून नहीं होगा, यू ही पार्टियां चलती रहेगी। यह कमजोर कानून का दुःखद परिणाम है।



विधायक परसराम मेघवाल के घर होली स्नेह मिलन समारोह में पहुंचा रीट पेपर लीक मामले का आरोपी।

## यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लंबा खींचे जाने से परेशान हुआ रूस?

- कई देशों व रक्षा विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि, अब हड़बड़ी में आकर रूस यूक्रेन पर परमाणु बमों से हमला कर सकता है।

मॉस्को, 20 मार्च। यूक्रेन और रूसी सैनिकों के बीच जंग ने अब खतरनाक मोड़ ले लिया है, पच्चीस दिन बीत जाने के बाद अब रूस की छटपटाहट बढ़ने लगी है। वहीं दूसरी तरफ हथियारों की कमी से जूझ रहे रूसी सैनिकों ने अब हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। रूसी सैनिकों को सिर्फ हथियार कम होने ही नहीं अपने लगातार कम होते संख्याबल का डर भी सता रहा है। पश्चिमी देशों को डर है कि अपने सैनिकों की जंग में हो रही लगातार मौत के बीच रूस कभी भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। उधर, यूक्रेन सरकार का दावा है कि इस जंग में यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के दांत खट्टे कर दिए हैं। अब तक इस जंग में रूस के 14700 सैनिकों की मौत हो चुकी है।

रूस और यूक्रेन के बीच जंग का रविवार को 25वां दिन है। शनिवार से रूसी सैनिकों ने यूक्रेन की धरती पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला करना शुरू कर दिया है। अब तक रूस इस तरह की दो मिसाइलों का इस्तेमाल कर चुका है। इन मिसाइलों को परमाणु बम ले जाने के लिए भी जाना जाता है। हालांकि रूस ने अभी परमाणु बमों का इस्तेमाल करना शुरू नहीं किया है।

# सुजुकी ई.वी. निर्माण के लिए 104.4 अरब रु. का निवेश करेगी

- सुजुकी कंपनी गुजरात में इलैक्ट्रिक व्हीकल व बैटरी निर्माण का प्लांट लगायेगी।

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता)। जापान की वाहन निर्माता कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एस.एम.सी.) भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और बैटरी के स्थानीय विनिर्माण के लिए 104.4 अरब रुपए का निवेश करेगी और इसके लिए उसने गुजरात के साथ करार किया है।

कंपनी ने रविवार को जारी बयान में बताया कि उसने 19 मार्च 2022 को यहां आयोजित भारत-जापान आर्थिक मंच में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गुजरात राज्य के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। वह इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के स्थानीय विनिर्माण के लिए 10,440 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

उसने बताया कि एस.एम.सी. सुजुकी मोटर गुजरात में इलेक्ट्रिक वाहनों की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए वर्ष 2025 में 31 अरब रुपए और इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी विनिर्माण का एक संयंत्र स्थापित करने के लिए 7300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

साथ ही वाहनों के रीसाइक्लिंग संयंत्र निर्माण के लिए वर्ष 2028 में 45 करोड़ रुपए निवेश करने की भी योजना है।

एस.एम.सी. के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशिहीरो सुजुकी ने कहा, ''छोटी कारों के साथ कार्बन तटस्थता हासिल करना एस.एम.सी. का भविष्य का मिशन है। आत्मनिर्भर भारत के लिए हम लोग भारत में लगातार निवेश कर रहे है।''

इस मौके पर तोशीहिरो सुजुकी, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी केनिची आयुकावा के साथ ही भारत और जापान के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जजों को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को शनिवार को तिरुनेलवेली में गिरफ्तार किया गया जबकि जमाल मोहम्मद उस्मानी को तंजावुर में हिरासत में लिया गया। रहमतुल्लाह तमिलनाडु तौहीद जमात के नेता हैं। वह एक वीडियो में कर्नाटक उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को मारने की धमकी देते हुए दिखाई दे रहे थे, जिन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में कक्षाओं के दौरान हिज़ाब पहनने के खिलाफ फैसला सुनाया था। वह वीडियो में कह रहे हैं कि कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का वही हाल होगा जैसा झारखंड में सुबह की सैर पर निकलने के दौरान मारे गए एक न्यायाधीश के साथ हुआ था। रहमतुल्ला ने मदुरैई में एक जनसभा में जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों टीएनटीजे मदुरैई के जिला अध्यक्ष हबीबुल्लाह और उपाध्यक्ष आसन बत्शाह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

# पंजाब के बाद अब राजस्थान में भी पैर पसारने की तैयारी में आप

- राजस्थान में आप ने संगठनात्मक चुनावी तैयारियां तेजी से शुरु की, जयपुर में 26-27 मार्च को सम्मेलन आयोजित करेगी पार्टी।

नई दिल्ली, 20 मार्च। पंजाब में सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी अब पार्टी को राजस्थान में मजबूत करके अगले विधानसभा चुनावों में एक बड़ा उलटफेर करने की तैयारी कर रही है। पंजाब के बाद केजरीवाल की टीम राजस्थान के लिए पूरी मेहनत के साथ जुट गई है।

गौरतलब है कि, राजस्थान में वर्ष 2023 में विधानसभा होने वाले हैं। अगले साल होने वाले चुनाव से पहले आप ने राज्य में संगठन को मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है और अब जयपुर में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है।

आप के नेताओं के अनुसार, पार्टी राजस्थान में संगठन को मजबूत करने के लिए जयपुर में 26-27 मार्च को दो दिवसीय राज्य स्तरीय विजय उत्सव सम्मेलन करेगी। इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। आप के राजस्थान में राज्य सह प्रभारी खेमचंद जागीरदार ने बताया कि पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी है। राजस्थान पंजाब का पड़ोसी राज्य है और दिल्ली के भी करीब है, इसलिए राज्य में संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी 26 और 27 मार्च को दो दिवसीय राज्य सम्मेलन आयोजित करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि, आम आदमी पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर पर आगे ले जाने और अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी की रणनीति पर चर्चा करने के लिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। राजस्थान में 2023 के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। जागीरदार ने कहा कि, राजस्थान में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी।

## कोविशील्ड की दो डोज़ के बीच का गैप

- सरकार ने 8 हफ्ते के बाद कोविशील्ड की दूसरी डोज़ लगाने का प्लान तैयार किया।

नई दिल्ली, 20 मार्च। भारत में चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर नैशनल टैक्निकल एडवायजरी ग्रुप ऑफ इंडिया (एन.टी.ए.जी.आई) ने कोविड-19 टीके कोविशील्ड की दूसरी खुराक पहली खुराक के 8 से 16 सप्ताह के बीच देने की सिफारिश की है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। फिलहाल कोविशील्ड की दूसरी खुराक पहली खुराक के 12-16 सप्ताह के बीच दी जाती है।

टीकाकरण पर एन.टी.ए.जी.आई. ने अभी तक भारत बायोटेक के कोवैक्सीन की खुराक देने की अवधि में कोई बदलाव का सुझाव नहीं दिया है, जिसकी दूसरी खुराक पहली खुराक के 28 दिन बाद दी जाती है। कोविशील्ड के बारे में सिफारिश को अभी तक राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में लागू नहीं किया गया है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, एन.टी.ए.जी. आई. की नवीनतम सिफारिश प्रोग्रामेटिक डेटा से प्राप्त हालिया वैश्विक वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित है।

## शरद यादव ने अपनी पार्टी का आर.जे.डी. में विलय किया

पटना, 20 मार्च। बिहार राजनीति की जानी-मानी शख्सियत शरद यादव ने आज अपनी राजनीतिक विरासत को तेजस्वी यादव को सौंप दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार का भविष्य तेजस्वी यादव हैं। रविवार को इस कार्यक्रम में शरद यादव के अलावा पार्टी के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। 2018 में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से अलग होकर शरद यादव ने अपने नई राजनीतिक पारी खेलनी शुरु की थी और लोकतांत्रिक जनता दल पार्टी बनाई थी।

इस मौके पर शरद यादव ने कहा कि ये एक नई शुरुआत है। ''ये विलय व्यापक एकता के लिए पहला कदम है। इसमें हमने अपनी पहल कर दी है, पूरे देश के विपक्ष तो एक होकर ही बीजेपी को हराया जा सकता है।

# इजराइल के प्रधानमंत्री नैफ्ताली बैनेट दो अप्रैल को भारत आयेंगे

## इजराइल के प्रधानमंत्री बैनेट की दुनिया के किसी भी देश की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है

- गौरतलब है कि, इससे पहले गत 19 मार्च को जापान के प्रधानमंत्री भी भारत आ चुके हैं और भारत को 3.2 लाख करोड़ रू. से भी अधिक के निवेश की सौगात दे चुके हैं।
- इजराइल के प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित की गई है।

यरुशलम/ नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता)। जापन के प्रधानमंत्री कीशीदा फूमीयो की भारत यात्रा के बाद अब देश को एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर इजरायल के प्रधानमंत्री नैफ्ताली बेनेट दो अप्रैल से भारत की यात्रा पर हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी ट्वीट में कहा गया है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर इजरायल के प्रधानमंत्री नैफ्ताली बेनेट दो अप्रैल को भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री ने भी ट्वीट किया, अपने मित्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर अपनी पहली ही आधिकारिक यात्रा पर भारत जाने को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं।

इजरायली सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया, दोनों देशों के बीच संबंधों के स्थापित होने के 30 साल पूरे होने के अवसर पर यह यात्रा होगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर दो अप्रैल 2022 से इजरायल के प्रधानमंत्री नैफ्ताली बेनेट भारत की यात्रा पर रहेंगे।

इससे पहले दोनों नेताओं के बीच ग्लास्गो में पिछले साल अक्टूबर में हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से इतर मुलाकात हुई थी। उस दौरान मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आने का न्योता दिया था। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना है और यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेता नवाचार, अर्थव्यवस्था, विकास एवं अनुसंधान, कृषि और इससे जुड़े कई अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग को मजबूती देने पर बात करेंगे। यात्रा के दौरान इजरायली प्रधानमंत्री मोदी के अलावा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और देश में यहूदी समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

बेनेट के हवाले से एक आधिकारिक बयान में कहा गया मोदी ने भारत और इजरायल के संबंधों को फिर से शुरू किया जिनका ऐतिहासिक महत्व है। यह दो सर्वथा अलग संस्कृतियों का संबंध है, चाहे भारतीय संस्कृति हो या इजरायली दोनों ही बहुत गहरी हैं और दोनों ही अर्थपूर्ण सहयोग को प्रश्रय देती हैं। बहुत से ऐसी चीजें हैं जो हम भारतीयों से सीख सकते हैं और हम इसके लिए प्रयासरत हैं। हम दोनों मिलकर अन्य क्षेत्रों जैसे नवाचार और तकनीक, सुरक्षा और साइबर के साथ साथ कृषि और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और विस्तार देंगे।

गौरतलब है कि, गत 19 मार्च को जापान के प्रधानमंत्री कीशीदा फूमियो अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत आये थे। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई मुलाकात में जापान द्वारा भारत में 3.2 लाख करोड़ रु. के निवेश की सहमति बनी है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908